सेंसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.173 ▼ -0.094

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 12.0 | 14.0 |
| धनबाद | 26.0 | 14.0 | 17.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 13.0 | 17.0 |
| पलामू | 25.0 | 13.0 | 16.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 25 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 318, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय 2024 के अंतरिम वोट ऑन अकाउंट बजट ... 8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

भारत ने हैथी उग्रवादियों पर निगरानी के लिए ...12 देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 81,000

## एक नजर

### आईपीएस अधिकारियों को 31 तक देना होगा संपत्ति का विवरण

**रांची।** आईपीएस अधिकारियों को 31 जनवरी तक अपनी अचल संपत्ति का विवरण देना होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक, सभी आईपीएस अधिकारियों को 31 दिसंबर तक अर्जित अचल संपत्ति का विवरण देने को कहा गया। अचल संपत्ति का विवरण नहीं देने वाले अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नहीं जा पाएंगे, साथ ही उन्हें विजिलेंस क्लीयरेंस भी नहीं मिल पाएगा। ऐसे में सभी पदाधिकारियों को अचल संपत्ति का विवरण देना होगा।

### परिवार को बंधक बनाने का आरोप, दो गिरफ्तार

**रांची।** तुपुदाना पुलिस ने एक परिवार के सदस्यों और कर्मियों को बंधक बनाकर पीटने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों ने पंकज कुमार और बेलाल शामिल है। मामले में मुर्गी फार्म की संचालिका अनीता देवी ने तुपुदाना ओपी में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। अनिता ने पुलिस को बताया कि तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बुकरू में उनका मुर्गी फार्म है। 22 दिसंबर को दो अपराधी उनके फार्म में पहुंचे और उनके मजदूरों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद उन्हें और उनके पुत्र को भी पकड़ लिया। पिस्टल सटाकर धमकी दी कि शोर मचाया तो गोली मार देंगे। उनके पति अमरेश कुमार को बुलाने की बात कह रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए। घेराबंदी कर ग्रामीणों ने दोनों अपराधियों को पकड़ लिया और तुपुदाना पुलिस के हवाले कर दिया।

### तेलंगाना विवि ने रैगिंग के आरोप में 80 लड़कियों को किया निलंबित

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक विश्वविद्यालय की 80 पीजी महिला छात्रों को छात्रावास से एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि इन 80 छात्राओं पर कथित तौर पर अपने जूनियरों पर 'गाने और डांस' करने का दबाव डालने का आरोप लगा है। हाल ही में एक परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके बाद वारंगल जिले के काकतीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्राणीशास्त्र विभागों के पोस्ट ग्रेजुएट के कुछ छात्रों ने 18 दिसंबर को फिर से अपने जूनियरों से संस्थान के महिला छात्रावास में अपना परिचय देने के लिए कहा। जूनियर्स ने ऐसा करने से मना कर दिया और इस मामले पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों से शिकायत की। शिकायत में जुनियर्स ने आरोप लगाया कि उनके वरिष्ठ छात्रों ने उन पर गाने और डांस करने के लिए 'दबाव' डाला था।

# श्री बंशीधर मंदिर में 1280 किलो सोने से बनी है भगवान कृष्ण की मूर्ति

### झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर बांकी नदी के किनारे अवस्थित है श्री बंशीधर मंदिर

### मंदिर के शिखर पर लिखित इतिहास के अनुसार संवत 1885 में रानी शिवमणि देवी ने कराया था मंदिर का निर्माण





**आरएनएम। श्री बंशीधर नगर**

गढ़वा जिले के अनुमंडल मुख्यालय श्री बंशीधर नगर स्थित श्री बंशीधर मंदिर एक ऐतिहासिक धरोहर है। कहा जाता है कि मंदिर में 32 मन यानी 1280 किलो शुद्ध सोने से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ वाराणसी से मंगाया गया अष्टधातु का मां राधिका की प्रतिमा स्थापित है। झारखंड, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर श्री बंशीधर मंदिर बांकी नदी के किनारे अवस्थित है। यहां प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने में एक माह तक आकर्षक एवं विशाल मेला लगता है। वहीं नव वर्ष पर यहां बड़ी संख्या में दर्शनार्थी भगवान का आशीर्वाद लेने आते हैं।

मंदिर के प्रस्तर लेख और पुजारी स्वर्गीय रिद्धेश्वर तिवारी के द्वारा मंदिर के शिखर पर लिखित इतिहास के अनुसार संवत 1885 में श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त नगर गढ़ के महाराज स्वर्गीय भवानी सिंह की विधवा रानी शिवमणि देवी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन थीं। मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण ने रानी के स्वप्न में आकर दर्शन दिए तथा रानी के आग्रह पर नगर उंटारी लाने की अनुमति दी। रात में देखे स्वप्न के अनुसार रानी अपने लाव लश्कर के साथ करीब 20 किलोमीटर पश्चिम सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के शिवपहरी नामक पहाड़ी पर पहुंची और स्वयं फावड़ा चलाकर खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। रात्रि में स्वप्न में आए भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा खुदाई में प्राप्त हुई। खुदाई में प्राप्त भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को हाथी से नगर उंटारी लाया गया। नगर गढ़ के सिंह दरवाजे पर हाथी बैठ गया। लाख प्रयत्न के बावजूद हाथी नहीं उठा। इसे भगवान की इच्छा मान रानी ने राजपुरोहितों से मशविरा कर वहीं पर प्रतिमा रखकर पूजन कार्य प्रारंभ कराया। प्रतिमा सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण की थी। इसलिए वाराणसी से श्रीराधा रानी की अष्टधातु की प्रतिमा बनवा कर मंगाया गया और उसे भी मंदिर में श्रीकृष्ण के साथ स्थापित कराया गया।

### श्रीकृष्ण सर्किट से जुड़ेगा श्री बंशीधर मंदिर

श्रीकृष्ण सर्किट से जुड़ने के बाद श्री बंशीधर मंदिर का धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ मंदिर के विकास को भी गति मिलेगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 18 नवंबर 2019 को लोकसभा में श्री बंशीधर मंदिर को श्रीकृष्ण सर्किट से जोड़ने की मांग पुरजोर तरीके से रखी थी। इस पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अधीन स्वदेश दर्शन के सहायक निदेशक पावस प्रसून ने झारखंड पर्यटन मंत्रालय से श्री बंशीधर मंदिर के पुरातात्विक व ऐतिहासिक महत्व से संबंधित रिपोर्ट की मांग की है। इस तरह श्री बंशीधर मंदिर को श्रीकृष्ण सर्किट से जोड़ने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

### जानिए बंशीधर मंदिर की खासियत

इस मंदिर में 32 मन यानी 1280 किलोग्राम शुद्ध सोने से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ वाराणसी से मंगाया गया अष्टधातु का मां राधिका की प्रतिमा स्थापित है। झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर श्री बंशीधर मंदिर बांकी नदी के किनारे अवस्थित है। श्रीकृष्ण की यह अद्भुत प्रतिमा जमीन में करीब पांच फीट गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित 24 पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पुष्प पर विराजमान है। श्रीकृष्ण की आदमकद प्रतिमा करीब साढ़े चार फीट की है। नगर उंटारी राजपरिवार के संरक्षण में यह मंदिर देश व विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। स्थानीय लोगों के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है।

### मराठ शासकों ने बनवाई थी प्रतिमा

इतिहासकार मानते हैं कि यह प्रतिमा मराठा शासकों के द्वारा बनवाई गई थी। उन्होंने वैष्णव पंथ का काफी प्रचार प्रसार किया था और मूर्तियां भी बनवाई थी। मुगलों के आक्रमण से बचाने के लिए मराठों ने इस प्रतिमा को शिवपहरी नामक पहाड़ी के अंदर छुपा दिया। वहीं हवलदार राम गुप्त हलधर ने अपनी पुस्तक पलामू का ऐतिहासिक अध्ययन में लिखा है कि मुगल सरदार अहमद शाह दुरानी पलामू विजय प्राप्त करने के उद्देश्य भारी संख्या में फौज लेकर आ रहा था। उसके सैनिक रास्ते में समस्त मंदिरों तथा मूर्तियों को तोड़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। अहमद शाह दुरानी की बर्बरता से घबराकर उस समय के शासकों ने मूर्ति को शिवपहरी की पहाड़ी में छिपा दिया। उस समय से मूर्ति वहां दबा रहा और शिवमणि कुंवर द्वारा 1885 में बाहर निकाला गया। इस मंदिर में वर्ष 1930 के आसपास चोरी भी हुई थी। इसमें चोर भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी और छतरी चोरी कर ले गए थे। बाद में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। परंतु चोरी की हुई वस्तुएं बरामद नहीं हो पाई। बाद में राज परिवार ने दोबारा स्वर्ण बांसुरी और छतरी बनवा कर मंदिर में लगवाया। 60-70 के दशक में बिरला ग्रुप ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था।

# रूढ़ी प्रथा मानने वाले मूल आदिवासियों का ही आरक्षण पर हक : कड़िया मुंडा

- एसटी आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ वे उठा रहे जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए
- डीलिस्टिंग डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना व 12 करोड़ जनजातियों की कराहती आवाज
- डीलिस्टिंग से पहले जिनको अपने मूल धर्म में घर वापसी करना है उनका स्वागत है
- धर्मांतरित आदिवासी एसटी और अल्पसंख्यक दोनों का उठा रहे हैं लाभ, अब होगा दिल्ली कूच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से रविवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली में भारी संख्या में पहुंचे जनजातीय समुदाय के लोगों के बीच नेताओं ने धर्मांतरित जानजातियों घर वापसी का न्योता दिया। साथ ही धर्मांतरित जानजातियों से आरक्षण की सुविधा वापस लेने की मांग सरकार से की गई। मुख्य वक्ता पद्मश्री कड़िया मुंडा ने कहा कि कार्तिक उरांव ने 50 साल पहले धर्मांतरित आदिवासियों के डीलिस्टिंग की मांग उठाई थी। इसे पहले ही मिल जाना चाहिए था, बहुत देर हो गया है। अब भी अगर नहीं मिला तो प्रकृति पूजक आदिवासी इतिहास बन कर रह जाएंगे।





उन्होंने कहा कि विरोधी लोग यह अफवाह उड़ा रहे हैं कि अगर डीलिस्टिंग हुआ तो एसटी का आरक्षण समाप्त हो जाएगा। मगर ऐसा नहीं है। पूरे देश की आबादी का 8 प्रतिशत आदिवासी हैं। अगर दो प्रतिशत धर्मांतरित आदिवासी को लाभ से वंचित भी कर दिया तो क्या होगा। कहा, ये लोग अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक दोनों का फायदा उठा रहे हैं, जबकि आदिवासी अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। कहा, ईसाई कभी आदिवासी नहीं हो सकते हैं। संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान अनुसूचित जनजाति के लिए किया था लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई एवं मुस्लिम बन गए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं। इनके द्वारा लाभ लेने से मूल प्रकृति पूजक आदिवासी अपने हक एवं अधिकार से वंचित हो जा रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो आगामी 50 से 100 साल में रूढ़ीवादी आदिवासी म्यूजियम की वस्तु बन कर रह जाएंगे। कहा गया कि विभिन्न प्रदेशों से होते हुए आज यह रैली रांची में हो रही है। इसके बाद दिल्ली कूच की तैयारी करनी है। कार्यक्रम में कहा गया कि लाल और सफेद रंग का झंडा और पहनावा बंगालियों का है। हम आदिवासियों की पहचान, झंडा और पहनावा सफेद रंग है।

### जनजातीय समुदाय के अधिकार छीने जा रहे है : गणेशराम भगत

राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री गणेशराम भगत ने कहा कि देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिये संविधान निर्माताओं ने आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था। लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं।

(संबंधित खबरें पेज 4 पर)

## पुलिस मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी का उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी के एक उग्रवादी को गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर एक इंसास राइफल, एक इंसास राइफल का मैगजीन, आधा दर्जन 5.56 एमएम कैलिबर का गोली, चार 315 बोर का राइफल, चार 315 बोर में लगने वाले मैगजीन, चार 315 बोर का गोली ओर दो गोली रखने के लिए पॉउच बरामद किया गया है। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी मनोज राम उर्फ मनोज कुमार गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र स्थित दुर्जन का रहने वाला है। रंका थाना क्षेत्र स्थित ढेगुरा गांव में 17 दिसम्बर को पुलिस व प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर दुनेश उरांव के दस्ता के साथ मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान के दौरान दुनेश उरांव दस्ता के सक्रिय उग्रवादी शिवपुजन मुईहर उर्फ शिवपुजन मुंडा के पास से अत्याधुनिक हथियार एके-47 एवं दो मैगजीन, 70 रॉउण्ड गोली के अलावा अन्य समान बरामद किया गया था। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी नक्सली संगठन के अन्य क्रियावादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने मुठभेड़ में शामिल सक्रिय उग्रवादी मनोज राम उर्फ मनोज कुमार को देर रात गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर ढेंगुरा एवं बैदिसी के बीच डुमरियानाला जंगल में अवस्थित पत्थर के खोह से दुनेश उरांव दस्ता के हथियारों का जखीरा की बरामदगी हुई। घटना में शामिल जेजेएमपी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर दुनेश उरांव एवं उसके दस्ता में शामिल फरार उग्रवादी की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है।

## आईओए बनाए कुश्ती फेडरेशन के लिए पैनल

### डब्ल्यूएफआई पर एक्शन के बाद सरकार ने जारी किया आदेश

### खेल संगठनों में सुशासन के लिए कड़े सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को चलाने के लिए एक अस्थायी पैनल बनाने के लिए कहा है। मालूम हो कि कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के महासंघ का अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी मलिक व बजरंग पुनिया ने विरोध जताया था।



साक्षी ने रोते हुए कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी जबकि बजरंग प्रधानमंत्री आवास के सामने अपना पद्मश्री पदक फुटपाथ पर रख कर चले आए थे। बढ़ते विवाद को देखते हुए सरकार ने नवगठित भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया था। उसके कुछ घंटों बाद केंद्र सरकार ने भारतीय ओलंपिक संघ से कुश्ती संस्था को चलाने के लिए पैनल बनाने को कहा है। बता दें बृजभूषण शरण सिंह पर भारत ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पुलिस पर पथराव मामले में 20 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा शीत कालीन सत्र के दौरान पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों द्वारा पथराव करने, पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट किए जाने और नाजायज मजमा लगाने के मामले में 20 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दंडाधिकारी संजय कुमार महतो के बयान पर प्रदर्शन में शामिल लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 21 दिसंबर को पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में विस के समीप धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी क्रम में प्रदर्शनकारी विस का घेराव करने के लिए निकल गए। जगन्नाथपुर मंदिर के समीप लगे बैरिकेडिंग को प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया और विस घेरने के लिए दौड़ पड़े। हालांकि मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने के प्रयास किया। मगर प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों से उलझ गए और धक्का मुक्की करने लगे। पुलिस की टीम ने बल प्रयोग किया तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। रोकने के क्रम में हवलदार राज कुमार राम को पीटकर घायल कर दिया। वहीं पथराव में हटिया डीएसपी राजा मित्रा, पुलिसकर्मी आनंद राज खलखो, पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आयी। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद भीड़ मौके पर से हटी।

### इन पर दर्ज हुई प्राथमिकी

चंद्रदीप कुमार, युगल किशोर प्रसाद, बालगोविंद महतो, अनिल कुमार ठाकुर, राजेंद्र नायक, दीपक कुमार सिंह, जय प्रकाश तिवारी, कुंदन कुमार, गौतम कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार, नागेश्वर कुमार महतो, जीतेंद्र कुमार, शादाब आलम, बलदेव करमाली, पावेल महतो, संतीश कुमार, रामदीप तिवारी, प्रदीप पासवान, उमेश चंद्र, शमीम अख्तर।

## इंडिया: बड़ा दिन को ही जन्मे वाजपेई के अंदर था एक बड़प्पन



सुनील बादल

*आज* भाईचारे और प्यार का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिन यानी बड़ा दिन है जिन्होने अपने पड़ोसियों से अपने समान प्यार करने का संदेश दिया था और आज ही कवि, पत्रकार, राजनेता से प्रधानमंत्री बने अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है जिनके स्वभाव में ही बड़प्पन था। हर साल इस दिन को भारत में सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। राजनीति में उनकी अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद उनको अन्य पार्टियों के लोग भी पसंद करते थे। उनमें एक अनूठा गुण यह था कि वह अपने प्रतिद्वंद्वियों की भी प्रशंसा करते थे। एक बहस के दौरान इंदिरा गांधी की तुलना देवी दुर्गा से की थी और बाद में इंदिरा गांधी ने तत्कालीन विपक्ष के नेता अटल बिहार वाजपेयी को भेजा यूएन की महासभा में देश का पक्ष रखने भेजा था। राष्ट्रीय हित के मामलों में वे अपनी आलोचना को भी विनम्रता से स्वीकार करने में सहदय की भावना रखते थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था, वाजपेयी में देश का महान नेता बनने का माद्दा है, क्योंकि इनके लिए देश एक मंदिर के समान है। अवसर देखकर विचार नहीं बदलते थे और वे कभी भी आदर्शात्मक राजनीतिक से विचलित नहीं हुए। वह एक सच्चे लोकतंत्र वादी और देशभक्त थे। राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी, जो बहुत ही प्रेरणादायक थी। उनका मानना था कि पार्टी,



पावर और पद की राजनीति स्थायी नहीं। राष्ट्र और लोकतंत्र ही महत्वपूर्ण और शाश्वत हैं। उन्होंने सदैव राष्ट्र और लोकतंत्र को जाति, रंग, पंथ, धर्म और क्षेत्रीय के संकीर्ण विचारों से ऊपर रखा। उनका विचार था कि राजनीति का केंद्र बिंदु राष्ट्र का विकास होना चाहिए, जिसमें सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलना चाहिए। भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक वाजपेयी ने सद्भावना और आपसी विश्वास के आधार पर समावेशी राजनीति को निरंतर बढ़ाने का प्रयास किया, ताकि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया हमेशा बरकरार रहे। जब लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में रथयात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया, तब एक सप्ताह तक संसद की कार्यवाही बाधित रही, लेकिन फिर वाजपेयी ने संसदीय बैठक में कहा कि राजनीतिक लड़ाई संसद के बाहर होनी चाहिए। राजनीतिक शासन के प्रति उनका दृष्टिकोण इतना समावेशी व स्पष्ट था कि विपक्षी दलों को भी सरकार का हिस्सा होने का अहसास होता था। वे कहते थे कि संसद बहस, संवाद और चर्चा के लिए एक प्लेटफार्म है, किसी भी तरह की लड़ाई या हाथापाई के लिए नहीं। 1998 में पोखरण परीक्षण के बाद अमेरिका सहित अन्य देशों द्वारा व्यापारिक, सामरिक व प्रतिबंध लगाने वाले बयानों से वह परेशान नहीं हुए। इस सबके बावजूद विभिन्न देशों से व्यापार संबंधों में सुधार किया और चीन के साथ क्षेत्रीय विवादों को भी कम किया। मिसाइलमैन से राष्ट्रपति बने महान व्यक्तित्व के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम उनके प्रिय मित्र थे जिनके साथ उन्होने भारत के लिए बहुत कुछ किया। प्रधानमंत्री के रूप में स्वर्ण चतुर्भुज की कल्पना को साकार करने वाली सड़कों के बाद रेल और हवाई ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## ओडिशा में आईईडी विस्फोट में एसओजी के दो जवान घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशिष्ट कमांडो बल स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के दो कर्मी रविवार को ओडिशा के सिरला जंगल में वामपंथी उग्रवादियों के खिलाफ तलाशी अभियान के दौरान एक आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कर्मियों की पहचान अमिया दास और प्रशांत जेना के रूप में की गई है। एसपी सुवेंदु कुमार पात्रा ने आईएएनएस को बताया कि एसओजी के जवान पिछले तीन दिनों से इलाके में तलाशी अभियान में लगे हुए थे। रविवार सुबह करीब 10 बजे एक पेड़ पर लगे आईईडी में विस्फोट हो गया और हमारे दो कमांडो घायल हो गए। जिन कमांडो की आंख में चोट लगी है, उनमें से एक को एम्स (भुवनेश्वर) में भर्ती कराया गया है।

## संसद कांड के आरोपियों को एंट्री पास देने वाले भाजपा सांसद ने तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी। मैसूर**

भाजपा के लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा ने रविवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले पर बोलते हुए कहा कि लोग 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान तय करेंगे कि वह देशभक्त है या देशद्रोही है।

घटना और जांच के संबंध में कुछ बताए बिना उन्होंने कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए कथित देशद्रोही आरोपों पर फैसला भगवान और अपने प्रशंसकों पर छोड़ देंगे। मालूम हो कि जो प्रदर्शनकारी 13 दिसंबर को लोकसभा कक्ष में घुस गए थे, वे सिम्हा के कार्यालय की सिफारिश पर जारी किए गए पास पर संसद में दाखिल हुए थे। सिम्हा ने कहा, चाहे प्रताप सिम्हा देशद्रोही हो या देशभक्त, मैसूर की पहाड़ियों पर विराजमान देवी मां चामुंडेश्वरी, ब्रह्मगिरि पर विराजमान देवी मां कावेरी, कर्नाटक भर में मेरे पाठक प्रशंसक जो पिछले बीस वर्षों से मेरी रचनाएं पढ़ रहे हैं और मैसूरु-कोडगू के लोग जिन्होंने साढ़े नौ साल तक मेरा काम देखा है और देश, धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों पर मेरा आचरण देखा है, वे अप्रैल, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में वोट के जरिए अपना फैसला सुनाएंगे।

### लोग तय करेंगे मेरा फैसला

मीडिया से बात करते हुए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, लोग ही हैं, जिन्हें अंततः निर्णय देना है। वे तय करेंगे कि मैं एक देशभक्त हूं या नहीं। मैं इसे उनके निर्णय पर छोड़ता हूं। मेरे पास इसके अलावा कहने के लिए कुछ नहीं है।

## एक नजर

### पिस्का पंचायत में खेलो सिल्ली अभियान का होगा शुभारंभ

**सिल्ली।** रविवार को खेलो सिल्ली अभियान का पिस्का पंचायत से शुभारंभ होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी सिल्ली की अध्यक्ष नेहा महतो उपस्थिति रहेंगी और साथ में अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर अजय सिंह, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह, लान बाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश कुमार, कबड्डी के खिलाड़ी हरीश कुमार, एथलेटिक्स के खिलाड़ी राजू कुमार, वॉलीबॉल के खिलाड़ी अमर पाल के साथ और भी कई खिलाड़ी मौके पर उपस्थित रहेंगे। खेलो सिल्ली अभियान में पिस्का पंचायत के लगभग 12 टीमें भाग लेंगी।

### बिजली विभाग की लापरवाही से गई एक की जान

**नगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक निजी बिजली कर्मचारी (एजेंसी के तहत) दीनबंधु महतो की जान चली गई। बताया गया कि वह लाइन कटवाकर 11000 में काम कर रहे थे. अचानक 11000 लाइन को चालू कर दिया गया। दीनबंधु महतो रातू थाना क्षेत्र के बाजपुर रहने वाले थे। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है ।

### रातू हुरहुरी पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसा



**रातू।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी ऑटो सर्विस पेट्रोल पंप के पास सड़क ओमनी कार व आल्टो कार में टक्कर हो गयी। हादसे में राय बचरा के एक युवक को चोट आई है। उसका इलाज झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सको के मुताबिक वह खतरे से बाहर है।

### गरीब व बेसहारों के बीच कंबल का वितरण



**मांडर।** मुड़मा पंचायत के मेशाल गांव में उप प्रमुख अमानत अंसारी ने ठंड को देखते हुए गरीब,बेसहारा एवं जरुरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया,इस दौरान प्रखण्ड अंजुमन मांडर के सदस्य फिरोज अंसारी, एवं आदम अंसारी मौजूद थे।

### डांस वांस के वार्षिकोत्सव में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति

**रांची।** डांस एकेडमी डांस वांस नृत्य संस्थान का 12 वॉ वार्षिकोत्सव तरंग धूमधाम से कांके रोड के सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति माधुरी मिश्रा और विशिष्ठ अतिथि लिटिल एंजेल प्ले स्कूल की निर्देशिका स्वेता सिंह, निदेशक शिवम मनोहरण, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, अनुज वर्मा तथा ऋषिकेश लाल समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## छत्रपाल सिंह मुंडा ने विश्व प्रसिद्ध महाग्रंथ का किया जनजातीय भाषा में अनुवाद

# गोस्वामी तुलसीदासकृत रामचरित मानस की चौपाइयां अब मुंडारी भाषा में भी गूंजेंगी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

गोस्वामी तुलसीदासकृत रामचरित मानस की चौपाइयां अब झारखंड की मुंडारी भाषा में भी गूंजेंगी। मुरहू प्रखंड के चारिद गांव में रहने वाले छत्रपाल सिंह मुंडा ने विश्व की कई भाषाओं में अनुदित इस महाग्रंथ को क्षेत्रीय भाषा मुंडारी में पद्यानुवाद प्रस्तुत किया है। झारखंड में पहली बार किसी आदिवासी मानस मर्मज्ञ ने लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाली रामायण को अपनी भाषा में लिपिबद्ध किया है। प्रखर आदिवासी मानस मर्मज्ञ छत्रपाल सिंह मुंडा के ताऊ (बड़े पिता) मझिया मुंडा इससे पहले इस महाकाव्य का गद्यानुवाद कर चुके हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक पद से 2012 में सेवानिवृत्त होने के बाद से छत्रपाल सिंह मुंडा अपने गांव में रहते हैं। अध्ययन में उनकी विशेष रुचि है। पुश्तैनी खेत हैं। अब उन्होंने खुद को




किसान के रूप में ढाल लिया है। पूर्व अधिकारी छत्रपाल सिंह मुंडा ने 'हिन्दुस्थान समाचार' से रामचरित मानस के मुंडारी भाषा में अनुवाद करने की अपनी यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, ' ताऊ जब रामचरित मानस का मुंडारी भाषा में गद्यानुवाद कर रहे थे, तब उनकी (बड़े पिता) उम्र अधिक थी। हाथ कांपने की वजह से वह लिख नहीं पाते थे। इसलिए वह बोलते जाते थे और मैं लिखता रहता। इस काम में कई वर्ष लगे। तब कहीं जाकर गद्यानुवाद पूरा हो सका। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने इसका लोकार्पण किया था। मुंडा ने कहते हैं, ' ताऊ के इस जुनून को देखकर मेरे मन में भी रामचरित मानस का पद्यानुवाद करने की इच्छा जागृत हुई। मगर उस दौरान केंद्र सरकार के सूचना एवं जनसपंर्क विभाग में नियुक्ति हो जाने से इसमें विघ्न पड़ गया। फिर भी अनुवाद करता रहा। सही न लगने पर फाड़ देता। लिखने-फाड़ने का यह सिलसिला कई वर्ष चला। सेवानिवृत्ति के बाद पैतृक गांव चला आया। खुद को खेती-किसानी में खपा लिया। ...और 2021 में फिर कलम उठा ली। पद्यानुवाद करने का संकल्प लिया और डेढ़ वर्ष के परिश्रम के बाद सभी सातों कांड का मुंडारी भाषा में अनुवाद संभव हो पाया। उन्होंने बताया कि अनुदित इस ग्रंथ का अभी प्रकाशन नहीं हो पाया है।

### सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का समापन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट और 2 दिवसीय आर टी पी बी सी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सम्मान समारोह किया गया। राज्यों के विभिन्न प्रखंड बेरो रामगढ़, रातु, अनगड़ा, ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 55 महिलाओ ने इस प्रशिक्षिण कार्य क्रम में भाग ली। मुख्य अतिथि सीमा बराइक लापुंग पंचायत के मुखिया ने प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया की ब्यूटी पार्लर का शादी विवाह के मौके पर ज्यादा मांग हैं खास कर दुल्हन मेकअप के लिए, और आज के दौर में हर कोई सुंदर दिखना चाहती है। रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का ब्यूटी पार्लर खोलकर कर आप दुसरो को भी रोजगार दे सकती है। आप मालिक बनना सीखिए । रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मंगदर्शन दिया की वित्तीय सहायता के लिए आप बैंक से लोन लेकर भी अपने स्वरोजगर को और आगे बढ़ा सकते है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विस क्षेत्र के मतदान केंद्रों में की पपत्रों की चेकिंग



**गिरिडीह।** रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहउपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा 31 गांडेय, 32 गिरिडीह तथा 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों में प्राप्त प्रपत्रों (प्रपत्र 6, प्रपत्र 7, प्रपत्र 8) का सुपर चेकिंग व स्थल निरीक्षण किया गया। बताया गया कि फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा 31 गांडेय, 32 गिरिडीह तथा 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों में प्राप्त प्रपत्रों (प्रपत्र 6, प्रपत्र 7, प्रपत्र 8) का सुपर चेकिंग और स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, गांडेय, सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, गिरिडीह, गांडेय और डुमरी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आवेदनकताओं से मिलकर उनके द्वारा दाखिल किए गए दावा आपत्ति प्रपत्रों का जांच किया गया तथा चेक लिस्ट और भरे हुए फार्म तथा अन्य वांछित दस्तावेजों का जांच किया गया।

### भाकपा माले की भाजपा हटाओ,देश बचाओ संकल्प रैली को लेकर बैठक संपन्न



गिरिडीह। गावां प्रखंड अंतर्गत नीमाडीह पंचायत के बिष्णीटिकर में पूर्व विधायक के अवास पर भाकपा माले लोकल कमिटी नीमाडीह एवं अगुवा साथियों की समीक्षात्मक बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता संजय यादव एंव संचालन रंजीत कुमार ने किया। बैठक बतौर मुख्य अतिथि धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव जी उपस्थित थे। बैठक में जननायक शहीद महेंद्र सिंह की शहादत दिवस,नए सदस्यों की भर्ती एंव रिन्यूवल को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव जी ने कहा की बीते 18 दिसंबर 2023 को भाकपा माले द्वारा एक विशाल संकल्प सभा पुनीत राय स्टेडियम में धनवार हाई स्कूल के समक्ष सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में नीमाडीह पंचायत के तमाम साथियों ने जो अपने अपने क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर ग्राम सभा व जनसम्पर्क अभियान चलाया उन सभी साथियों को पूर्व विधायक राजकुमार यादव जी ने हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई दी एंव उन्होंने कहा की अगामी 16 जनवरी 2024 को झारखंड के जननायक शहीद महेंद्र सिंह शहादत दिवस तैयारी पुरे जोरदार तरीके से करना हैं और अगामी 2024 में इस तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना होगा, तभी हम लोगो का संविधान और लोकतंत्र और बच पायगा। इस मौके पर प्रदीप कुमार,मुन्ना कुमार यादव,कांग्रेस यादव,विजय कुमार,पिंटु कुमार,मुन्ना कुमार,विजय कुमार राय,राजेन्द्र राम,छोटन राम,पवन कुमार,बिनोद यादव,सुरेन्द्र कुमार यादव,बालेश्वर प्रसाद यादव,ब्रजेश कुमार,अलोक कुमार उपस्थित थे।

## अवैध लॉटरी के साथ तीन धराये, जेल



**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़/ महेशपुर**

पुलिस ने रविवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लॉटरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से 12 हजार रुपए की 125 पीस अवैध लॉटरी टिकट के अलावे 5 हजार रुपए बरामद किया गया है। गिरफ्तार तीनों लॉटरी विक्रेता सपन दत्ता 40 वर्ष मकदमपुर गांव निवासी, संतोष भगत 35 वर्ष सिलमपुर गांव निवासी एवं हसन शेख 35 वर्ष बड़कियारी गांव निवासी है। अवैध लॉटरी टिकट के मामले को लेकर एसआई शैलेंद्र कुमार नायक के स्वलिखित आवेदन के आधार पर थाने में तीनों के खिलाफ अवैध रुप से प्रतिबंध लॉटरी टिकट की बिक्री करते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के आरोप में कांड संख्या 182/23 दर्ज की गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तीनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर पुलिस अभिरक्षा में चालान कर दिया है। एसआई शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि आज सुबह गुप्त सूचना मिली कि अंबेदकर चौक के पास कुछ व्यक्ति भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर अवैध लॉटरी टिकट बेच रहे हैं। सूचना का सत्यापन के लिए अम्बेदकर चौक पहुंचने पर देखा कि तीन व्यक्ति लॉटरी टिकट बेच रहे हैं। पुलिस को देखते ही तीनों भागने लगे। पुलिस बल के द्वारा तीनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया।

### दो दिवसीय डबल खस्सी प्रतियोगिता का आयोजन आज से



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोटा स्कूल मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 एवं 26 दिसबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती के शुभ अवसर पर मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से आज दो दिवसीय डबल खस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन से पूर्व शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खेल का शुभारंभ किया जाएगा। इसी क्रम में खेल के मैदान की तैयारी का जायजा खेल के संरक्षक बलराम महतो उर्फ राधिका ने ली तथा मौके पर कई दिशा निर्देश भी दिए। प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेगी एवं खेल सुबह 9 बजे से शुरू होगा। उक्त जानकारी खेल के अध्यक्ष रविंद्र नाथ मुंडा ने दी।


## विज्ञान प्रदर्शनी में श्यामली के छात्र प्रद्युम्न व सचिन का चयन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र प्रद्युम्न राज और सचिन कुमार ने अपने मॉडल किसान मित्र : द एग्रिबॉट का शानदार प्रदर्शन किया। आगामी राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए अपना नाम सुनिश्चित करा लिया। दो दिवसीय (22-23 दिसंबर) प्रदर्शनी में पांच विषय स्वास्थ्य, जीवन (पर्यावरण के लिए जीवन शैली), कृषि, संचार व परिवहन, कॉम्प्यूटेशनल थिंकिंग। इनमें से दोनों छात्रों ने अपने मेंटर सुमन कुमार के मार्गदर्शन में भारतीय कृषि समस्या के समाधान पर आधारित मॉडल किसान मित्र : द एग्रिबॉट पेश किया। इस अनूठे मॉडल में कुछ आधुनिक नए तत्वों का समावेश किया गया है। जिसकी हर ओर चर्चा है और जिसे अब पंचायत स्तर पर परीक्षण के लिए विचार भी किया जा रहा है। प्राचार्य समरजीत जाना ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए शुभकामना दी।

# बेड़ो में मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार है। कार्यक्रम आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिघिया चर्च परिसर में शनिवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान, चरनी की आशीष के बाद व मिस्सा अनुष्ठान व प्रार्थना की गई। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। आकर्षक चरनी बना कर बिजली बल्ब,रंग बिरंगे लट्टूओं व रंगीन झालर से पूरे चर्च को सजाया गया। जहां दिघिया पल्ली में चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन कर चुम्बन लिया गया। इसके पूर्व चर्च के पल्ली पुरोहित सह मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर विंनसेंट मिंज की अगुवाई में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव पर चरनी का आशीष, प्रार्थना अनुष्ठान, मिस्सा पूजा, यीशु चुंबन, यीशु संदेश का आयोजन किया गया। वहीं बाइबिल पाठ करांजी के ग्रेगोरी तिर्की एव गीरेती तिर्की करेंगी। वही सभी अनुष्ठान में फादर अजय मिंज, राबर्ट मिंज, माता प्रबला केरेकेट्टा, सिस्टर नीलिमा का सहयोग रहा। जबकि प्रवचन फादर परम् दयाल खेस के द्वारा किया गया। चर्च में एलएसटी संस्था की सिस्टर दिव्या एवं अंजू, लिवन्स एकेडमी के स्टाफ की अगुवाई बेदी का श्रृंगार किया गया। वहीं गीत भजन की प्रस्तुति करांजी गांव की जूलिया मिंज की अगुवाई में मंडली द्वारा किया गया।

## रांची आसपास

### निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** रविवार के दिन बंसारूली पंचायत भवन में कृष्णा ऑप्टिकल्स सिल्ली के संचालक मारुति नंदन मिश्रा के नेतृत्व में सेंटर फॉर साइट के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर सिल्ली प्रखंड की उप प्रमुख आरती देवी ने किया। जिसमें मोतियाबिंद, रेटिना, ग्लूकोमा तथा आंख से संबंधित अन्य सभी जरूरी जांच को किया गया। शिविर में लगभग 100 लोगों की नेत्र जांच की गई तथा मौके पर सेंटर फॉर साइट अस्पताल से आए राजीव कुमार, संजीव कुमार तथा रुकसार प्रवीण के द्वारा नेत्र रोगियों को निशुल्क परामर्श तथा आंख को स्वस्थ रखने के लिए अन्य कई जानकारियां भी दी गई। ग्रामीणों के बीच बताया गया कि सेंटर फॉर साइट अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सकते हैं।

### लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर में साईं महोत्सव का आयोजन

# कलाकारों ने भजनों से साईं भक्तों को रात भर झुमाया

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

ओम साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः जय जय साईं नमो नमः सदगुरु साईं नमो नमः जैसे मंत्रो के बीच लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर में साईं महोत्सव का आयोजन किया गया। लापुंग प्रखंड के सरसा स्थित प्रसिद्ध साईं मंदिर में रविवार को साईं महोत्सव का आयोजन किया गया। साईं के भजनों के बीच धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। शिरडी साईं विकास केन्द्र सरसा एवं कान्हा टेंट हाउस एवं कैटरिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पटना, गया और रांची के प्रसिद्ध भजन गायक दलजीत सिंह, खुश्बू कुमारी, आनंद जी हलचल सहित अन्य लोककलाकारों ने जब जब



खिड़की खोलूं साईं तेरा दर्शन हो जाय... और साईं नाथ तेरै हजारों हाथ.... जैसे भजनों से उपस्थित साईं भक्तों को खूब झुमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ काकड़ आरती के साथ किया गया। साईं मंदिर के मुख्य पुजारी विभीषण पांडेय, पंच्याक्षरी स्वामी और जगेश्वर भगत ने हजारों श्रद्धालुओं को साईं बाबा का दर्शन कराया। उन्होंने साईं भक्तों को विधिवत पूजा अर्चना करायी और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया। ढोल ढाक नगाड़ों एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच साईं बाबा की विशेष आरती का आयोजन किया गया।

# इंटक ने कई नेता भारतीय मजदूर संघ में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यालय धुर्वा में झारखंड प्रदेश के इंटक से संबंधित विभिन्न यूनियनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। भारतीय मजदूर संघ के रीति नीति एवं संस्कृति से प्रभावित होकर इंटक से संबंधित विभिन्न यूनियनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, संगठन मंत्री बृजेश कुमार, कोषाध्यक्ष उदय कुमार, सुनील कुमार पांडे, सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संतोष कुमार साहू एवं एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमाशंकर की उपस्थिति में इंटक के अंजनी कुमार पांडे, अशोक सोरेन एवं बाटुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में इंटक से संबंधित विभिन्न यूनियनों के प्रमुख प्रतिनिधि भारतीय मजदूर संघ कर सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में अशोक सोरेन, अजीत टुडू, शिव हेंब्रम, राजेश टुडू, भीम सिंह, सरबार अंसारी, मनीष कुमार, शाहनवाज हुसैन एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

### टैलेंट सर्च परीक्षा एमटीएसई 2024 में 90 बच्चों ने लिया हिस्सा

**रांची।** मिल्लत स्कॉलर्स एकेडमी, माही एवं जमैतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में टैलेंट सर्च परीक्षा एमटीएसई-24 संपन्न हुआ। रविवार को कर्बला चौक स्थित इराकी उर्दू गर्ल्स स्कूल में विभिन्न स्कूलों के 90 प्रतिभागियों ने परीक्षा दिया। यह परीक्षा स्कॉलरशिप के लिए छात्रों के चयन को लेकर आयोजित किया गया। परीक्षा में गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, तर्क शास्त्र, सामाजिक विज्ञान एवं दीनियात से 100 प्रश्न पूछे गए थे। इस परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को मिल्लत स्कॉलर्स एकेडमी के द्वारा बोर्ड परीक्षा (माध्यमिक परीक्षा) के बाद उच्च माध्यमिक परीक्षा (12वीं) के साथ-साथ नीट,आईआईटी, जेईई, क्लाइट, सीए फॉउंडेशन, हैदराबाद व पुणे के विभिन्न शाखाओं में करायी जाएगी। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में माही के संयोजक इबरार अहमद, इरफान उजैर, जमैतुल इराकीन के सचिव सैफुल हक, अर्शद शमीम, माही के शिक्षा संयोजक सरवर इमाम खान, मो सलाहउद्दीन एवं साहिल खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्क्रब टाइफस से ग्रसित मरीज का पारस अस्पताल में सफल इलाज

# डॉक्टर शिव अक्षत के निगरानी में चला इलाज, एक बड़ी उपलब्धि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एक 32 वर्ष के युवक को पारस एचईसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि मरीज को पिछले दो दिनों से उल्टी, बुखार एवं सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पारस एचईसी अस्पताल में लाए जाने के बाद मरीज की जॉच की गई। जॉच में मरीज को स्क्रब टाइफस से ग्रसित पाया गया। जिसके कारण मरीज को चलने में भी परेशानी हो रही थी। मरीज में गंभीर एआरडीएस के कारण उसे पेट के बल लिटाकर वेंटीलेटर के माध्यम से कृत्रिम सांस दिया गया। मरीज को दो बार प्रोनिम दिया गया। साथ ही व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक भी दिया गया, जिसके बाद मरीज को होश आ गया। सुधार आने के बाद उसे वेंटीलेटर से सामान्य वार्ड में भेज दिया गया। तीन दिनों के बाद मरीज को फिर से बुखार आ गया। चिकित्सकों ने मरीज की माइक्रोबायोलॉजिकल जॉच की जिसके बाद एंटीबायोटिक में बदलाव की गई और मरीज फिर ज्वारमुक्त हो गया। स्क्रब टाइफस के इलाज के लिए मरीज को स्टेरॉयड दिया गया। जिसके बाद मरीज की हालत में काफी सुधार आई। अब मरीज पूरी तरह से ठीक है और उसे अस्पताल से आवश्यक सलाह के साथ छुट्टी दे दी गई। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमें गर्व है की पारस परिवार अपने अत्याधुनिक संसाधनों के साथ मरीजों को उत्कृष्ट और सर्वोत्तम इलाज की सुविधा देने में हर दिन नई ऊंचाइयों को पा रहा है।

### अयोध्या राम मंदिर के लिए डोरंडा दुर्गा मंदिर में रखा गया कलश



**रांची।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के लिए माधव नगर के डोरंडा स्थित बेलदार मोहल्ला के दुर्गा मंदिर में कलश रखा गया। श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की ओर से कलश को दुर्गा मंदिर में स्थापित की गई है। जहां से राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर डोरंडा के सभी मंदिरों में कलश रखा जाएगा। सभी घरों में अक्षत देकर घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर मंडल के मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा, रोहित ठाकुर, आयुष गुप्ता, अनूप कुमार और रेखा देवी उपस्थित थे।

### रातू फुटकलटोली इस्लाहुल मोमेनीन कमेटी का चुनाव संपन्न

# अंजुमन के हाजी शरीफ बने सदर मोख्तार शाह बने नायब सदर




**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

अंजुमन इस्लाहुल मोमेनिन फुटकल टोली का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हबीबुल उर्फ गुड्डू को 60 मतों से हराकर हाजी शरीफ सदर बने। इसके अलावा नायब सदर के लिए मुख्तार शाह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी असलम अंसारी को 145 मतों के अंतर से हरा कर जीत हासिल की। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में फुटकल टोली चुनाव निगरानी कमेटी ने बहुत अहम भूमिका निभाई। कमिटी के अध्यक्ष उप प्रमुख रेयाजूल अंसारी, सचिव हाजी गुलाम सरवर ,कोषाध्यक्ष इरसाद अंसारी ने रातु प्रखंड अंजुमन इस्लामिया व अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, नायब सेक्रेट्री मोख्तार-अंसारी, अंजुमन इस्लाहुल मोमेनीन फुटकलटोली के सेक्रेटरी सेराजुद्दीन अंसारी ,खजांची मास्टर आरिफ, आलम अंसारी नायब सेक्रेट्री, आफताब अंसारी और वसीम मलिक, और मौलाना डाक्टर दिलदार मिस्बाही कारी एनामुल व अमन ग्रुप के लोगो का सराहनीय योगदान रहा। हाजी शरीफ के सदर बनने पर बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार,अमन ग्रुप के सदर अताउल्लाह अंसारी,सचिव अमन राज,जेयाउल हक, मो शामी, आदि लोगो ने बधाई दी।

# विशेष प्रार्थना में मांगा देश, राज्य और समाज की खुशहाली

## क्रिसमस और नए साल पर रांची में शक्ति कमांडो ने संभाला मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की राजधानी रांची में क्रिसमस और नए साल के जश्न पर कोई खलल न पड़े, इसके लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस ने जोरदार तैयारी की है। सुरक्षा के मोर्चे पर 700 शक्ति कमांडो को उतारा जाएगा। एसएसपी चंदन सिन्हा के अनुसार राजधानी रांची में इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा खासतौर पर मनचलों पर लगाम कसने के लिए 50 महिला शक्ति कमांडों पहरा देंगी। यह 25 दिसंबर से 15 जनवरी तक शहर के सभी पार्कों पर नजर रखेंगी। दशम, जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र होंगे। पर्यटन मित्रों का सहयोग लिया जाएगा। नशे में वाहन चलाने वालों की जांच के लिए कुछ स्थान को चिह्नित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने दी क्रिसमस की शुभकामनाएं



**रांची।** क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल एवं जीईएल चर्च के बिशप सीमन तिर्की ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई दीं। कहा, क्रिसमस एक-दूसरे से खुशियां बांटने वाला पर्व है। यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द संदेश देता है। मौके पर विधायक राजेश कच्छप, बिशप सीमन तिर्की, अटल खेस्स, सुजीत कुजूर, कुलदीप तिर्की, अरविंद लकड़ा, विकास तिर्की, गोविंद टोप्पो एवं अनिल आदि थे।

**रांची।** शहर में क्रिसमस की धूम रही। सुबह से ही मसीही समुदाय के लोग रात को चर्च में होने वाले प्रार्थना की तैयारियों में लगे रहे। सभी चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया। शहर के अलग अलग चर्च में शाम को विशेष प्रार्थना हुई। प्रार्थना का दौर देर रात तक चलता रहा। जिसमें शामिल होकर मसीही समुदाय के लोग प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनायी। चर्च में कैंडल जलाकार ईश्वर से देश, राज्य, समाज और लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना किये। मसीही समुदाय के लोगों ने अपने अपने घरों को रंग बिरंगी रौशन और सजावट की वस्तुओं से सजा। बहुत से घरों में चरणी में प्रभु यीशु की प्रतिमा रखकर उनके जन्म को याद किया। इसके अलावा पुरूलिया रोड, डंगराटोली चौक, पीस रोड, कांटा टोली, बहू बाजार, सिरमटोली, गोस्नर कंपाउंड, लोवाडीह और हटिया सहित कई क्षेत्रों में पंडाल या चरणी बनाकर उसमें प्रभु यीशु की प्रतिमा को आकर्षक झांकी के रूप में प्रस्तुत किया। क्रिसमस के अवसर पर मसीही समुदाय बहुल क्षेत्र में रंग बिरंगी रौशन के साथ क्रिसमस और नागपुरी गीतों की धुन में युवा थिरकते नजर आये।

### आर्चबिशप को सुबोधकांत ने दी बधाई



**रांची।** क्रिसमस पर आर्चबिशप हाउस में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो को क्रिसमस की बधाई दी। श्री सहाय ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी सुबोधकांत सहाय को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। उनके साथ रोहित सिन्हा, यशस्विनी सहाय, दीपक लाल, राजन वर्मा, राजेश कुमार सनी, वेद कुमार और सरफे आलम आदि मौजूद थे।

# ईसा मसीह ने दिया संदेश परमात्मा प्रकाश स्वरूप है : निर्मला बहन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
क्रिसमस की पूर्व संध्या पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चौधरी बगान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नाबार्ड के डीजीएम सुभाष चन्द्र गर्ग कहा कि बड़ा दिन मनाने की सार्थकता तभी है, जब हर कोई सदा बड़ा दिल बनायें और समूची मानवता के लिए प्रेम, दया, करूणा और उदारता अपनायें। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अपने संदेश में कहा परमात्मा प्रकाश स्वरूप है यह संदेश ईसा मसीह ने जगत को दिया। प्रभु प्रकाश ज्योति से जब हम योग लगाते हैं, तभी ऊँचे विचार और दिव्य संस्कार जाग्रत होते है। जिससे दिल की भावनाएं उदार होकर बड़ा दिल बनता है। हमारे दिल की भावनाएं व कर्म ही उनको छोटा या बड़ा, खुशनुमा या बदनुमा बनाते हैं। इसलिए हर दिन प्रातः उठते ही प्रभु की प्रार्थना करके उसे धन्यवाद देना चाहिए। जिसने प्रभु अवतरण के इस समय श्रेष्ठ ईश्वरीय जीवन दिया और संकल्प लेना चाहिए कि मैं इस जीवन को ज्ञान, योग, सेवा और दिव्य गूणों की धारणा में लगाकर कैसे सफल करू। सृष्टि के रचनाकार प्रजापिता ब्रह्मा का सहयोगी बनकर बड़े दिलवालों का सुखमय संसार स्वर्ग बनाया जा सकता है। जिसकी परिकल्पना ईसा मसीह ने भी दी और ज्योति स्वरूप प्रभु परमात्मा जिस सतयुग को अभी बना रहे हैं।

# हरिहर पाण्डेय बने शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा, झारखंड का महासम्मेलन रविवार को रांची के श्री दिगम्बर जैन भवन में आयोजित किया गया। समारोह में झारखण्ड के विभिन्न जिलों से लगभग तीन सौ मगबंधुगण शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि पंडित कमलेश पुण्यार्क ने समाज के उत्थान के लिए अपनी सामाजिक विरासत को बचाने की बात की। संरक्षक पं. रामशंकर मिश्र ने महासम्मेलन को अभूतपूर्व बतलाते हुए आगत अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महासभा का चुनाव सम्पन्न हुआ। राज्यस्तरीय चुनाव में डॉ हरिहर प्रसाद पाण्डेय अध्यक्ष और ब्रजबिहारी पाण्डेय कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में डॉ अनिल कुमार मिश्र ( डॉ. ऐ. के.मिश्र )एवं श्री मनीष वैद्य उपाध्यक्ष, मंत्री श्री गोपाल पाठक, संगठन मंत्री डॉ सुधांशु शेखर मिश्र, सहसचिव श्री देव शंकर मिश्र एवं श्री कृष्णा पाठक निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त श्री सुबोध कुमार मिश्र को संरक्षक बनाया गया। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य पदों के सृजन हेतु आमसभा से सहमति ली गई। इस महासम्मेलन में समाज की प्रतिष्ठित पत्रिका मगबंधु (अखिल) के नवीनतम अंक मग-मगध विशेषांक का लोकार्पण भी किया गया।

# क्रिसमस उत्सव में रंगीन रोशनी व डीजे पर झूमे एक्सआईएसएस के युवा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची ने संवाद 4.0 का आयोजन किया। जहां कैंपस के क्लब ऑब्स्कुरा, एम्बार्क, आवाज, रोटारैक्ट, क्रिएटेजिक और मैक्सिस ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने इस प्रकार के आयोजनों को छात्रों के शैक्षणिक जीवन का अभिन्न अंग बताया। कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक, डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर एरोन तिग्गा, सभी कार्यक्रमों के प्रमुख एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन गुब्बारों को आकाश में छोड़ा जो इस उत्साहवर्धक क्षण का प्रतीक था। जिसने संवाद 4.0 के कार्यक्रमों और रचनात्मक प्रदर्शनों के लिए माहौल तैयार किया। सभी क्लब ने अपने अनूठे कार्यक्रम आयोजित किये। जिसमें स्कैवेंगो, मॉडल यूनाइटेड नेशन डिबेट प्रतियोगिता, क्विज कम्पटीशन, बलून गेम प्रतियोगिता, फन जोन गेम्स, क्रिसमस स्किट और म्यूजिक परफॉरमेंस शामिल थे। जिससे छात्रों को अपने कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। एक्सआईएसएस ऑडिटोरियम में क्रिसमस गैदरिंग आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गयी। जिसमें एक क्रिसमस प्ले, मधुर कैरोल के साथ बॉनफायर की मनमोहक रोशनी और डीजे की जीवंत धुन शामिल थीं। वहीं जेवियर हॉस्टल में भी क्रिसमस उत्सव मनाया गया। इसमें सभी छात्र एकत्रित हुए और समुदाय के अंदर के बंधन को और मजबूत किया। इसके बाद संस्थान के सभी फैकल्टी और स्टाफ और उनके परिवारों के लिए एक क्रिसमस उत्सव और उसके बाद रात्रिभोज का आयोजन किया गया।



# ललित पोद्दार बने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निर्विरोध अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आमसभा मारवाड़ी भवन में हुई। आमसभा जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। आमसभा मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के 2 वर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 2 वर्षों में अन्नपूर्णा सेवा सहित 50 से अधिक सामाजिक, जनसेवा एवं जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों में एकजुटता के साथ समाज गठबंधन को मजबूत करने में अपना योगदान एवं पूर्ण सहयोग देने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के दो वर्षों का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर पूर्ण जानकारी दी। आमसभा में चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने सत्र 2024-26 के लिए ललित कुमार पोद्दार के अध्यक्ष बनने की घोषणा की। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ ललित कुमार पोद्दार ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। उनका नामांकन पत्र वैध पाया गया।

## पहाड़ी मंदिर से 21 जनवरी को निकाली जायेगी श्रीराममय यात्रा

**रांची।** महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) की बैठक श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर, भुतहा तालाब में हुई। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि 21 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे रांची पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से भव्य श्रीराममय यात्रा निकलेगी। बैठक में विनय दीपक ओझा, इंदरजीत सिंह, हरि सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नेहा प्रसाद, शिल्पी कुमारी वर्मा, पूजा कुमारी, नीतू सिंह, मीनू सिंह, रोमा सरकार, अर्चना चौबे, अजीत सिंह, बिट्टू सिंह, अशोक यादव, सीनू वर्मा, संजय कुमार सिंह, सूर्यकांत सिंह, नितिन सिरमौर, सूरज तिवारी, करण सिंह, रोहन सिंह, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, मोहन गोस्वामी, अमित राय, मनोज कुमार, राहुल राहुल सिंह, पिंकी देवी, शोभा देवी, किरण कुमारी, रोनित शाह, बबीता सिंह, मधु सिंह, निभा सिंह, किरण सिंह, बंटी वर्मा, गुड्डु चौधरी एवं सुमित गोस्वामी उपस्थित थे।

## उर्दू शिक्षकों की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जायेगा

रांची। अंजुमन फरोग ए उर्दू के 3 वर्ष पूरा पूरे होने पर मौलाना आजाद कॉन्फ्रेंस हॉल में परिचर्चा का आयोजन किया गया। उसके पूर्व अंजुमन फरोग ए उर्दू के द्वारा 3 वर्षों में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। आगामी साल 2024 में उर्दू भाषा की तरक्की, उर्दू शिक्षकों की बहाली, उर्दू अकादमी का गठन, अल्पसंख्यक विद्यालय में उर्दू विषय की पढ़ाई, मदरसा परीक्षा आलिम (बीए) एवं फाजिल (एमए) की परीक्षा विश्वविद्यालय से आयोजित कराने आदि विषयों पर आंदोलन की घोषणा की गई। परिचर्चा के दौरान राज्य के सभी जिलों में संगठन के विस्तार पर बल दिया गया और प्रमंडल स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त किये गये। कार्यक्रम में एस अली को अंजुमन फरोग ए उर्दू का संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उर्दू के अधिकार के लिए बड़े पैमाने पर संघर्ष की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपीएमयू के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ उमर अयूब और संचालन अंजुमन फरोग ए उर्दू के अध्यक्ष मो एकबाल ने किया।

# साहित्योदय साहित्य समागम में जुटे झारखंड व बिहार के रचनाकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति साहित्योदय के तत्वावधान में साहित्य समागम 2023 का आयोजन किया गया जिसमें रांची सहित झारखंड और बिहार के रचनाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिवायन पोस्टर का विमोचन किया गया। इसके साथ ही कृष्णायण ग्रंथ वितरण, लन्दन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड सम्मान समारोह और काव्यपाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने साल 2023 में साहित्योदय की उपलब्धियों के साथ साथ अगले वर्ष शिवायन सहित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शिवायन महाकाव्य का सृजन किया जा रहा है। जिसका विमोचन अगले वर्ष ऋषिकेश में प्रस्तावित श्री नीलकंठ अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इठ स्कूल के निदेशक रामजी यादव ने साहित्योदय के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी रचनाकारों का स्वागत किया। मंत्रोच्चारण रेणु झा रेणुका ने किया। सुरिन्दर कौर नीलम ने सरस्वती वंदना किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश रमण, रंगोली सिन्हा और अस्मिता साई पाल ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ रजनी शर्मा चंदा, खुशबू बरनवाल और किशोरी भूषण ने किया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा रविवार को गरीब और असहाय लोगों को ठंड से राहत के लिए कंबल का वितरण किया गया। जगन्नाथपुर स्थित लीची बगान में जरूरतमंदों एवं खासकर बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मारवाड़ी युवा मंच ने राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके लिए के तहत यह कार्यक्रम किया। बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम संयोजक गौतम अग्रवाल एवं यश सुरेखा थे। अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि ठंड अत्याधिक बढ़ गई है। इसे देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल का वितरण एवं अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, रोहित सरावगी, शैंकी रायका, अंशु भारती, गौरव पोद्दार और रमन बगड़िया ने सहयोग किया।

## किताब उत्सव का अंतिम दिन

# जल्द बनेगी साहित्य अकादमी : महुआ

### मेरे अंदर का लेख जिंदा है, साहित्य ने मुझे बेहतर राजनीतिज्ञ बनाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
किताब उत्सव के अन्तिम दिन रविवार को पहला सत्र ' साहित्य और राजनीति ' विषय पर केंद्रित रहा। इस सत्र में राज्यसभा सांसद एवं लेखक महुआ माजी से धर्मेन्द्र सुशांत ने उनके लेखन और राजनीतिक जीवन पर बातचीत की। महुआ माजी ने रांची शहर में किताब उत्सव के जरिए एक साहित्यिक माहौल देने के लिए राजकमल प्रकाशन और डॉ. रामदयाल मुंडा का आभार व्यक्त करते हुए कहा राजनीति में आई हूं पर अंदर का लेखक जिंदा है। साहित्य ने ही मुझे राजनीति में संवेदनशीलता से काम करना सिखाया है। विकास या विध्वंश के सवाल पर उन्होंने कहा कि जंगल लूटने के लिए केंद्र सरकार ने नया फॉरेस्ट बिल पास कराया है। साहित्य अकादमी के सवाल पर उन्होंने बताया कि झारखंड में भी जल्द साहित्य अकादमी बनाई जायेगी। इस दौरान महुआ माजी के हाथों आदिवासी महोसव 2023 के ट्राइबल क्यूजीन प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दोपहर से हमारा झारखण्ड हमारा गौरव सत्र में योगेंद्र नाथ सिन्हा के साहित्यिक जीवन पर चर्चा हुई। इस सत्र के वक्ता के रूप में विद्या भूषण उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार विद्या भूषण ने बताया कि योगेंद्र नाथ सिन्हा का लेखन मुख्यता हो जनजाति के जीवनशैली पर रहा। योगेंद्र नाथ सिन्हा ने 56 कहानियां आदिवासी समुदाय की पृष्ठभूमि पर लिखा। तीसरे सत्र का विषय रहा विरासत निमार्ता जिसमें रघुनाथ मुर्मू, लाको बोदरा, पंडित आयता उरांव और प्यारा केरकेट्टा के जीवन और संघर्ष पर विशेष चर्चा की गई। इस सत्र में दूमनी माई मुर्मू, दयामनी सिंकु, प्रेमचंद उरांव और डॉ. तरकेलेंग कुल्लू ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से झारखंड के विरासत निमार्ताओं को याद किया।

## रोस्टर घोटाले से नियुक्ति में ओबीसी आरक्षण हुआ शून्य

रांची। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि रोस्टर घोटाले के कारण राज्य में होने वाले 8919 आरक्षियों की नियुक्ति के विज्ञापन में ओबीसी का आरक्षण शून्य है। जो ओबीसी समुदाय के साथ अनुचित व्यवहार है। उन्होंने कहा कि आरक्षियों की नियुक्ति में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने के कारण गांव से शहर तक के अभ्यर्थियो में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने रोस्टर घोटाले की जांच करने की मांग उठाया था। इधर लगातार देखा जा रहा है कि जेपीएससी या जेएसएससी जो भी नियुक्तियां निकल रही है। उसमें ओबीसी को न्यूनतम आरक्षण का प्रावधान किया जा रहा है। इसका कारण बताया जाता है कि रोस्टर में ओबीसी का पद रिक्त नहीं है। जबकि इसका एकमात्र कारण रोस्टर में घोटाला है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की मुख्यमंत्री से मांग है कि अबिलंब रोस्टर की जांच पड़ताल कर घोटाला में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई करें।



## एक नजर

### बाबूलाल ने होटवार जेल के सुपरिटेंडेंट की तारीफ की



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि होटवार जेल के सुपरिटेंडेंट राबर्ट बेसरा सख्ती से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। बेसरा कानून सम्मत बढ़िया काम कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को नसीहत भी दी है। राबर्ट को प्रोत्साहित करने की अपील भी की है। बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर रविवार को मुख्यमंत्री को टैग कर कहा कि उन्होंने सुना है कि होटवार जेल में ईडी के केस में बंद आपके कमाउ चेलों को युवा संताल आदिवासी नये जेल सुपरिटेंडेंट राबर्ट बेसरा की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह यह सुपरिडेंटेंट प्रेम की लीला के मायाजाल में फंस नहीं रहा। इतना टाईट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में दिन में ही तारे दिखाई दे रहे हैं।

### आजसू आज पूरे प्रदेश में मनाएगी शहीद निर्मल महतो की जयंती

**रांची।** आजसू पार्टी आज आजसू के संस्थापक और झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती राज्यभर में मनाएगी। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने रविवार को कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता निर्मल महतो का नाम झारखंड के वजूद से जुड़ा है। निर्मल दा हमारी सोच को ऊर्जा प्रदान करते हैं। उनकी जयंती पर आजसू पार्टी राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन करेगी। इस दौरान निर्मल महतो के सोच को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री राम चन्द्र सहिस करेंगे। शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती पर जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

### किसानों से धान खरीदने के लिए सरकार लेगी 1000 करोड़ कर्ज

**रांची।** सरकार खरीफ विपणन मौसम 2023-24 के धान खरीद को लेकर बैंक से 1000 करोड़ रुपये कर्ज लेगी. इसको लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से अंतिम चरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (जेएसएफसी) के प्रबंध निदेशक यतींद्र प्रसाद ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (इओआइ) निकाल कर बैंकों को लोन देने के लिए आमंत्रित किया है। निविदा खोलने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर निर्धारित की गयी है। वित्त विभाग की सहमति मिलने के बाद सरकार संबंधित बैंक से कर्ज लेकर धान खरीद की प्रक्रिया शुरू करेगी। सरकार ने इस वर्ष धान खरीद का लक्ष्य 36.30 लाख क्विंटल से बढ़ा कर 60 लाख क्विंटल कर दिया है। इस साल केंद्र सरकार की ओर से साधारण धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. वहीं, ग्रेड-ए धान के लिए 2203 रुपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया है। इस राशि के अलावा किसानों को राज्य सरकार की ओर से 117 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा।

# नए साल में झारखंड को मिलेगा रेल मंत्री का तोहफा

- देवघर-गोड्डा रेल लाइन की होगी शुरूआत
- संताल परगना के लोगों की चमकेगी किस्मत

## ■ संताल परगना को जोड़ने में रेल लाइन मील का पत्थर ■ बासुकीनाथ-चितरा रेल परियोजना पर 281 करोड़ होंगे खर्च

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

अयोध्या और गोड्डा में साथ-साथ आध्यात्म और विकास का शंखनाद होगा। मोदी शासनकाल में भारत वैभव की राह पर नित्य बढ़ रहा है। जनवरी का महीना स्वर्णिम काल होगा। इतिहास के पन्नों में आध्यात्मिक पल अयोध्या। विकास और विश्वास का पल देवघर से गोड्डा रेलखंड पर ट्रेन सेवा का परिचालन।

संयोग है कि यह एक ही कालखंड में हो रहा है। भारत जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। तब संताल परगना का पिछड़ा इलाका रेल के माध्यम से राष्ट्रीय पटल पर आया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस सेवा को शुरू करेंगे। दूसरा इतिहास यह भी होगा जब देवघर के चितरा से बासुकीनाथ और फिर जामताड़ा रेलखंड तक नई लाइन बिछेगी। तीन चरण में पूरा होने वाले इस परियोजना का भी शिलान्यास होगा। सांसद निशिकांत दुबे हमेशा कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण गोड्डा आदर्श लोकसभा बन रहा है।




संताल परगना आजादी के बाद से पिछड़ा था और इसके विकास की ठोस परिकल्पना भी कभी नहीं की गई थी। केवल कहा जाता रहा, हुआ कुछ नहीं। 2009 के बाद गोड्डा संसदीय क्षेत्र में विकास की सुगबुगाहट आई। 2014 के बाद विकास की राह पर चलना शुरू किया और 2019 के बाद से तो रेल, सड़क और वायु सेवा की सौगात ने संताल को गति दे दिया।

क्षेत्र के लोगों ने कभी नहीं सोचा था कि गोड्डा से देवघर और फिर हावड़ा-दिल्ली रेलखंड से सीधे जुड़ जाएंगे। अब वह घड़ी आ गई। गोड्डा से देवघर सीधी रेल लाइन पर गाड़ियों का परिचालन जनवरी में शुरू होगा। मोहनपुर से हंसडीहा रेल लाइन का काम पूरा हो गया। इसका उदघाटन रेलमंत्री करेंगे।



> नया साल में प्रभु श्रीराम घर आ रहे हैं। यह खास मौका है, जब गोड्डा में भी एतिहासिक विकास हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी के चलते हो रहा है। नया साल में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से देवघर-गोड्डा में रेलवे के कई प्रोजेक्ट के शिलान्यास एवं उदघाटन का आग्रह किया है। उन्होंने उनका न्योता स्वीकार कर लिया है। मोहनपुर-जसीडीह रेल लाइन पर रेल सेवा का उद्घाटन करेंगे। बासुकीनाथ-चितरा और गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन के पहले फेज के साथ-साथ मधुपुर बायपास का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को इस विशेष तोहफा के लिए आभार। – निशिकांत दुबे, सांसद।

उसके बाद गोड्डा रेल की पटरी पर इतिहास लिख देगा।

सड़क की तरह रेल का जाल इस पिछड़े इलाके में बिछा दिया गया है। बासुकीनाथ से ट्रेन खुलकर चितरा आएगी और चितरा से जोड़ामो होते हुए जामताड़ा को जोड़ देगी। यह रेल शुद्ध ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरेगी। संताल परगना को जोड़ने में यह मील का पत्थर साबित होगा। उसी तरह गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन है।

इसमें बटेश्वर तक जब यह बनेगा तो गंगा को पार कर जाना आसान हो जाएगा। तो कल तक टापू की तरह गांव कस्बा का इलाका सीधे मुख्यधारा में आ जाएगा। देवघर और मधुपुर में रेलवे बायपास देकर भी एक नया प्रयोग रेलवे ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र में किया है।

रेलवे ने बासुकीनाथ-चितरा रेल परियोजना का काम 20 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। 281 करोड़ रुपये इस पर खर्च होना है। तीन में अलग अलग निविदा निकाली जाएगी। इसमें रेल ट्रैक, पुल-पुलिया, भवन, आरओबी, एप्रोच रोड, स्टेशन का कार्य के साथ-साथ रेलवे लाइन का विद्युतीकरण भी होना है। अभी पहले चरण की निविदा निकाली गयी है।

21 फरवरी 2024 तक निविदा की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले चरण में बासुकीनाथ से पुसला गांव तक 13 किलोमीटर का काम होगा। दूसरे चरण में बासुकीनाथ चितरा रेल लाइन का विस्तार होगा। इसमें जसीडीह रेलखंड पर जोड़ामो स्टेशन तक होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर बासुकीनाथ, सारठ, सोनारायठाढ़ी, पालोजोरी, और जामताड़ा के लाखों लोगों को फायदा होगा। उनका सफर सुलभ और सस्ता हो जाएगा।

### संविधान में एसटी के लिए व्यवस्था की गई है इसमें धर्मांतरित एसटी को आरक्षण नहीं देने की बात

# ईसाई-मुस्लिम बने आदिवासी को आरक्षण का लाभ नहीं : कड़िया

### मुस्लिम या ईसाई बनने पर जाति की पहचान मिट जाति है तो आदिवासी पहचान कैसे नहीं मिटती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है की धर्मांतरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नहीं मिले। इस मुद्दे को स्व. कार्तिक उरांव संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था। ताकि जो व्यक्ति जिसने जनजाति आदि मत तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है। उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा।



सेवानिवृत न्यायाधीश प्रकाश सिंह उईके कहा कि भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति के लिए व्यवस्था की है कि जो अनुसूचित जाति के लोग मुस्लिम या ईसाई धर्म ग्रहण करेंगे। उसे अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलेगा। जब मुस्लिम या ईसाई बनने पर जाति की पहचान मिट जा रही है। तो आदिवासी की पहचान भी ईसाई या मुस्लिम धर्म में जाने पर उसकी आदिवासी की पहचान मिट जाती है।

### 12 करोड़ आदिवासियों की आवाज हैं : खेरवार

जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केंद्रीय टोली सदस्य सत्येंद्र सिंह खेरवार ने कहा कि डीलिस्टिंग डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना और देशभर के 12 करोड़ परंपरागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजातियों का कराहती हुई आवाज है। धर्मांतरित ईसाई पचहत्तर वर्षों से जबरन अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ लगातार लेते आ रहें हैं। जबकि ईसाइयों को एस टी है। कार्यक्रम में रामकुमार पाहन, दीवाकर मिंज, संदीप उरांव, मेघा उरांव, पिंकी खोया, ललिता मुर्मू, सोमा उरांव सहित कई लोगों ने अपनी बातें रखीं।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की 100वीं जयंती आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती सोमवार को है। भारतीय जनता पार्टी अटल जी की जयंती को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। बबन गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश में सभी बूथों सहित शक्ति केंद्र एवं सांगठनिक जिला स्तर पर भव्यता के साथ सुशासन दिवस को मनाया जाएगा। पार्टी के पदाधिकारी, सांसद विधायकगण, जन प्रतिनिधि अपने अपने स्थानों पर अटल जी की प्रतिमा, चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन करेंगे। बताया कि जिला स्तर पर अटल जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व की चर्चा केलिए गोष्ठी, काव्यांजलि, का आयोजन किया गया है जिसमे प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी धनबाद नगर में गोष्ठी को संबोधित करेंगे। बताया कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सरायकेला खरसावां, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जमशेदपुर महानगर में और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रांची महानगर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।



अन्य जिलों की गोष्ठियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि रांची ग्रामीण जिला में प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, गुमला प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, लोहरदगा प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, खूंटी अविनेश कुमार सिंह, रामगढ़ बालमुकुंद सहाय, सिमडेगा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा व मुनेश्वर साहू, चाईबासा डॉ अरुण उरांव, पूर्वी सिंहभूम जेबी तुबिद, गोड्डा विधायक अनंत कुमार ओझा, दुमका केदार हाजरा, साहेबगंज लुइस मरांडी, देवघर सांसद सुनील कुमार सिंह, पाकुड़ विनोद शर्मा, जामताड़ा सरोज सिंह, हजारीबाग रविंद्र कुमार राय, बोकारो गणेश मिश्र, धनबाद ग्रामीण सांसद समीर उरांव और गिरिडीह विधायक बिरंची नारायण संबोधित करेंगे।

# आने वाले समय में राज्य के कई अधिकारी जेल में नजर आएंगे : जफर इस्लाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद जफर इस्लाम ने इंडी एलायंस और हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। जफर इस्लाम रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन के खिलाफ करप्शन से जुड़े कई पुख्ता प्रमाण ईडी के पास हैं। आखिर गलत नहीं किया तो क्यों डर रहे। भागने से बच भी नहीं सकते। अंततः उन्हें जेल भी जाना ही होगा। इसी आशंका में वे ईडी के पास छह-छह समन के बावजूद नहीं गये हैं।




उन्होंने किसी अधिकारी का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ अधिकारी अपनी करतूत से यहां जेल तक जा चुके हैं। कई और अधिकारी भी ऐसे हैं, जिन्हें लगता है कि वे आजीवन वर्तमान मुख्यमंत्री के संरक्षण में सुरक्षित रहेंगे। साथ ही इस आधार पर वे करप्शन में भी लिप्त हैं। यह भी तय है कि वे जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। उनके खिलाफ रिकॉर्ड जांच एजेंसियों के पास हैं। अंततः उन्हें भी जेल जाना होगा।

सैयद इस्लाम ने कहा कि घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गिरोह है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारियों के स्लीपर सेल का सरगना और उनकी राज्य सरकारें स्लीपर सेल। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार की देन है। यहां आकंठ भ्रष्टाचार है। बंगाल में बुआ-भतीजा, बिहार में नीतीश-लालू, तमिलनाडु में स्टालिन और उनके दामाद, केरल में वामपंथी सभी लूट में शामिल हैं। इन सरकारों को जनता की भलाई से कुछ भी लेना देना नही। इन्हें केवल अपने परिवार की चिंता है।

उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन अब लठबंधन बन चुका है। ये संवैधानिक संस्थाओं पर लाठी मार रहे। कभी आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने पर अपमानित करते हैं। कभी गरीब जाट किसान परिवार से आए उप राष्ट्रपति का अपमान करते हैं। राहुल गांधी मिमिक्री का वीडियो बनाकर संसद को लाफ्टर शो की तरह चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सांसदों का निलंबन उचित है जब प्रतिनिधि संविधान और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाएं।

### हेमंत सोरेन कल आएंगे चतरा, 470 करोड़ की देंगे सौगात

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडलीय मुख्यालय आ रहे हैं। 470 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास के साथ परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम ईदगाह मैदान में होगा। सिमरिया ईदगाह मैदान में भव्य पंडाल बनाया गया है, जिसमें पंद्रह से बीस हजार लाभुकों को बैठने की व्यवस्था की गई है। इस साल मुख्यमंत्री का चतरा जिला में यह तीसरा कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेट के सहयोगी श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण सह कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता भी रहेंगे।



### सीएम 161 विभिन्न योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

कार्यक्रम स्थल से ही मुख्यमंत्री विभिन्न 161 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिसकी प्राक्कलित राशि 137 करोड़ से अधिक है। इसी प्रकार 241 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसका प्राक्कलन 112 करोड़ रुपये के करीब है। वहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1,13,700 लाभुकों के बीच 221 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रविवार को उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन तैयारियों का जायजा लिए और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता व दूसरे अन्य अधिकारी भी शामिल थे। सीएम के आगमन का मिनट-टू-मिनट देर शाम तक आने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई है।

### सीएम 27 को जाएंगे लातेहार

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 दिसंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेने लातेहार जायेंगे। वे लातेहार सदर प्रखंड के कुंदरी गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 400 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। साथ ही आम लोगों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। मंच और पंडाल बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। यहां लगभग पांच हजार से अधिक लोगों को बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में लातेहार डीसी हिमांशु मोहन ने बताया कि मुख्यमंत्री का आगमन 27 दिसंबर को लातेहार के कुंदरी गांव में होगा।

# अलविदा 2023: सरकार के वो फैसले जो बनीं सुर्खियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार ने साल 2023 में कई ऐसे फैसले लिए जो काफी सुर्खियों में रहीं। सुर्खियां ऐसी वैसी नहीं बल्कि इसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होने लगी। राजनीतिक मायनों से काफी महत्व रखने वाले इस फैसले के आने के बाद कई बार टकराव की स्थिति भी बनती दिखी। सत्ता पक्ष और विपक्ष कुछ मुद्दों पर उलझते दिखे। इन फैसलों में ओबीसी आरक्षण संबंधी 2022 के बिल को राजभवन द्वारा लौटाए जाने के बाद सत्तापक्ष राजभवन पर निशाना साधती रही। हाल ही में संपन्न विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार ने एक बार फिर सदन से इस बिल को पास कराकर राजभवन को दोबारा भेजा है। ओबीसी आरक्षण के अलावा किन्नर को ओबीसी सूची में शामिल किए जाने के फैसले पर सरकार को आलोचना झेलनी पड़ी। कई ओबीसी संगठन द्वारा इसका विरोध किया जाता रहा। थर्ड जेंडर समुदाय के कुछ संगठन ने भी इसके खिलाफ मुखर हुए। इस साल बिहार में हुए जाति आधारित सर्वे के बाद झारखंड में भी इसकी मांग जोर पकड़ने लगी। आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में जाति आधारित सर्वे कराने की घोषणा की गई। झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय जो बनी 2023 में सुर्खियां: 2022 में विधानसभा से पारित ओबीसी आरक्षण संबंधी बिल को राजभवन ने लौटाया, शीतकालीन सत्र 2023 में फिर से पारित कर सरकार ने राजभवन को भेजा। झारखंड में किन्नरों को ओबीसी सूची में लाने का हेमंत सरकार का फैसला। झारखंड सरकार के पांच पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में एसीबी में पीई दर्ज करने का फैसला हेमंत सरकार द्वारा लिया गया।



शहरी क्षेत्र में अपने निजी जमीन पर पेड़ लगाने पर प्रति वृक्ष पांच यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय। संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत महिलाकर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की फैसला झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 की स्वीकृति, नकल करते पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा अधिकतम 10 करोड़ तक का जुमार्ना का प्रावधान। अबुआ आवास योजना के जरिए चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार और 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास देने का निर्णय लिया गया।

इसी प्रकार राज्य के प्रारंभिक विद्यालय के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति-प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली की स्वीकृति दी गयी। हेमंत सरकार ने झारखंड के गरीब और पिछड़े बच्चों की शिक्षा के लिए गुरु जी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की। इसके अलावा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत जरूरतमंद कैंसर रोगी को 25 लाख तक की चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय लिया।

हेमंत सरकार ने 25 जुलाई 2023 को कैबिनेट की बैठक में पांच पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में एसीबी में पीई दर्ज करने का फैसला लिया। इस फैसले के बाद सरकार पर विपक्ष द्वारा राजनीतिक विद्वेष के तहत फैसला लेने का आरोप लगाया जाता रहा। विपक्ष के आरोप पर सत्ता पक्ष भी सफाई देने में जुटी रही। इन सबके बीच सरकार साल 2022 की तरह 2023 में भी सरकारी कर्मचारियों पर मेहरबान बनी रही। राज्य में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह मातृत्व अवकाश की सुविधा देने का बड़ा फैसला लिया। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने में कई वजहों से सुस्त रही। जेपीएससी की 11वीं सिविल सेवा के विज्ञापन का इंतजार छात्र सालों भर करते रहे।

## सुमन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 'आ अब लौट चलें' कार्यक्रम के तहत रांची के विद्या नगर में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में सुमन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के सशक्त नेतृत्व और राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से लोगों की कांग्रेस के प्रति आस्था बढ़ी है। यही वजह की आज इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं कांग्रेस पार्टी का दामन थाम रही है। कांग्रेस पार्टी ही है जिसने देश की पहली महिला पीएम इंदिरा गांधी को बनाया। देश की पहली राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बनाया। देश का पहला लोकसभा स्पीकर महिला मीरा कुमारी को बनाया। राज्य में हमारे गठबंधन की सरकार हमारी महिलाओं की बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं। इनमें फूलों झानो, आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्रवृत्ति योजना, झारखंड निर्माण श्रमिक विवाह सहायता योजना, झारखंड महिला किशोरी कल्याण योजना सहित अन्य शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि महंगाई की मार से महिलाओं का चूल्हा जल चुका है। आज महिलाएं बच्चों को लेकर चिंतित हैं।

## नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन को लेकर जदयू ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्य समिति की एक बैठक स्थानीय परिषद में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया एवं संचालन जिला सचिव संजय राम ने किया । बैठक में आगामी 21 जनवरी को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन पर कार्यक्रम पर चर्चा की गई ,एवं कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपनी राय एवं सुझाव दिया । जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रखंडों का युद्ध स्तर पर नेता दौरा करें ,एवं कार्यक्रम में हजारों की उपस्थिति बनाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला प्रवक्ता स वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश सचिव चंद्र मोहन पटेल, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ,जिला सचिव सुजाता सिंह, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साबिर खान, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष छोटन पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

### रात्रि मिस्सा में बिशप आनंद जोजो ने दिया प्रभु येसु का संदेश

# प्रभु येसु मसीह ने रात्रि में जन्म लिया आज क्रिसमस की धूम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** रात्रि ठीक 12 बजे प्रभु येसु के जन्म के समयानुसार गिरजाघर की घंटी बज उठी सभी ईसाई विश्वासी ने एक दूसरे क्रिसमस की बधाई दिया,क्रिसमस उत्सव सामारोह का शुभारम्भ रूपांतर महागिरजाघर कैथोलीक आश्रम में मध्य रात्रि मिस्सा पूजा से हुआ रात्रि ग्यारह बजे बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में प्रभारी पल्ली पुरोहित फा रेमंड सोरेंग, फा विजय एक्का, फा मनोज तिर्की, फा टॉमी, फा अनिल,फा अब्राहम,फा राजेंद्र टेटे के साथ मिस्सा पूजा किया।बिशप आनंद जोजो ने सर्वप्रथम प्रभु येसु का जन्म स्थान चरनी को पवित्र जल आशीष किया। बिशप आनंद ने अपने सन्देश में कहा कि ईसा मसीह का जन्म मानव जाति एवं सारी सृष्टि में मेल मिलाप, प्रेम, सेवा, शांति और एकता स्थापित करने के लिए हुआ था। उनके इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए माता मरियम ने ईश्वर को मदद किया हमें उनसे इस आचरण से सीख लेनी चाहिये, सभी झारखण्ड वासियो को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनायें ईसा मसीही के आशीर्वाद से झारखण्ड वासी सुखी - सम्पन्न बनी रहें और अमन-चैन बना रहें,भक्ति गीत का संचालन कोर्रा के विश्वासियों ने किया फरदीनन्द लकड़ा, फा रेमंड,कथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ के सहयोग से चरनी, गिरजाघर का सजावट किया गया।इस अवसर पर ईसाई और अन्य विश्वासी गण भी उपस्थित थे मेरु बी एस एफ कैम्प से भी मिस्सा पूजा में भाग लिया, मिस्सा पूजा के बाद सभी ने हाथ मिला कर गले मिल कर एक दूसरे को बधाई दिया और आदिवासी नृत्य किया।प्रभु का रूपांतर महागिरजाघर में सुबह 7:30 बजे भी फा विनसेंट हांसदा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। संत स्टीफन सीएनआई चर्च नया बस स्टैंड रात्रि साढ़े ग्यारह बजे पल्ली पुरोहित मनोज नाग के नेतृत्व में मिस्सा पूजा किया गया इस अवसर गिरजाघर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, बड़े बूढ़े जवान बच्चें नये आकर्षक परिधान में दिख रहें थे मिस्सा पूजा के बाद केक का भी वितरण किया गया

## पिकनिक स्पॉट के लिए बेहतरीन है सूरजकुंड के आसपास का क्षेत्र



दूर दराज स्थान से आते हैं लोग पिकनिक मनाने

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर प्रकृति की गोद में बसा बरकट्ठा का पर्यटक स्थल सूर्यकुण्ड दिसम्बर आते ही सैलानियों को खूब लुभाने लगा हैं । सैलानी प्रकृति की सुन्दरता को निहारने एंव अनुभव करने बरकट्ठा, बरही, चौपारण, बगोदर, इसरी सहित आसपास जिला वासियों का आवागमन तेज हो गया है। सूर्यकुण्ड के बगल नदी, पहाड़, और हरे भरे वृक्षों की सुन्दरता और बढ़ जाती है. जब दिसम्बर और जनवरी महीनो में मनमोहक हवाओं और सूर्य की तेज किरने पड़ती है। मानो आसमा से कोई अमृत बरसा रहा होता हैं। दिसम्बर महिना आते ही अब धीरे धीरे सैलानी सूर्यकुण्ड के मनमोहक वादियों में घुमने आने लगे हैं इस सूर्यकुण्ड में सरकार, प्रसाशन अगर ठंडा पानी पिने की वयवस्था करे तो सैलानी की परेशानी नहीं होगी। ठंडा पानी को लेकर स्थानीय मुखिया ललिता देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर गुहार लगाई परंतु अभी तक कोई पहल नहीं इतना ही नहीं कई बार स्थानीय अन्य जनप्रतिनिधि ने मांग की हैं। विधायक जानकी प्रसाद यादव कार्यकाल में गेस्ट हाउस, पुरुष और महिलाओं के लिए अलग अलग नहाने का कुंड आदि की निर्माण की गई। लेकिन पिने का पानी नहीं रहने के कारन सब सैलानी को आधुरा मह्सुश होता है। साथ ही सूर्यकुण्ड परिसर में बच्चों के लिए झुला लगा हैं। वही मकर संक्राति के शुभ अवसर 15 जनवरी से 30 जनवरी तक मेला लगता है। इस मैला में बुगी बुगी थियेटर, झुला, मौत का कुआं, ब्रेक डांस सर्कस, घरेलु सामान आदि उपलब्ध रहता हैं।

## एक नजर

### फल-सब्जी उत्पादक समिति की आमसभा कमेटी का गठन

**रामगढ़।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पैक्स कार्यालय में शनिवार को पतरातू प्रखंड के फल-सब्जी उत्पादक समिति लिमिटेड की आमसभा का आयोजन हुआ । अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने किया। आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि पतरातू बीसीओ राजेश एक्का, विशिष्ट अतिथि पतरातू प्रखंड के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार उपस्थित थें। आमसभा में फल-सब्जी उत्पादक समिति के समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सौंदा डी निवासी सह पूर्व उपप्रमुख अनिल सिंह को फल-सब्जी उत्पादक समिति का पतरातू प्रखंड अध्यक्ष, जयवीर दांगी को सचिव व निशा देवी को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में नकुल महतो, महावीर साव, शंभुनाथ राउत, सुनील कुमार सिंह, कलावती देवी, सीता देवी, सरिता देवी, सुमित्रा कुमारी शामिल हैं।

### चार दिन से लापता बच्चे को आपीजीसी ने परिवार से मिलाया

**हजारीबाग।** आज 24 दिसंबर को सुबह ही आई पी जी सी की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजुला कुमारी के द्वारा एक बच्चे की गुमशुदगी की जानकारी मिलते ही हजारीबाग टीम की महिला अधिकारी प्रीति कुमारी( जिला सहायक सचिव ) के द्वारा बच्चे की पहचान कर इसकी जानकारी हजारीबाग के जिला अध्यक्ष विकास कुमार को दी । तत्पश्चात तत्काल कटकमदाग थाना प्रभारी से बात कर इस बच्चे के माता पिता की जानकारी दी और साथ ही इस बच्चे के परिवार वालों को भी बच्चे के मिलने की जानकारी दी और उन्हे कटकमदाग थाना ले जा कर बच्चे को परिवार वालो को सुपुर्द किया। यह बच्चा तीन चार दिनों से लापता था । यह कुछ बोल भी नहीं रहा था। जिस कारण इस बच्चे को कटकमदाग थाना में रखा गया था । आज फिर हजारीबाग टीम की सूझ बूझ और साहस से एक बच्चे को उनके परिवार जन से मिलाने का नेक कार्य किया।

### छात्रों को डिग्री नहीं देना सरकार को बदनाम करने की साजिश : चंदन सिंह

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में छात्रों को सर्टिफिकेट नहीं देने का मामला अब राजनीतिक रंग लेने लगा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र नेता चंदन सिंह ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए छात्रों को सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराया गया. उनका कहना है कि 6 महीना बीत जाने के बाद भी कुलपति की नियुक्ति राजभवन नहीं कर पाया. कहीं ना कहीं से राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है. चंदन सिंह ने कहा कि पिछले कई दिनों से सैंकड़ों छात्र विश्वविद्यालय में सुबह से रात तक अपनी वर्षों से अर्जित उपाधि लेने के लिए खड़े रहते हैं. छात्र मोर्चा के पदाधिकारी छात्रों के सहयोग के लिए तत्पर हैं. कुलपति के ना होने से डिग्रियों में साइन नहीं हो पा रहा. परीक्षा विभाग की नाकामी भी छात्रों की परेशानी का कारण बना है।

## बरकट्ठा पुलिस ने साइबर क्राइम के आरोप में चार को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने चार साइबर आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा है। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर प्रतिबिम्ब एप के माध्यम से थाना क्षेत्र के मासीपीढी निवासी सुजीत कुमार पिता रामा राम,सोनू कुमार पिता किशोर राम बरवां निवासी अंगेश्वर कुमार पिता चौधरी महतो और कपका निवासी सोनू कुमार पिता भीम महतो के द्वारा अपने मोबाइल से व्हाट्सएप के जरिए स्कॉट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अलग-अलग नंबरों से संपर्क करके मोबाइल पर स्कोका और सिंपल एस्कॉर्ट्स सर्विस वेबसाइट के जरिए लड़कियों महिलाओं का आपति जनक तस्वीर भेजकर उनसे सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा है । इसके आधार पर छापामारी कर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 237/23 के तहत अंकित कर प्राथमिक अभियुक्तो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# आरोग्यम आई केयर की ओर से सेवा सदन में लगाया गया निशुल्क नेत्र जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले का सबसे सर्वश्रेष्ठ आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा लोगों के बीच आंखों की इलाज को लेकर बृहद रूप में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम मे रविवार को सेवा सदन बरकट्ठा मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 मरीजों ने अपनी आंखों का इलाज करवाया। सभी का आरोग्यम आई केयर यूनिट के आंख चिकित्सा डॉ विवेक कुमार ने चिकित्सीय जांच किया और उचित चिकित्सा परामर्श दिया। कैंप में 30 लोगों को आंखों का ऑपरेशन कराने और 200 लोगों को दवा एवं चश्मा के साथ इलाज कराने का सलाह दिया गया। साथ ही कभी भी असुविधा पहुंचने पर अस्पताल आने की सलाह दी गई है। शिविर को देखकर आसपास के लोगों में काफी खुशी देखने को मिली उन लोगों ने कहा कि हमें दूर दराज जाना पड़ता है अपने आंखों का इलाज करने के लिए हम धन्यवाद देते हैं अस्पताल के निर्देशक और पूरी टीम को, की यह सेवा हमारे गांव तक उपलब्ध करा रही है।आरोग्यम हॉस्पिटल की निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की आंखों के इलाज को लेकर अस्पताल के द्वारा लगातार जागरूकता चलाया जाएगा, यह जागरूकता अभियान निरंतर रूप से चलता रहेगा। हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया जा रहा है और लोगों को यह बताया जा रहा है की हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में आंखों से संबंधित संपूर्ण इलाज किया जाता है। वो भी किफायती दर पर और आधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध है। शिविर के सफलता में आरोग्यम आई केयर यूनिट के नेत्र विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट विकाश कुमार गुप्ता, निशा मिश्रा, नर्सिंग स्टॉफ अविनाश सहित कई लोगों ने शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना अहम योगदान दिया।

## युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना आवश्यक : संत नागेन्द्र दास

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत रामेश्वर टोला में संतपति स्वामी शिवनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी०) के मैनेजिंग ट्रस्टी संत नागेन्द्र दास ने स्वामी शिवनारायण विरचित गुरू अन्यास ज्ञान दीपक ग्रंथ जयंती-समारोह (अगहन त्रयोदशी) के राष्ट्रीय संत सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं बाहर से आए हुए अनेकों पंथअनुयाईयों को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना अति आवश्यक है। कहा कि परिवार के बुजुर्गों को बच्चों के लालन-पालन के अलावा उनके अन्दर ऋषियों मुनियों के बताए हुए रास्ते के अनुसार आध्यात्मिक ज्ञान चर्चा करते हुए उनके अन्दर बिना भेद भाव के मानवीय मूल्यों को उच्च स्तर तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए।इस अवसर पर स्वामी शिवनारायण मत पंथ के अनुसार शुक्रवार सायं श्वेत झंडे की स्थापना रस्म अदायगी से प्रारम्भ हो गया है।

## आगामी 16 जनवरी को टुसू परब सह सम्मान समारोह का आयोजन, सुधीर मंगलेश बने मुख्य संयोजक



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरु में टुसू परब के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रविवार को बैठकर आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करमचंद कुमार व संचालन सपूत कुमार ने किया। आयोजन समिति के मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश ने बताया कि 16 जनवरी को टुसू परब सह सम्मान समारोह प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया जाएगा। बताया की सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा । सुधीर मंगलेश ने कहा कि टुसू परब हमारे संस्कृति और प्राकृतिक उत्साह और उमंग का त्यौहार है जिसे झारखंडी लोग काफी उत्साह के साथ मनाते हैं। बैठक में आयोजन को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप गई। मौके पर आयोजन समिति मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश, अध्यक्ष लिलेश्वर महतो, सचिव छोटन, कोषाध्यक्ष राजकुमार महतो, व्यवस्थापक उत्तम कुमार, मीडिया प्रभारी अमित कुमार कुमार, रामप्रसाद महतो, विनोद कुमार, चेतलाल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री रामलीला-कृष्ण लीला महासमिति का हुआ गठन, होगा भव्य राम उत्सव का आयोजन




**हजारीबाग।** अयोध्या के बाद भगवान राम की दूसरी नगरी हजारीबाग के धर्म प्रेमियों एवम कलाकारो के द्वारा कला के माध्यम प्रभु श्री राम एवं श्री कृष्ण के जीवन को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज श्री राम लीला समिति हजारीबाग का विस्तार करते हुए श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति का गठन किया गया। स्थानीय डॉल्फिन रिजॉर्ट में आयोजित बैठक में रामलीला समिति के अध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव,सचिव विशाल कुमार एवं कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता मुख्य निर्देशक राकेश गौतम ने संयुक्त रूप से समिति का विस्तार करते हुए बतौर संरक्षक विकास कुमार,हर्ष अजमेरा, राजीव रंजन मिश्रा ,डॉक्टर अमला राणा को मनोनीत किया इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी समिति के संयोजक सुबोध सिन्हा,कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत सिन्हा ,डॉक्टर प्रह्लाद सिंह ,बबलू सिन्हा एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक को दिया गया। इस बैठक में विशेष तौर से सभी पदाधिकारियों के साथ अनिता कुमारी डॉक्टर राजीव रंजन, आदि उपस्थित थे।

## कल्याण आश्रम में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव के सौजन्य से दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं जांच के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। एच. जेड .बी.आरोग्यम, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हजारीबाग के द्वारा 800 लोगों का जांच किया गया और निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार और सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार के द्वारा लोगों की जांच की गई। वहीं विधायक ने अपनी निजी खर्च से नेत्र रोग के लगभग 100 लोगों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया । साथ ही मोतियाबिंद से ग्रसित लगभग 100 लोगों का ऑपरेशन का जिम्मा विधायक ने उठाया। मौके पर विधायक ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर से जहां लोग अपनी स्वास्थ्य की जांच कराते हैं वहीं लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार मंडल, इंद्रदेव यादव, उमेश यादव, विजय यादव,अनील कुमार आजाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

# सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर

### सकुशल वापसी के लिए नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने पीएम को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के 45 मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं। इसमें गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के भी 11 मजदूर शामिल है। सभी मजदूर अलग-अलग गांवों के रहनेवाले हैं। मजदूरों के वहां फंसे होने से उनके परिजनों में भी मायूसी है। मजदूरों के साथ उनके परिजनों के द्वारा उनकी वतन वापसी किए जाने की मांग की जा रही है।



सऊदी अरब में गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के 45 मजदूर फंसे हुए हैं। इधर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले किशोरी राणा ने कहा कि प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला लगातार सामने आता है। विदेश जाने वाले मजदूर वहां फंसे नहीं इसके लिए सरकार को कोई नीति बनाने की जरूरत है।उन्होंने पीएम को पत्र लिख कर झारखंड के 45 मजदूरों के वहां फंसे होने एवं उनकी एवं उनके परिजनों की हालात से अवगत कराते हुए मजदूरों की सकुशल वापसी की मांग की है। पत्र में यह भी कहा गया है कि मजदूरों से सात महीने काम कराकर दो महीने की मजदूरी दी गई है। मजदूरी मांगने पर कंपनी के द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित भी किया जा रहा है। इससे मजदूरों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उनके परिजन परेशान रह रहे हैं। बता दें कि सऊदी अरब में फंसे मजदूरों ने पिछले दिनों वीडियो वायरल कर वहां फंसे होने की बात कहते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी। श्री राणा ने झारखंड सरकार के श्रम विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भी अनुरोध किया है कि मजदूरों का बकाया मजदूरी का भुगतान कराते हुए उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित की जाए।

## स्व. रफीक अंसारी की 11वीं पुण्यतिथि पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** आजाद नगर पेलावल रोड स्थित भारत मेडिकल में स्व रफीक अंसारी की 11वीं पुण्यतिथि पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन फहीमा अकैडमी के प्राचार्य एवं भारत मेडिकल के मालिक फरहा फातमी और फहीमा अकादमी के सचिव अहमद अली के द्वारा किया गया।मौके पर उन्होंने कहा इस शिविर में डॉ वसीम अकरम के द्वारा लगभग 60 मरीजों को देखा गया जिसकी पैथोलॉजिकल जांच भी की गई और दवाई भी दी गई।वहीं प्राचार्य फरहा फातमी ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा के

## कार्यक्रम

### विधायक ने किया कटकमसांडी प्रखंड का तूफानी दौरा

# 10.5 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत के कई गांव का सघन दौरा किया और करीब साढ़े 10 करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक श्री जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के डाटो खुर्द, शाहपुर और ढौठवा पंचायत क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी और लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए । विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत डाटो खुर्द पंचायत स्थित गम्हरियाटांड़ रोड़ अवस्थित कूद नदी पर ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत 5 स्पेन के पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यस नारियल फोड़कर, पूजा-अर्चना करके और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस पुल का निर्माण कुल राशि 4.5 रुपए करोड़ से होगा जिसका आने वाले एक साल में निर्माण कार्य पूर्ण होगा। इस पुल के निर्माण से कूद, डाटो, नदीपार, बारीकोला के लोगों को परैवातरी, पतीयातरी, बरगाबांध, महुदिया के ग्रामीणों को आपस में कनेक्ट करेगा। यहां से शाहपुर पंचायत पहुंचे जहां पंचायत के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बेतहर कनेक्टिविटी के लिए दो प्रमुख पथों के निर्माण की आधारशिला रखी गई । जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग, हजारीबाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत एदला से हेसाकुदर तक पथ का विशेष मरमत्ति कार्य आगामी 09 महीने में संपन्न होगा। कुल 2.50 किमी पथ का विशेष मरमत्ती कार्य कुल 1 करोड़ 47 लाख 93 हजार रुपए से किया जायेगा। इसी पंचायत में दुसरे पथ ग्रामीण कार्य विभाग, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत शाहपुर पहाड़ी से शाहपुर बस्ती तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। कुल 2.47 किमी पथ का विषेश मरमत्ती कार्य कुल 1 करोड़ 34 लाख 20 हजार रुपए की लागत से किया जायेगा। शाहपुर पंचायत के बाद ग्राम पंचायत ढौठवा पहुंचे। जहां करीब 3 करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला उन्होंने रखी। जिसमें डीएमएफडी मद की राशि 2 करोड़ 08 लाख रुपए की लागत से उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ढौठवा के उन्नयन हेतु विविध कार्य का विधिवत शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। तत्पश्चात करीब 93 लाख रुपए की लागत से ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत भोला रविदास के घर से मुख्य पथ ढौठवा नरेश शर्मा के दुकान तक पथ निर्माण कार्य (कुल लंबाई 1.17 किमी) का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया ।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की गोला प्रखंड अंतर्गत कुम्हरदगा पंचायत में बैठक आयोजित कर कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कौलेश्वर महथा एवम संचालन कजरा करमाली ने किया। बैठक में मुख्य रूप मनोज यादव, देवेंद्र नाथ महतो,जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य मौजूद थे । गायक बबन सिंह देहाती और गायिका रेवती महतो के द्वारा वर्तमान परिवेश पर आधारित गीत, संगीत, गानों के माध्यम से लोगों जागरुक करने का प्रयास किया गया। साथ ही संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया । संगठन में सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया । कुम्हरदगा पंचायत कमेटी विस्तार में महिलाओं ने बढ़चढ हिस्सा लिया। इस दौरान कहा गया की टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

# एक जनवरी से घर-घर जाकर अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए दिया जाएगा निमंत्रण : कौशल राज सिंहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन है, जिसको लेकर अयोध्या से निमंत्रण स्वरूप आए पूजित अक्षत कलश का रविवार को सलडेगा देवी गुड़ी मंदिर में विधि विधान के साथ पूजन एवं महा आरती का आयोजन किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव जिला मंत्री कृष्णा शर्मा बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल की मौजूदगी में अक्षत कलश को मंदिर लाया गया ,इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाओं के द्वारा जय श्री राम जय घोष के साथ मंदिर तक लाकर उसकी भव्य तरीके से आरती उतारी गई। मौके पर संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा- 500 सालों के लंबे त्याग और लाखों लोगों के बलिदान के बाद यह दिन आया है कि हम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान से राम का भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बना रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने जो सपना देखा था वह अब पूरा हो चुका है और भगवान श्री राम 22 जनवरी को मंदिर में विराजमान होंगे। भगवान राम जन जन के हैं, उन्होंने छुआछूत, ऊंच नीच, भेदभाव सभी चीजों को दूर रखकर सभी लोगों को समान नजरों से देखते हुए उन्होंने उनका आदर किया ।हमें भगवान राम के बताए मार्ग पर चलकर राम राज्य की स्थापना करनी है, यह राम राज्य स्थापना तब होगी जब हम सभी म जातियों में ना बटकर हिंदू समुदाय एक होकर संगठित रहेंगे। 22 जनवरी को प्रत्येक मंदिर को अयोध्या राम मंदिर मानकर भव्य तरीके से सजाते हुए पूजन करनी है घर में दीपावली माननी है एवं इस कार्यक्रम को लेकर यह पूजी अक्षत कलश आया है, जिसे 1 जनवरी से 14 जनवरी तक हर घर निमंत्रण स्वरूप दिया जाएगा ताकि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को संपन्न किया जा सके। इस मौके पर महा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान अभय विश्वकर्मा ,अरुण सिंह,नागेंद्र पाठक,इंदु देवी,सुनीता देवी,हंसा रानी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।



# रेड क्रॉस सोसाइटी ने बुजुर्गों के बीच कंबल का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ईकाई, सिमडेगा द्वाराRविवार को बुजुर्ग माता-पिताओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह जोकबाहर बकरी टोली गांव पहुंचकर बुजुर्गों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके उपायुक्त ने बुजुर्गों की समस्याओं को सुना और उन्हे ठंड से बचने की सलाह दी। बात दे कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ईकाई सिमडेगा एवं समाजसेवक भरत के सौजन्य से कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर सोसाइटी के उपाध्यक्ष एसडीओ महेंद्र छोटन उरॉव, समाजसेवी भारत एवं सचिव मोहन सिंह, चेयरमैन मोतीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गणपति अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### 26 को जयनगर में मनेगा भाकपा का स्थापना दिवस

**कोडरमा ।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 26 दिसंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 98वां स्थापना दिवस मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है. कार्यक्रम जयनगर प्रखंड मुख्यालय परिसर में दोपहर 12 बजे से होगा. इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह व पुरुषोत्तम यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूमुद्दीन आदि मौजूद रहेंगे।

### शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**कोडरमा ।** आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सतगावां प्रखंड के खुट्टा, डोमचांच प्रखंड के मधुबन, कोडरमा प्रखंड के चाराडीह और जयनगर प्रखंड के कटहाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे. काफी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दिए. संबंधित बीडीओ व सीओ द्वारा लाभुकों के बीच कंबल और राशन व पेंशन का स्वीकृति पत्र दिया. वहीं, जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं को ऋण भी दिया गया. बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साइकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया. कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

### बिरहोरों के बीच बांटे गये शॉल और स्वेटर

**कोडरमा ।** आदर्श फाउंडेशन की पहल पर परिवार साड़ी सेंटर के संचालक राजेंद्र प्रसाद द्वारा नया स्वेटर एवं ऊनी सॉल उपलब्ध करवाया गया था. फाउंडेशन की टीम ने शनिवार को ग्राम पंचायत गझंडी स्थित बिरहोर कॉलोनी गझंडी में बच्चों एवं मातृशक्तियों के बीच इसका वितरण करवाया. आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बच्चों एवं मातृशक्तियों के लिए स्वेटर एवं ऊनी साल उपलब्ध करवाने वाले प्रतिष्ठान परिवार साड़ी सेंटर के संचालक राजेंद्र प्रसाद का आभार व्यक्त किया है.

## गरीबों की सेवा करते हुए मनाएं क्रिसमस : एनोस एक्का

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कहुपानी चर्च परिसर में पहला क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का, जिलाध्यक्ष मतीयस बागे उपस्थित रहे. समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया. इस मौके पर बाइबल प्रतियोगिता, नाटक मंचन सहित कई प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर उद्घाटन उपासना डोभापानी पास्ट्रोरेस्ट अध्यक्ष पादरी हेमंत संमद के द्वारा की गई. प्रवचन कहुपानी चर्च अध्यक्ष पादरी निर्मल किंडो ने किया. अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि हम अपने उद्धारकर्ता का जन्म उत्सव मना रहे हैं. यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम क्रिसमस पर एकता भाईचारे और शांति के संदेश के रूप में इस त्योहार को मनाते हैं, आप सभी दीन दुखियों की सेवा करते हुए इस पर्व को मनाये और कोशिश करें अपने आसपास के क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति जो असहाय हो उसकी मदद करें, ताकि आपका क्रिसमस पर्व सफल हो सके।

# आकर्षक तरीके से गिरजाघर की हुई सजावट धूमधाम के साथ मनाया जाएगा क्रिसमस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** क्रिसमस पर्व को लेकर जिला मुख्यालय सहित सभी चर्चों को रंगीन विद्युत बल्बों व फलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। चर्च में प्रभु यीशु के आगमन काल को लेकर रविवार की रात्रि में विशेष-मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। वहीं चर्च में प्रभु यीशु के जन्म के दृश्य को प्रस्तुत करने के लिए आकर्षक चरनी का निर्माण किया गया है। इसमें बालक यीशु की प्रतिमा को पुआल पर सुलाया गया है। साथ ही रंग-बिरंगे बल्बों से कइ प्रकार का क्रिसमस ट्री का भी बनाया गया है जो कि लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। सोमवार को चर्चों में प्रार्थना के बाद लोग घरों में भी क्रिसमस पर्व मनाएंगे।

**बिशप विसेंट बरवा ने कराया मिस्सा अनुष्ठान :** सिमडेगाः सामटोली स्थित संत अन्ना महागिरजाघर में रात्रि के 10 बजे से बिशप स्वामी विसेंट बरवा व उनके सहयोगियों के द्वारा विशेष-मिस्सा अनुष्ठान कराया गया। वहीं आज 25 दिसंबर की सुबह में भी गिरजाघर में मिस्सा का आयोजन किया जायेगा। इधर पूरे चर्च परिसर व चर्च को गेंदा फूल की लरी व रंग-बिरंगे विद्युत बल्बों से सजाया गया है। पटाखे की खूब हुई बिक्री।




### बाजारों में खूब रही चहल-पहल

क्रिसमस पर्व को लेकर रविवार को शहर के बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिली। वही शहर के मार्केट कम्प्लेक्स, डेली मार्केट पर लगाए गए सजावटी समानों व पटाखों की दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। वही लोगों ने आवश्यकता के अनुसार सजावटी समानों की खरीदारी की। बाजार में कागज का झालर 20 रुपए, लरी20-50, तारा 200-500, क्रिसमस ट्री 100-500 रुपए में बिक रहे हैं। वही पाटाखें में अनार बम 200 रुपए, मिरचा पटाखा 40, चकरी 150-200, राकेट 150 पॉकेट, आलू बम 40-150, फलझरी 60-400 रुपए पाकेट में बिक रहे हैं। वही दुकानदार अरशद खान ने कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा में इस वर्ष पटाखों की जमकर खरीददारी हुई है। लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार पटाखे खरीद रहे हैं।

## सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है क्रिसमसः विधायक भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिलेवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि क्रिसमस का त्योहार सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह बड़ा दिन प्रभु येसु मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। प्रभु यीसु मसीह का शांति, प्यार व दया का संदेश दुनिया भर के लोगों को एकता की राह दिखाता है। इसलिए हम प्रत्येक को हमारे जीवन के हर क्षण, हर दिन को लोगों के साथ शांति, प्रेम और मेल-मिलाप से जीना चाहिए। जिस अच्छे काम को हम अभी कर सकते हैं, उसे बाद के लिए नहीं टालना चाहिए। क्योंकि यह अवसर दुबारा नही आता है। उन्होंने कहा है क्रिसमस प्रभु यीसु का अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का यह दिन सभी से प्रेम करने, अपने पापों के क्षमा करने के लिए प्रभु से प्रार्थना करने का है। मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए यीशु मसीह ने अपने जीवन को बलिदान के रूप में क्रूस पर दिया। यह ईश्वर के असीम प्रेम का दर्शन है। पवित्र शस्त्र बाइबल में लिखा है परमेश्वर प्रेम है।

**क्रिसमस पर्व पर विधायक भूषण बाड़ा ने जिलेवासियों को को दी शुभकामनाएं**

## बिशप विंसेंट बरवा ने सिमडेगा वासियों को दी क्रिसमस की बधाई

**सिमडेगा।** बिशप विंसेंट बरवा ने जिले वासियों को क्रिसमस की बधाई दी है।



उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति ठीक नहीं है। आज के मनुष्यों में, नेताओं में एवं सामाजिक के अग्रणी ब्यक्तियों में स्वार्थ भरा हुआ है। यही कारण है कि देश की परिस्थिति आगे बढ़ने के बजाय और पिछड़ रहा है। इकोनॉमी कमजोर हो रही है। गरीब एवं कमजोर लोग पिछड़ते जा रहे हैं। कोरोना के बाद लोगों का न सिर्फ शारीरिक बल्कि आध्यात्मिक ताकत कमजोर हुआ है। ऐसी परिस्थिति में क्रिसमस के मौके पर लोगों के जीवन मे प्रभु ईशा मसीह का प्रेम, न्याय एवं शांति का संदेश महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज और अधिक परिश्रम करने की जरूरत है। देश के विकास में सामूहिकता का बड़ा महत्व होगा। इसके बिना आगे के विकास की कल्पना सम्भव नहीं है। बिशप बरवा ने कहा कि क्रिसमस के मौके पर प्रभु येसु मसीह के प्रेम एवं शांति के संदेश को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज लोगों में आध्यात्मिक शक्ति नहीं दिखती।

### प्रभार में चल रहा जलडेगा प्रखंड

## बीडीओ, बीइईओ और चिकित्सा पदाधिकारी तक हैं प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड कार्यालय में कर्मियों की कमी के कारण विकास योजनाओं को जमीं पर उतारने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक-एक पदाधिकारी व कर्मियों पर कई-कई विभागों का अतिरिक्त प्रभार है। प्रखंड में पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी, गोदाम प्रबंधक का पद वर्षों से खाली पड़ा है। इन खाली पदों को भरने की जगह कर्मियों को अतिरिक्त प्रभार देकर प्रखंड कार्यालय को किसी तरह चलाया जा रहा है। इसके अलावा दस पंचायतों के प्रखंड में मात्र चार पंचायत सचिव और छह जनसेवक कार्यरत हैं। वहीं दो नए महिला पंचायत सचिवो ने भी जलडेगा प्रखंड में अपना योगदान दिया है लेकिन दोनों प्रशिक्षु हैं। नियम अनुसार प्रत्येक पंचायत में एक- एक पंचायत सचिव और एक जनसेवक होना चाहिए। ऐसी स्थिति में जलडेगा प्रखंड में दो-दो पंचायतों का प्रभार सौंपकर विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने का कार्य लंबे अर्से से किया जा रहा है। वहीं बीडीओ, बीइईओ और चिकित्सा पदाधिकारी को भी अतिरिक्त प्रभार में जलडेगा प्रखंड की जिम्मेदारी दी गई है।इसके अलावा अलावा शिक्षा विभाग की स्थिति भी डमाडोल है यहां भी कुरडेग प्रखंड के बीईईओ अरुण पांडे को जलडेगा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग भी भगवान भरोसे चल रहा है यहां भी स्थाई डॉक्टर नहीं रहने से लोगों को बाहर जाकर इलाज कराना पड़ रहा है। जलडेगा में चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर भी बानो स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर संजय कुमार रवि को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**10 की जगह मात्र 4 पंचायत सचिव और 6 जनसेवक पदस्थापित**

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन, सजाई गई चरणी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया. इस मौके पर स्कूल कैंपस में चरणी सजाई गई थी. इसमें प्रभु यीशु के जन्म को दिखाया गया था. सांता क्लॉज और रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे बच्चे आकर्षण का विशेष केंद्र बने हुए थे. मौके पर बच्चों ने प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किये, जिसे लोगों ने खूब सराहा. बच्चों में ज़िकरा परवीन, अभि कुमार, आरोही कुमारी, प्रतीक राज, प्रियांक सिंह, प्रियांश कुमार, रोहित कुमार, रुद्र प्रताप, समयरा यादव, श्रेयांश श्रीवास्तव, श्रेयांश कुमार, शिवानी राज शर्मा, शुभम कुमार, प्रिंस वर्मा, रचित सिंह, शगुन राधे, प्रत्युषा शर्मा, काव्या, कृति, खुशी कुमारी, साक्षी कुमारी, आद्या, एंजल, लक्ष्य, अदीब, आर्यन, प्रवीण, मानसी पांडेय, रोली कुमारी, आशी मोदी, रुद्र कुमार, संगम कुमारी, रणवीर सिंह, निकुंज, शिवांश प्रताप, राखी कुमारी, जैनब प्रवीण, आंशी भारती, अमीषा कर्ण, शिवम कुमार, प्रीत राज, प्रेम राज, मानवी रंजन, स्वीटी कुमारी, आराध्या कुमारी, पारुल गुप्ता, प्रिशा कुमारी, नित्या कुमारी, भव्या शर्मा, वर्तिका मोदी, मंशी कुमारी, आलिया नाज, माहिरा परवीन, वाणीश्री, माहिरा आरिफ, कार्तिक, कनिष्क, सूर्या यादव, अंश कुमार, रेयांश सिन्हा, मो. अफ्फान अहद, एमडी जैद, अमान, रागिनी, हुमैरा अली, श्रेया, श्रद्धा, अहम, लक्ष्य, अदीब, दीपा, आर्यन राणा, अभिमान सिंह राठौर की प्रस्तुति सराहनीय रही।




**प्रभु यीशु से हमें क्षमा करने की प्रेरणा मिलती है : विनोद कुमार**

इससे पहले स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा और पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार ने केक काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया. उन्होंने लोगों को क्रिसमस की शुभकामना दी और कहा कि प्रभु यीशु के जीवन से हमें क्षमा करने की प्रेरणा मिलती है. इस मौके पर सीमी जैन, अलका सिंह, दीक्षा सिंह, रंजीता कुमारी, रुबी वर्मा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, स्वीटी सिन्हा, सपना शर्मा, लता सिन्हा, सरोज पांडेय, रेणु सेठ, स्वाति कुमारी समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे.

# विभिन्न गांव में हाथी भागने का सामान कराया उपलब्ध



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है,जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही विधायक बिक्सल नमन कोंगाड़ी ने प्रखंड के जामपानी, कहुपानी, अकवानटोली, कटहलटोली का भ्रमन कर ग्रामीणों से मुलाकात की साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर विधायक ने समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। विधायक ने विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने का निर्देश दियासाथ ही हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच जुट बोरा, जला हुआ मोबिल पटाखा तेल आदि का वितरण किया। मौका पर विधायक ने ग्रामीणों को हाथी आने पर सावधान रहने एवं वन विभाग को इसकी सूचना देने की बात कही।मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम,ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉन्सन डांग, मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, अमृत चिराग तिर्की,अनिल सुरीन, सिप्रियन बागे, नवनीत मिंज, आदि उपस्थित थे।

## जागरूकता

## जैन विद्यालय में हीलिंग कार्यशाला का आयोजन

# तनावमुक्त रहने के लिए हीलिंग थेरेपी कारगर : तरंग जैन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा ।** आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में ज्यादातर लोग जिस तरीके की लाइफस्टाइल जी रहे हैं. उसके कारण चिंता और तनाव होना आम बात है. एनसीबीआई में छपी रिपोर्ट के अनुसार, यह समस्या किसी भी वजह से हो सकती है, जिसका हमारे स्वास्थ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. यदि लंबे समय तक सेहतमंद रहना चाहते हैं तो तनाव और स्ट्रेस से मुक्त रहना जरूरी है. ऐसे में हीलिंग थेरेपी आपकी मदद कर सकती है. उक्त बातें जैन विद्यालय में आयोजित हीलिंग कार्यशाला के दौरान मुंबई की हीलिंग एक्सपर्ट तरंग जी जैन ने कही. वह झुमरी तिलैया के पानी टंकी रोड स्थित श्री दिगंबर जैन विद्यालय पहुंची थी.




**छोटी-छोटी बातों पर बढ़ते मानसिक तनाव पर चर्चा :** इस दौरान सातवीं व आठवीं कक्षा के करीब 110 बच्चों के बीच हीलिंग कार्यशाला का आयोजन किया. तरंग जी जैन ने बच्चों के साथ आजकल छोटी-छोटी बातों पर बढ़ रहे मानसिक तनाव पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि किस प्रकार से आज के समय में चाहे वह पढ़ाई से संबंधित हो या अन्य किसी विषय से संबंधित, बच्चे छोटी-छोटी बातों पर बच्चे तनाव के शिकार होते जा रहे हैं. इसके बचाव हेतु उन्होंने मेडिटेशन के कई टिप्स दिए. करीब ढाई घंटे तक चले इस कार्यशाला को बच्चों ने काफी गंभीरतापूर्वक समझा।

**बचाव के लिए बच्चों को दिए गए मेडिटेशन के कई टिप्स :** इस अवसर पर विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर सुनील जैन छाबड़ा ने तरंग जैन को इस गंभीर विषय पर विद्यालय के बच्चों के साथ अनुभव साझा करने के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने भी बच्चों से अपील की कि हमें छोटी-छोटी बातों पर उदास होना या घबराना नहीं है. किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हमें अपने माता-पिता, शिक्षक या अपने करीबियों से बातें करनी है. इसके अलावा कार्यशाला में सुझाए गए विचारों को भी अपने जीवन में लाने का प्रयास करना है. मौके पर सुपरवाइजर मुरारी सिंह, विद्यालय के इंचार्ज अभिषेक जैन, रानी छाबड़ा, शशि छाबड़ा, अर्चना गंगवाल, शिक्षक सूरज, मानसी समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# पर्यटन स्थल बसंतपुर का पहुंच पथ दुरुस्त करें : आजसू पार्टी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आजसू जिला कमेटी सिमडेगा ने पाकरटांड प्रखंड स्थित पर्यटन स्थल बसतपुर का रविवार को भ्रमण किया। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से जानकारी हासिल की जहां पर बताया गया कि प्रत्येक वर्ष नव वर्ष के मौके पर हजारों की संख्या में यहां पर सैलानी पिकनिक मनाने आते हैं ,लेकिन सुविधा के नाम पर किसी प्रकार की कोई भी अब तक बहाल नहीं की गई है। इसके अलावा यहां पर पहुंचने वाला सड़क की भी हालत खराब है जिसकी वजह से आने वाले पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे ने कहा जिला पर्यटन पदाधिकारी को ध्यान देने कि आवश्यकता है ताकि यहां पर रोड का बन सके।जिला सचिव विकास बड़ाईक ने कहा कि इस प्रखंड क्षेत्र से तीन तीन विधायक रहे ,मंत्री भी बने परन्तु दुर्भाग्य है कि यहां कोई कार्य नहीं हो रहा है।विकास के नाम पर अभी तक किसी प्रकार का कोई सुविधा नही मिली है। बसतपुर पहुंच पथ नहीं है, पीने के लिए पानी का सुविधा नहीं है, इसके अलावे भी वहां पर एक बाथरूम भी नहीं है । जो कि जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया का नतीजा है।

## महुआ टोली के पास भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के महुआटोली पथ पर राजाबंध पुलिया के समीप रविवार शाम भीषण मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गयी।मृतकों की पहचान समीर डुंगडुंग एवं हर्षित डुंगडुंग दोनो चोंगीटोली महुआटोली गांव के है।प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों युवक क्रिसमस पर्व का सामान लेकर अपने घर की ओर लौट रहे थे इसी दौरान अचानक अपने स्कूटी से नियंत्रण खोकर पेड़ से टकराई। रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मुन्ना रमानी घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कारवाई में जुट गए।मामले की जानकारी परिजनों को दी गयी वहीं जानकारी मिलने पर परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### मायापुर में हमारा संकल्प विकसित भारत

**खेतको।** पेटरवार प्रखंड के मायापुर पंचायत सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हमारा संकल्प विकसित भारत का आयोजन किया गया। सीओ अशोक राम, सचिव अवनि दास, रोजगार सेवक अशोक कुमार रजवार, राजस्व कर्मचारी शंकर पंडित, दशरथ मांझी, मुखिया नाम किशोर मांझी, संजय कुमार, कार्तिक मांझी, प्रभु करमाली अनिता कुमारी, आरती कुमा,री जितेंद्र किस्कू व लकी रामनिवास के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण जुटे। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित पांच पंक्तियों के संकल्प को पढ़ा गया।

### अलारगो जलापूर्ति से पानी सप्लाई बंद, कर्मचारी हो रहे बेहाल

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो जलापूर्ति योजना से जहां ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है वहीं इस जलापूर्ति योजना में ठेकेदार के अधीन कार्यरत पांच कर्मियों को पिछले तीन महीने से मानदेय भी नहीं मिल रहा। जिसके कारण उनकी स्थिति दयनीय होती जा रही है। बताया गया है कि 2 अक्तूबर को दामोदर नदी से पानी टंकी तक आने वाली पाइप लाइन भंडारीदह हेठबेड़ा में एक तालाब के पास अधिक दबाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गयी है। जो पाइप क्षतिग्रस्त हो गयी, वह एक तालाब से गुजरी है। तालाब में लबालब पानी भरा है। जिसके कारण मरम्मत में भी दिक्कत आ रही है। जबतक तालाब का पानी नहीं सूखेगा तबतक इसकी मरम्मत नहीं हो सकती। मंत्री बेबी देवी के गांव अलारगो-सिमराकुल्ही, लुपसाडीह, चिरूडीह महतो टोला, गिरि टोला, पोखरिया, सरैयाटांड़, तारमी, फुलवारी, गुंजरडीह मुंगो, हेठबेड़ा आदि गांवों में पानी की आपूर्ति ठप है।

### एंबुलेंस सेवा नहीं मिलती प्रसूति को किराया देकर जाना पड़ रहा सदर अस्पताल

**पेटरवार।** केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त पहल पर संचालित 108 एंबुलेंस सेवा इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार का शोभा बढ़ा रहा है। जिस कारण गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने और दुर्घटना में गंभीररूप से घायल लोगों को दो महीने से 108 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके चलते गरीब मरीजों को इन दिनों काफी कठिनाइ का सामना करना पड़ रहा है। सड़क दुर्घटना में गंभीररूप से घायल लोगों को अगर बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल बोकारो या राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स रांची रेफर किया जाता है तो दूसरे स्थानों से 108 एम्बुलेंस मंगा कर मरीजों को दिया जाता है। जिसके चलते गंभीररूप से घायल मरीज की मौत रास्ते में ही हो जाती है। और इसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सेवा के लिए दो 108 एम्बुलेंस दिया गया है और दोनो एम्बुलेंस दो महीने से खराब पड़ा हुआ है लेकिन इसे बनाने की दिशा में 108 एम्बुलेंस के संचालक की ओर से अब तक किसी प्रकार का पहल नही किए जाने के कारण इन दिनों 108 एम्बुलेंस सी एच सी पेटरवार का शोभा बढ़ा रही है।

### अनुबंध पर कार्यरत विद्युत कर्मियों पर एजेंसी की मनमानी नहीं चलने देंगे : योगेंद्र

**बोकारो।** तेनुघाट स्थित नौलखा गेस्ट हाउस में बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बिजली विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत मानव दिवस कर्मियों ने दर्जा प्राप्त मंत्री से मुलाकात की। मानव दिवस कर्मियों ने मंत्री को अपनी व्यथाओं से अवगत कराया और निष्पादन कराने का आग्रह किया। मानव दिवस कर्मियों ने मंत्री को बताया कि अप्रैल 2022 के बाद से बिजली विभाग की एजेंसी रॉयल इंटर प्राइजेज के द्वारा कर्मियों को वेतन भुगतान किया जा रहा है किंतु यह एजेंसी मनमाने तरीके से भुगतान कर रही है। बताया कि पहले जहां कर्मियों को 11 से 12 हजार रुपए दिया करता था लेकिन अब यह एजेंसी दस हजार से भी कम भुगतान कर रही है जबकि समय के साथ वेतन बढ़ता है लेकिन यह एजेंसी कटौती कर रही है। कर्मियों ने बताया कि उक्त एजेंसी ने 28 कर्मियों को बैठाने पर भी तुली है कि अब कोई काम इनके लिए नही है।

### मनरेगा व 15वीं वित्त योजनाओं में गड़बड़ी उजागर

# उपयुक्त ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का दिया आदेश



### तीन दिनों के अंदर कारण बताओ नोटिस

**उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित पदाधिकारियों जैसे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मुख्य अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं मुखिया पर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके पूर्व भी इसी पंचायत के कई योजनाओं में गड़बड़ी को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा के द्वारा मुखिया विष्णुदेव वर्मा, पंचायत सेवक तुलसी राम, रोजगार सेवक से दंड सहित योजना की 1,10,361/- की राशि रिकवर किया जा चुका है।**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत में संचालित मनरेगा एवं 15वीं वित्त योजनाओं में भारी गड़बड़ी उजागर हुआ है। जिस पर जिला उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सख्त तेवर अपनाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। बता दें कि जिला उपायुक्त के आदेश पर जिला से आई जांच टीम बरहमसिया पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान लगभग आधा दर्जन से अधिक योजनाओं में भारी गड़बड़ी पाई गई। जांच टीम ने बताया कि इसी पंचायत के घुजी में रविन्द्र कुमार के जमीन पर बन रहे डोभा में मजदूरों का नकली हस्ताक्षर कर 1,23,060/- की निकासी अवैध रूप से कर ली गई है। इतना हीं नहीं डोभा भी अनुपयोगी स्थल पर बनाया गया है, जिसके स्वीकृति के कागजात भी नदारद थे। ग्राम टाटो में देवेंद्र कुमार वर्मा के जमीन पर बने गड्ढे को डोभा में तब्दील कर 39,105/- रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। ग्राम जटाडीह में बीरेंद्र यादव के जमीन पर डोभा निर्माण में मेडिकल किट नदारद पाई गई। साथ ही डोभा का निर्माण कार्य अधूरा रहने के बाद भी अवैध रूप से सम्पूर्ण राशि की निकासी कर ली गई है। इतना हीं नहीं 15वीं वित्त योजना में भी भारी गड़बड़ी देखने को मिला। ग्राम झांझ में बंशी कुशवाहा के घर के पश्चिम में कूप मरम्मती, ग्राम खरटी में रामा महतो का कूप मरम्मती, बैजनाथ महतो के जमीन पर कूप मरम्मती एवं ग्राम घूजी में बीरेंद्र यादव के जमीन पर कूप मरम्मती कार्यों में कार्य से अधिक राशि की निकासी कर ली गई है। साथ ही उपरोक्त सभी कूप रैयती जमीन पर बने है जो सरकारी प्रावधान के विरूद्ध है।

### बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना 19वें दिन भी जारी

**तेनुघाट।** बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 19वें दिन भी जारी रहा। धरना में मुख्य रूप से समिति के संयोजक संतोष नायक सहित सहयोगी मिथुन चन्द्रवंशी व सेवा गंझू हैं। कसमार प्रमुख नियोति डे, लोकेश डे, जिप सदस्य माला कुमारी व तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव तथा मुख्य रूप से धरना दे रहे संतोष नायक की पुत्री डॉ ऐश्वर्या सौम्या ने आकर धरना को बल प्रदान किया। इससे पहले सामाजिक संगठन असहाय जन कल्याण पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष महेश नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश ठाकुर एवं सचिव रोशन खन्ना ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ धरना को लिखित समर्थन दिया। कहा हर हाल में बेरमो को जिला का दर्जा देना होगा, अन्यथा समिति के एक आह्वान पर सड़क पर उतरकर धरना पर बैठने का काम करेंगे।

### प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से दस साइबर अपराधी गिरफ्तार




**गिरिडीह।** प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से दस साइबर अपराधी गिरफ्तार हुआ है. एसपी दीपक शर्मा को सूचना मिली थी कि बगोदर, डुमरी, अहिल्यापुर और गांडेय थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी लोगों से ठगी कर रहे हैं. मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया. पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दस साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया.। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दशरथ मंडल, जितेन्द्र मंडल, रिंकु कुमार, अजय मंडल, सुनील कुमार मंडल, सचिन विश्वकर्मा, संतोष कुमार राणा, संतोष कुमार मंडल, हीरा यादव और सिकंदर मंडल शामिल है. इनके पास से पुलिस ने 11 मोबाइल, 17 सिम कार्ड समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।

### टैंकर ने डयूटी पर तैनात सीआईएसएफ के एएसआई को कुचला, मौत



**धनबाद।** बीसीसीएल के बाघमारा स्थित जमुनिया पैच में शनिवार रात वाहन दुर्घटना में सीआईएसएफ क्यूआरटी में कार्यरत एएसआई सपन कुमार राय की मौत हो गई। क्यूआरटी की गाड़ी को बीसीसीएल में पानी छिड़काव करने वाले वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में क्यूआरटी का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि बीसीलीएल क्षेत्र में पानी छिड़काव करने के लिए होलपैक वाहन को ही टैंकर जैसा बना दिया गया था, जहां दुर्घटना हुई है। वहां का इलाका ढलान है। ऐसे में टैंकर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और क्यूआरटी के दरोगा सपन कुमार राय को चपेट में ले लिया। सपन क्यूआरटी वाहन के समीप खड़े थे, पास में खड़े एक अन्य जवान रामा बांडो को भी चोटें आई हैं।खबर पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और टैंकर चालक दामोदर को हिरासत में लेकर थाना ले गई।

### चार करोड़ रुपए से टुंडी में बनेंगी दो सड़कें

**धनबाद।** चार करोड़ की लागत से उग्रवाद प्रभावित टुंडी प्रखंड में दो सड़कों का निर्माण होगा। इसकी तैयारी विभाग से पूरी कर ली है। सड़क का निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से किया जाएगा। पहली सड़क झिनाकी-मछियारा-चैनपुर सड़क होगी। दूसरी रामपुर-कोपली सड़क होगी। दोनों सड़कों के बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वर्तमान समय में दोनों सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। सड़क का कुछ हिस्सा बेहद जर्जर हो गया है। सड़कों के निर्माण की मांग विधायक के साथ-साथ पंचायती राज के स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी की थी। दोनों सड़कों के निर्मास पर चार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होगी। मछियारा-झिनाकी-चैनपुर सड़क के निर्माण पर 2.26 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रामपुर-कोपली सड़क के निर्माण के लिए 2.16 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

## वनभोज सह गोष्ठी में महानगर संस्कृत सम्मेलन की तैयारियों पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
संस्कृत भारती जमशेदपुर की ओर से रविवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर उद्यान में कार्यकर्ताओं के लिए वनभोज सह गोष्ठी का आयोजन किया गया। वनभोज के आरंभ में कार्यकर्ताओं ने संस्कृत संभाषण अर्थात संस्कृत में बातचीत करने का अभ्यास किया। उसके बाद 31 जनवरी को आयोजित होने वाले महानगर संस्कृत सम्मेलन के विषय में चर्चा की गई। यह निश्चित किया गया कि सम्मेलन में जमशेदपुर के सभी संस्कृत प्रेमियों को आमंत्रित किया जाएगा। संस्कृत भारती के महानगर संयोजक अखिलेश कुमार झा ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत एवं संपूर्ण विश्व में ज्ञान-विज्ञान और संस्कारों का प्रसार करनी वाली भाषा है। इसलिए इसका प्रचार-प्रसार तेजी से करने की आवश्यकता है। सम्मेलन में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्कृत से संबंधित भव्य प्रदर्शनी एवं पुस्तक विक्रय की भी व्यवस्था रहेगी। अखिलेश झा ने बताया कि इसी संदर्भ में आगामी 27 दिसम्बर को संस्कृत भारती के राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख श्रीष देवपुजारी जमशेदपुर आ रहें हैं। उस दिन सुबह 11 ।30 बजे से स्थानीय तुलसी भवन में श्रीष देवपुजारी के साथ कार्यकताओं एवं संस्कृत प्रेमी जनों की एक बैठक रखी गई है।

### सड़क पर उतरे एसपी, बाइक सवार को रोका, पहनाया माला, कहा-

# कानून का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, वाहनों को किया जायेगा जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सावधान रहते हुए लोग वाहन चलाएं और सुरक्षित घर पहुंचे इसे लेकर गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को इस अभियान के तहत एसपी दीपक कुमार शर्मा खुद ही सड़क पर उतर आए। इनके द्वारा उन बाइक सवार को रोका गया जो बगैर हेलमेट के या फिर तीन लोड लेकर चल रहे थे। इस दौरान एसपी ने बाइक चालक को फूल माला पहनाया। फिर हेलमेट भी दिया। यहां साफ कहा कि ट्रैफिक के नियम लोगों की सुरक्षा के लिए ही बनाया गया है। इसका पालन करें। एसपी दीपक ने यहां साफ चेतावनी दी और कहा कि आगे से बाइक जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई। माता जी आगे से चाचा को समझाइयेः इस दौरान एक बाइक पर बगैर हेलमेट पहने एक बुजुर्ग दंपती भी जा रहे थे। इन्हें भी रोका गया। यहां एसपी ने बुजुर्ग महिला को कहा माताजी अपने पति को बताइये हेलमेट क्यों जरूरी है और इसके बाद भी हेलमेट नहीं पहने तो आप इनके साथ बाइक पर नहीं बैठें। इसी तरह का सुझाव एसपी ने अन्य लोगों को भी दिया।ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बाइकर्स पर सख्तीः दूसरी तरफ बाइक खासकर बुलेट का साइलेंसर बदल कर कर्कश ध्वनि निकालते हुए चलने वाले बाइकर्स पर कार्रवाई का निर्देश एसपी ने दिया है। एसपी ने सभी एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी को साफ कहा है कि इस तरह की बाइक को लेकर चलने वालों पर कार्रवाई करें। इस दौरान एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, साइबर डीएसपी संदीप सुमन, नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धनबाद में जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों के बीच हुई चाकूबाजी



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
जिले में अधिकारी अबुवा आवास योजना की जांच करने पहुंचे। लेकिन अधिकारी जैसे ही वहां से निकले, दो पड़ोसियों के बीच भयंकर झगड़ा शुरू हो गया। इस दौरान चाकूबाजी भी हुई। एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे गले की नस कट गई। घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपी अपने पूरे परिवार सहित फरार है। घटना जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र की है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रामनगर में दो पड़ोसियों रवि साव और राज कश्यप के बीच काफी दिनों से जमीन और रास्ते का विवाद चल रहा था। वहीं जब अधिकारी अबुवा आवास योजना को लेकर जांच करने पहुंचे तो यह विवाद हिंसा में बदल गया। अधिकारी के जाते ही दोनों पड़ोसी जमा हुए और रवि साव ने अपने पड़ोसी राज कश्यप की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे राज के गले की नस कट गई।डॉक्टरों ने किया रेफरः घायल को तुरंत एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर पाई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। लेकिन वहां भी उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया। चाकू से हमला करने वाला युवक घर में ताला लगाकर अपने पूरे परिवार के साथ फरार है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि राज कश्यप और रवि साव के बीच जमीन और गली को लेकर विवाद चल रहा है। अधिकारी अबुवा आवास की जांच करने आये थे।

### चांडिल में धूमधाम से मना पेसा कानून का स्थापना दिवस

**सरायकेला।** पेसा कानून के 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर रविवार विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर चांडिल प्रखंड के रायडीह गांव में डोमन बास्के के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर ग्राम गणराज्य के तहत की गई पत्थरगड़ी का विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद नीला झंडा फहराकर पेसा कानून स्थापना दिवस मनाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता डोमन बास्के ने पेसा कानून पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार से देश को आजादी दिलाने से पहले से छोटा नागपुर में आदिवासियों का मालिकाना हक व अधिकार है। इसे लेकर 1908 में सीएनटी यानी छोटा नागपुर कस्तकारी अधिनियम बनाया गया था। तब से ग्राम गणराज्य का अपना स्वामित्व स्थापित है और इसके तहत संविधान में अधिकार प्राप्त है।

# गरीब व असहायों की मदद व संदेश के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय आनंद मेला



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
बीसीसीएल कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्पलेक्स प्रांगण में दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के नेतृत्व में भव्य आनंद मेला का आयोजन किया गया। नारी सशक्तीकरण, समाज में कौशल विकास तथा गरीब एवं असहायों की मदद के संदेश के साथ आयोजित मेला में हर एरिया एवं वाशरी डिवीजन का का करीब 80 स्टॉल लगाया गया है। रविवार से शुरू हुए दो दिवसीय आनंद मेले का उद्घाटन सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। इस दौरान महिला मंडल की ओर से प्रकाशित स्मारिका का भी विमोचन किया गया। बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारियों की पत्नियों की 14 महिला समितियों के एकीकृत प्रयास से समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयास को भी यहां देखने को मिला। पहले दिन मेले में कई दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर दिया गया। दो महिला पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दो महिला डॉक्टरों का सम्मान किया गया। पांच मेधावी विद्यार्थियों को भी टैबलेट दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष मिली दत्ता के अलावा पूर्बिता रमैय्या, नमिता सहाय, रंजना सिंह व नेहा दास मौजूद रहीं।

### जमशेदपुर के गोपाल मैदान में फूलों की लगी प्रदर्शनी

# गेंदा-गुलाब और ग्लोरिओसा की खूशबू ने लोगों का मन मोहा




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
बिष्टपुर गोपाल मैदान में टाटा स्टील और जुस्को के सहयोग से हर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में प्रवेश द्वार से लेकर पूरा मैदान रंग बिरंगे आकर्षक फूलों से सजा हुआ है। यहां कई प्रजाती के फूल लगाए गए हैं जिनमें गुलाब, डालिया, सूरजमुखी, गेंदा, ट्यूलिप, ग्लोरिओसा, जबेरा के अलावा कई नामचीन फूल शामिल हैं। इस खुशनुमा माहौल को यादगार बनाने के लिए लोग अपने परिवार के साथ यहां पहुंच रहे हैं और सेल्फी ले रहे हैं। फूलों के इस उत्सव मे नर्सरी स्टाल भी लगाया गया है। बच्चे बूढ़े और जवान हर कोई इस उत्सव मे घूम घूम का आंनद ले रहा है। यहां पहुंची पुष्प प्रेमी सुकन्या दास बताती हैं कि जमशेदपुर में साल का अंत कुछ खास अंदाज में होता है। फूलों की खुशबू के साथ हम पुराने साल की विदाई देते हैं। इन फूलों से हमें सीख मिलती है कि बिना किसी भेदभाव के किसी भी परिस्थिति में मुस्कुराते रहिए।वहीं, प्रदर्शनी में पहुंची पर्यटक हंसा का कहना है कि इंसान की जिंदगी के साथ फूलों की समानता है। जिस तरह बीज से पौधे और कली से फूल और एक समय बाद उसका मुरझाना होता है, ये सब इंसानों में भी देखने को मिलता है। इसलिए इंसानों को इनसे सीख लेते हुए हमेशा खुश रहने की कोशिश करनी चाहिए।

### ग्राहक पंचायत की अध्यक्ष बनीं पद्मश्री छुटनी महतो

**जमशेदपुर।** ग्राहकों के हित और जागरूकता के विषय में कार्य करने वाली संस्था अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो गये हैं। इस उपलक्ष्य में संस्था की ओर से देश भर में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर रविवार को जमशेदपुर के जुगसलाई में संस्था की एक बैठक हुई। इसमें एक आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में जमशेदपुर के अलावा राज्य के विभिन्न जिलों से गणमान्य लोगों को शामिल किया गया है। इससे पूर्व बैठक की विधिवत शुरूआत की गई। बैठक में आमंत्रित अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो, पद्मश्री डॉ जानुम सिंह सोय, समाजसेवी डॉ कविता परमार, डॉ बिनोद एक्का, शिक्षाविद ऐंजिल उपाध्याय उपस्थित थीं। विषय प्रवेश कराते हुए संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने कहा कि सामाजिक समता के लिए ग्राहकीय जागरूकता एक अनिवार्य विषय है, जिस पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कार्य करती है और 50 वर्षों की सफल यात्रा के बाद संगठन इस पर अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है।

# गोविंदपुर के खराब प्रदर्शन से जिले का रिकॉर्ड खराब

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
सिविल सर्जन कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को जिले में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने की। बैठक के केंद्र में गोविंदपुर प्रखंड और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रहे। अधिकारियों ने कहा कि गोविंदपुर के खराब प्रदर्शन का असर जिले के प्रदर्शन पर पड़ रहा है। सिविल सर्जन ने वहां के प्रभारी डॉ विशेश्वर कुमार को स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में सतर्कता बरतने और उपलब्धि बेहतर करने का निर्देश दिया। यह भी कहा है कि स्थिति नहीं सुधरी, तो डीसी स्तर से कार्रवाई भी हो सकती है। बता दें कि समीक्षा बैठक में गोविंदपुर प्रखंड में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं की स्थिति हर बार की तरह इस बार भी काफी खराब थी। लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि काफी कम पायी गई। नियमित टीकाकरण, एमटीसी, गर्भवतियों की जांच, प्रसव समेत सभी आठ हेल्थ इंडिकेटर में गोविंदपुर प्रखंड लक्ष्य से काफी पीछे है। इसकी उपलब्धि काफी कम है। इसपर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताते हुए स्थिति में सुधार का निर्देश दिया है। कहा कि गोविंदपुर के खराब प्रदर्शन के कारण राज्य स्तर पर जिले की उपलब्धि खराब हो रही है। इसमें तत्काल सुधार की जरूरत है। बैठक में अन्य प्रखंडों की स्वास्थ्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रभारियों को पूरी रणनीति तैयार कर योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाना विभाग के हर एक कर्मचारी और अधिकारी की जिम्मेदारी है। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन के अलावा जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ मंजू दास, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ अमित तिवारी समेत सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व प्रोग्राम पदाधिकारी आदि शामिल थे।

## जनप्रतिनिधि व समाज

**झारखंड** के पलामू प्रमंडलीय आयुक्त और आईजी का गढ़वा जिले के रंका प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का भ्रमण सह निरीक्षण के उपरांत यह कहना सरासर सही है कि किसी भी क्षेत्र के विकास और शांति व्यवस्था में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने में सभी के सहयोग से ही सफलता प्राप्त होगी। साथ ही पंचायत के मुखिया का जुड़ाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक होता है। उन तक विकास योजनाओं को पहुंचाने में मुखिया सहयोग करें। यह सही है कि सरकार योजनायें लाती है लेकिन उसे जमीन पर अमलीजामा पहनाने में सभी लोगों की अपनी भूमिका होती है। सभी के सहयोग से ही विकास योजनाओं में आ रही बाधाओं को आपसी समन्वय से दूर किया जा सकता है। इसमें प्रखंड व अंचल कार्यालयों की बड़ी भूमिका होती है। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि हेमंत सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। लेकिन आपसी समन्वय नहीं रहने की वजह से वह योजना लागू नहीं हो पा रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर हो रहा है। इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनों को मिलना ही कार्यक्रम की सफलता मानी जा सकती है। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका होनी चाहिए। चाहे वह किसी पार्टी के हों। विकास के कार्य आम जनता के लिए जब हो रहे हों तो सबको आगे आने की जरूरत है। कारण इससे जनता को फायदा होगा। इसमें राजनीति की कोई जरूरत नहीं है। वैसे भी सरकार की योजनाओं के अलावे समाज में कई तरह की समस्या है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। मसलन अब नया साल आने वाला है। नये वर्ष मे यह देखा जाता है कि वाहन चलाते समय शराब का अत्यधिक सेवन लोगों द्वार किया जाता है। इसे रोकने की जरूरत है। यह सामुहिम प्रयास से ही संभव है। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। नाबालिग वाहन न चलाएं। व्यस्क हेलमेट लगाकर एवं यातायात के नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं, ताकि अपनी सुरक्षा बनी रहे। विधि व्यवस्था संधारण को पुलिस प्रशासन तत्पर हैं। लेकिन इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है। साथ ही राज्य के सभी अधिकारियों को पलामू प्रमंडल के इन अधिकारियों से सबक लेते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। इससे आम लोगों में यह संदेश जाता है कि हमारी सुनने वाला सजग है।

> **आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर हो रहा है। इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनों को मिलना ही कार्यक्रम की सफलता मानी जा सकती है। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका होनी चाहिए। चाहे वह किसी पार्टी के हों। विकास के कार्य आम जनता के लिए जब हो रहे हों तो सबको आगे आने की जरूरत है। कारण इससे जनता को फायदा होगा। इसमें राजनीति की कोई जरूरत नहीं है। वैसे भी सरकार की योजनाओं के अलावे समाज में कई तरह की समस्या है।**

## भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय

**इन दिनों**


आर.के.सिन्हा



**अपने** वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपये भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिको को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दर्शाता है। भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िये, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस, फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षाबंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्रि, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आई मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा। यानी वेश-भूषा हरेक भारतीय की एक जैसी ही है। आपको भारतीय खाड़ी के देशों के कठिन हालातों से लेकर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आई टी सेक्टर से लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे। चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं। जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है। बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है। कल रात मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया। लड़का बंगाली है और लड़की आयरिश। लेकिन जब वर-वधु मेरा पैर छूने आये तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लड़की को देखता ही रह गया । मजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आये हुये उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आये। इसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था जो कि एक आस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था। ये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दर्शाता हैं। इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाये, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें।

> **विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिको को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दर्शाता है। भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस, फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षाबंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्रि, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें।**

## आप की बात

### भरे नाली के कचरे से लोग परेशान

मेदिनीनगर शहर के धोबी मुहल्ला, भट्ठी मुहल्ला, मदनमोहन रोड, माली मुहल्ला, दुर्गा बाड़ी रोड, भुईयां रोड, मुस्लिम नगर, कन्नी राम रोड, मुख्य बाजार, पंचमुहान रोड ,सेवा सदन का बड़ा नाला ,आदर्श नगर का नाली समेत बाजार क्षेत्र के नाला में कचरा भरा हुआ है। अधिकांश नाला-नाली खुला रहने के कारण वार्ड के निवासी, दुकानदार,नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी झाड़ु देते वक्त सड़क पर लगा कचरा नाला, नाली मे ही डाल देते है। बर्षा के दिनों में वही डाला गया कचरा ,फोम, बोरा ,मलवा, प्लास्टिक ,रददी पानी में बहकर नीचे की ओर के नाला ,नाली में भर जाता है। एक सफाई कर्मचारी से इसकी सफाई भी संभव नही है। सफाई कर्मचारी चार घंटे कार्य के दौरान मनमाना कार्य करके चले जाते हैं। सफाई व अन्य नागरिक सुविधा देने के लिए बराबर उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री जन-शिकायत केन्द्र में लिखित आवेदन दिया जाता रहा है। जिस पर कभी-कभार दिखावे के लिए थोड़ा बहुत सफाई कराकर फोटो खींचकर भेजकर अपना सफाई दे दिया जाता है। जबकी दुर्गा बाडी का नाली देखा जा सकता है। नावाहाता दलित टोला की भी स्थिति नारकीय है। जिसका युद्ध स्तर पर सफाई करवाने की आवश्यकता है। शहर में फैली गन्दगी, नाला -नाली में भरा कचरा का सफाई हेतु आज फिर सेनगर आयुक्त से मिलकर आवेदन दिया गया है। जिस पर वे कनीय अभियंता ,नोडल पदाधिकारी , सफाई प्रभारी को आदेश दिये है लिखित रुप में ,सबसे ज्यादा कचरा नाला ,नाली में भरा है।

**विश्वनाथ राम, घुरा प्रदेश महासचिव राजद झा0पलामु।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

**राजनीति**


## 2024 के अंतरिम वोट ऑन अकाउंट बजट की तैयारी शुरु


किशन भावनानी गोंदिया


**वैश्विक** स्तर पर पूरी दुनियां के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाले हर क्षेत्र के हितकारी लोगों की नजरे लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व 1 फरवरी 2024 को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-2025 पर लगी हुई है,क्योंकि आमजनता इस आस में है कि इस अंतिरम बजट 2024 में चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए लोक लुभावना घोषणाएं की जायेगी और आम जनता के साथ साथ वोटरों को भी आकर्षित किया जायेगा, परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि लगातार विकास कार्यों, स्कीमों की घोषणाएं होती ही रहती है इसीलिए ही माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक कार्यक्रम में इशारा दे दिया है कि 2024 के 1 फरवरी वाले अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करने जा रही है बल्किइसके लिए जुलाई 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट का इंतजार करना होगा। मेरा मानना है कि इससे जनता को कुछ मायूसी जरूर हुई होगी परंतु सब्र का फल मीठा होता है मुझे विश्वास है जुलाई 2024 में बड़ी असरदार घोषणाओं की संभावना की उपलब्धि से इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि बजट 2024-2025, 1 फरवरी 2024 के अंतिरम बजट की तैयारी शुरू हो गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वित्त वर्ष 2024-2025 में दो बार बजट पेश होगा अंतरिम बजट व पूर्ण बजट। साथियों बात अगर हम अंतिरम बजट 1 फरवरी 2024 की तैयारीयों की करें तो, वित्त मंत्रालय के इकोनामिक अफेयर्सडिपार्टमेंट के बजट डिवीजन को अंतरिम बजट तैयार करना है, अगर एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी द्वारा प्री बजट मीटिंग की बात करें तो यह अक्टूबर 2023 के दूसरे हफ्ते में शुरू हो चुका था जो यह नवंबर के मध्य तक जारी रहा था। इस सर्कुलर के हिसाब से दिसंबर में बजट प्रस्ताव तैयार करने की शुरूआत कर दी गई है। सन 2024-25 के बजट अनुमान के हिसाब से प्री बजट मीटिंग करने के बाद अंतरिम बजट 2024 की तैयारी की जा रही है।

> **साथियों बात अगर हम अंतिरम बजट 1 फरवरी 2024 की तैयारीयों की करें तो, वित्त मंत्रालय के इकोनामिक अफेयर्सडिपार्टमेंट के बजट डिवीजन को अंतरिम बजट तैयार करना है।**

**फेसबुक वॉल से**




**X - से**




## इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व


डॉ. आशीष वशिष्ठ

**बीजेपी** को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा।

> **बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी।**



**बोधि वृक्ष**

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

एक रूची नाम का साधक ब्रह्मचारी रह कर वेदों अनुसार साधना कर रहा था। जब वह 40 (चालीस) वर्ष का हुआ तब उस को अपने चार पूर्वज जो शास्त्रविरुद्ध साधना करके पितर बने हुए थे तथा कष्ट भोग रहे थे, दिखाई दिये। 'पितरों ने कहा कि बेटा रूची शादी करवा कर हमारे श्राद्ध निकाल, हम तो दुःखी हो रहे हैं। रूची ऋषि ने कहा पित्रामहो वेद में कर्म काण्ड मार्ग (श्राद्ध, पिण्ड भरवाना आदि) को मूर्खों की साधना कहा है। फिर आप मुझे क्यों उस गलत (शास्त्र विधि रहित) साधना पर लगा रहे हो। पितर बोले बेटा यह बात तो तेरी सत्य है कि वेद में पितर पूजा, भूत पूजा, देवी-देवताओं की पूजा (कर्म काण्ड) को अविद्या ही कहा है इसमें तनिक भी मिथ्या नहीं है।'इसी उपरोक्त मार्कण्डेय पुराण में इसी लेख में पितरों ने कहा कि फिर पितर कुछ तो लाभ देते हैं। **विशेषः-** यह अपनी अटकलें पितरों ने लगाई है, वह हमने नहीं पालन करना, क्योंकि पुराणों में आदेश किसी ऋषि विशेष का है जो पितर पूजने, भूत या अन्य देव पूजने को कहा है। परन्तु वेदों में प्रमाण न होने के कारण प्रभु का आदेश नहीं है। इसलिए किसी संत या ऋषि के कहने से प्रभु की आज्ञा का उल्लंघन करने से सजा के भागी होंगे। एक समय एक व्यक्ति की दोस्ती एक पुलिस थानेदार से हो गई। उस व्यक्ति ने अपने दोस्त थानेदार से कहा कि मेरा पड़ोसी मुझे बहुत परेशान करता है। थानेदार ने कहा कि मार लट्ठ, मैं आप निपट लूंगा। थानेदार दोस्त की आज्ञा का पालन करके उस व्यक्ति ने अपने पड़ोसी को लट्ठ मारा, सिर में चोट लगने के कारण पड़ोसी की मृत्यु हो गई। उसी क्षेत्र का अधिकारी होने के कारण वह थाना प्रभारी अपने दोस्त को पकड़ कर लाया, कैद में डाल दिया तथा उस व्यक्ति को मृत्यु दण्ड मिला। **(क्रमशः)**

**टेक वर्ल्ड**

## भारत में ऐप खरीदने की मची होड़

**ऐसे** में कंपनी अपना भारत में कारोबार बेचने जा रही है। रिपोर्ट की मानें, तो डिज्नी प्लस हॉटस्टार को दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी खरीद सकते हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की मानें, तो पिछले कुछ दिनों से डिज्नी प्लस हॉटस्टार की गौतम अडानी से बातचीत चल रही है। इसके साथ ही सन टीबी नेटवर्क मालिक कलानिधि मारन से भी बातचीत का दौर जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि, डिज्नी प्लस हॉटस्टार संभावित पार्टनर और कारोबार बेचने पर विचार कर रहा है। बता दें कि, पिछले लंबे वक्त डिज्नी प्लस हॉटस्टार के सब्सक्राइबर घट रहे हैं। ऐसे में कंपनी भारत से निकलना चाह रही है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार स्पोर्ट्स इवेंट की वीडियो स्ट्रीमिंग करने वाला बड़ा प्लेटफॉर्म था, जिससे कंपनी को बड़ा फायदा हो रहा था। लेकिन पिछले साल जियो ने फीफा वर्ल्ड कप और क्रिकेट मैचों की फ्री स्ट्रीमिंग करके डिज्नी प्लस हॉटस्टार का खेल बिगाड़ दिया है। हालांकि, एक बार फिर डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने एशिया कप और क्रिकेट वर्ल्ड कप के राइट हासिल करके कारोबार बचाने की कोशिश की है। लेकिन फिर भी कंपनी को फ्री में मोबाइल पर क्रिकेट मैचों का लाइव प्रसारण करना पड़ रहा है। अगर गौतम अडानी या फिर कलानिधी मारन डिज्नी प्लस हॉटस्टार की ओनरशिप हासिल कर लेते हैं। तो उसका मुकाबला सीधे जियोसिनेमा से होगा। ऐसे में मुकेश अंबानी की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। लेकिन इससे आम यूजर्स को फायदा हो सकता है, क्योंकि दोनों कंपनियों की तरफ से सस्ते सब्सक्रिप्शन पेश किये जा सकते हैं।




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सहायक टीचर ने सर्टिफिकेट पर सील साइन करने के लिए ली थी रिश्वत, अब जाना होगा जेल

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश में बड़वानी जिले के एक सहायक शिक्षक को छह साल पुराने रिश्वत लेने के मामले में कोर्ट से सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने अपने फैसले में आरोपी शिक्षक सलीम अहमद हनफी को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत चार साल की कैद सहित पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। बता दें कि साल 2017 में एक निजी स्कूल की मान्यता के ऑनलाइन किए गए आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी की सील और साइन कराने की एवज में आरोपी ने स्कूल संचालक से दस हजार रुपये की मांग की थी।

### मुरादाबाद के कमिश्नर की फेसबुक आईडी हैक

**मुरादाबाद।** साइबर ठगों ने मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की फेसबुक आईडी हैक कर ली है। इसके बाद उनके करीबियों और अन्य से पैसे की मांग की जाने लगी। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक तौर पर पता चला है कि पैसा मांगने वाला राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच कर रही है। इससे पहले पिछले वर्ष भी कमिश्नर सिंह की आईडी हैक की जा चुकी है। इसका केस भी रामपुर में दर्ज हुआ है। जिले में इससे पहले सीएमओ सहित कई अधिकारियों को साइबर ठग निशाना बना चुके हैं।

### एमपी के ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ऑनलाइन सेवाओं के लिए संचालित ई-नगरपालिका सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक हुआ है। विभाग की तरफ से जानकारी दी गई कि 21 दिसंबर को सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक हुआ है। इसके बाद बतौर एहतिहात सुबह 11 बजे विभाग के सभी सर्वरों तथा संचालित नेटवर्क को टीम ने तुरंत बंद कर दिया। इसके बाद इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम तथा सायबर पुलिस को सूचना दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि संधारित डाटा के लीक होने के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं। विभाग का बैकअप डाटा अभी सुरक्षित है। इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार एमपीएसईडीसी तथा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सिस्टम को दोबारा चालू करने का काम किया जा रहा है। सोमवार या मंगलवार को ई नागरिक सेवाओं को दोबारा बहाल कर दिया जाएगा। सॉफ्टवेयर के सर्वर को बंद करने के कारण प्रॉपर्टी टैक्स, मेरिज सर्टिफिकेट, वॉटर कनेक्शन, बिल भुगतान तथा ट्रेड लाइसेंस की सेवाएं प्रभावित रहेंगी। यह सेवाएं 413 में से 412 नगरीय निकाय में सोमवार या मंगलवार तक बहाल हो सकेंगी। सायबर अटैक का असर भोपाल को छोड़कर बाकी नगरीय निकायों में हुआ है। दरअसल भोपाल में ई-नगरपालिका सॉफ्टवेयर की जगह बीएमसी ऑनलाइन वेबसाइट का उपयोग किया जाता है।

### एक्शन में पंजाब पुलिसः 20 दिनों में 14 मुठभेड़

# तीन बदमाश ढेर, गैंगस्टरों में दहशत का माहौल

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पिछले करीब तीन हफ्तों में लुधियाना, मानसा, पटियाला और मोहाली, जालंधर समेत कई जिलों में पंजाब पुलिस गैंगस्टरों व बदमाशों का सफाया करने में जुट गई है। पुलिस की गोली गैंगस्टरों में खौफ पैदा कर रही है। हालात यह हैं कि पंजाब में खतरनाक गैंगस्टरों का नेटवर्क टूटने लगा है। 14 एनकाउंटर में तीन गैंगस्टरों की मौत हो चुकी और करीब 10 को गोली लगी है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब पुलिस को गैंगस्टरों पर सख्ती बरतने का आदेश दिया है। पुलिस प्रवक्ता आईजी सुखचैन सिंह ने हाल ही में कहा था कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि किसी भी अपराधी को राज्य में पैर रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल मानू कुस्सा और जगरूप रूपा की मुठभेड़ में मौत के बाद



अब पंजाब पुलिस फिर एक्शन मोड पर है। पुलिस के इस एक्शन से गैंगस्टरों में खौफ है। पिछले दिनों पंजाब में रंगदारी के मामले में इजाफा देखने को मिला। पुलिस ने इस दौरान 130 एफआईआर दर्ज कीं और 117 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। रंगदारी के वजह से व्यापारी वर्ग खौफ में था और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस पर दबाव बढ़ता जा रहा था। लिहाजा, पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन चलाने की तैयारी की। इसकी शुरूआत नवंबर के आखिरी सप्ताह में तब हुई जब लुधियाना पुलिस ने दो गैंगस्टरों को मार गिराया। पुलिस को दोनों गैंगस्टरों की कारोबारी संभव जैन के अपहरण और गोली मारने के मामले में तलाश थी। इनके पांच साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे। ये सभी फिरौती और जबरन वसूली करते थे। संभव जैन के अपहरण मामले को डीजीपी गौरव यादव व स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने गंभीरता से लिया और हाईलेवल मीटिंग में गैंगस्टरों व बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन की रणनीति बनी। इसके बाद कई पुलिस मुलाजिमों और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट को बुलेट प्रूफ जैकेट भी खास तौर पर मुहैया करवाई गई।

**व्यापारियों में काफी रोष व भय का वातावरण था**

संभव जैन कांड के बाद से लुधियाना में व्यापारियों में काफी रोष व भय का वातावरण था। इसके बाद तो पंजाब में लगातार मुठभेड़ की झड़ी लग गई। जालंधर में भी शुक्रवार रात को हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर दविंदर पाल को गोली लगी। वह कुशल चौधरी गैंग से जुड़ा है। इससे पहले जस्सा हैप्पोवाल की भी पुलिस से मुठभेड़ हुई थी। जस्सा ने अमेरिका से सुपारी लेकर मां-बेटी की हत्या की थी। वहीं जंडियाला में अमृतपाल अमरी पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

### हिमाचल में पेंशन से 1,368 करोड़ बढ़ा राजस्व घाटा

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश में पेंशन, उपदान और ऋण लेने के कारण राजस्व व्यय बढ़ रहा है। महालेखाकार कार्यालय ने राज्य सरकार को सभी अनुत्पादक व्ययों में कटौती का सुझाव दिया है। शनिवार को शीत सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा सदन में वर्ष 2022-23 की महालेखा परीक्षक रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में सामान्य आर्थिक वातावरण और नीतिगत परिवर्तनों से विचलन संबंधी विवरण देते हुए बताया कि नवीनतम बजट प्राक्कलन के अनुसार राजस्व घाटा 6,072.94 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो कि बजट अनुमान से 1,368.81 करोड़ रुपये अधिक है। राजकोषीय घाटा 9,900.14 करोड़ के बजट अनुमान की तुलना में 12,515.73 करोड़ रहने का अनुमान है। इस प्रकार राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता के रूप में 5.82 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया कि जुलाई-अगस्त में बाढ़, भूस्खलन ने बुनियादी ढांचे को क्षतिग्रस्त किया है।

### बैकुंठ महोत्सव का आज हुआ समापन



**रांची।** रविवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीवैकुण्ठ महोत्सव को ले चार दिनों से हो रहे सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का रात्रि 8:00 बजे शास्त्रीय विधि से समापन हुआ । यह अनुष्ठान 21 दिसंबर से शुरू हुआ था। चारों दिन चार-चार पाली के आयोजित अनुष्ठान में बहुतों संख्या में परिवार समूह के साथ लोगों ने यजमान स्वरूप सहभागिता निभाई । एक-एक पाली में सैकड़ो से ऊपर यजमान परिवार अपने-अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराकर अर्चना अनुष्ठान में सहभागी दी। इसके पूर्व प्रातः ब्रह्मांड नायक भगवान का नयनानंददायक विश्वरूप दर्शन हुआ और कंठस्वर से सुप्रभातम्, मंगलाशासनम, वेंकटेश स्तोत्रम, वेंकटेश प्रपत्ति के बाद षोडषोपचार तिरूवाराधन हुआ। फिर सनातन परमात्मा श्रीनिवास तथा सद्भूषणों से सुसज्जित श्यामलांगी सर्वसहा श्रीश्रीदेवी और सर्वाभरण भूषिता श्रीभूमि देवी, सुदर्शन भगवान , उत्सव मूर्ति ,भोग मूर्ति, श्रीपति -शालिग्राम भगवान् और शटकोप (शठारी) भगवान् की महाआरती हुयी। श्री भगवान का पुष्प श्रृंगार हुआ। पोंगल और चटनी के बाल भोग नैवेद्य हुए ।सुश्राव्य वेदध्वनियों से कणार्नंददायक स्तोत्रों से स्तवन हुआ और दिव्य मंगल ध्वनियों से कणार्नंददायक मधुर तिरूप्पावै गीत, गोदा स्तुति ,गोदा प्रपत्ति इत्यादि अनेक स्तोत्रों का गायन हुआ।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण




रांची। रविवार को 126 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पुत्र एवं पुत्रवधू की शादी की सालगिरह के सुअवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्री मती विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएसश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय- समय निर्धन असहाय जरूरतमंद प्रभू जी कके बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 24 दिसम्बर 23 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम)मंदिर के प्रांगण मे संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल एंव तरुण अग्रवाल के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण, श्रद्धालुओं, निर्धन परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 126 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

### बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम ने जामटोली डैम में किया वनभोज

बेड़ो। खेल तो खेल होती है और खेल का कोई उम्र नहीं होता उक्त बातें शनिवार को बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम की फुटबॉल खिलाड़ी संगीता कुमारी ने प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत स्थित डैम में आयोजित वनभोज कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम में सभी शादीशुदा महिलाएं शामिल हैं और उनकी ही टीम बनाई गई है।

# विश्वभारती विवि ने नए बैक्टीरिया को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित टैगोर का नाम दिया



**एजेंसी। भोपाल**

विश्व-भारती विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने एक ऐसे बैक्टीरिया की खोज की है जो पौधों के विकास को बढ़ावा देने में सक्षम है और इसका नाम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर पेंटोइया टैगोरी रखा गया है। विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के सहायक प्रोफेसर और अनुसंधान की अगुवाई करने वाले माइक्रोबायोलॉजिस्ट बोम्बा दाम ने कहा है कि बैक्टीरिया में कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने की अपार क्षमता है। पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में दाम ने कहा, यह पौधों के विकास को बढ़ावा देने वाला बैक्टीरिया है जो कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने वाला साबित होगा। इसने धान, मटर और मिर्च की खेती को बढ़ावा देने की अपार क्षमता दिखाई है। शोध में दाम की सहायता राजू विश्वास, अभिजीत मिश्रा, अभिनव चक्रवर्ती, पूजा मुखोपाध्याय और संदीप घोष ने की। दाम ने बताया कि उनकी टीम ने शांतिनिकेतन के एक क्षेत्र सोनाझुरी की मिट्टी से बैक्टीरिया को अलग किया। उन्होंने कहा, इसके बाद हमने झारखंड में झरिया की कोयला खनन पट्टी में बैक्टीरिया की खोज की। दाम ने कहा कि पेंटोइया टैगोरी मिट्टी से कुशलतापूर्वक पोटैशियम निकालता है जो पौधों के विकास को बढ़ाता है।

### हरिद्वार में तीन दिवसीय दिव्य अध्यात्म महोत्सव शुरू

# मोहन भागवत और बाबा रामदेव समेत जुटी कई बड़ी हस्तियां

**एजेंसी। देहरादून**

हरिद्वार में कनखल के हरिहर आश्रम में आज रविवार से तीन दिवसीय दिव्य अध्यात्म महोत्सव शुरू हो गया है। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद मुनि, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक समेत बड़ी संख्या में संत और कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई हैं। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज के पीठ पर विराजमान हुए 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस उपलक्ष्य में हरिहर आश्रम में भव्य आयोजन किए गए हैं। सुबह विशेष पूजा अर्चना भी की गई। देर शाम



महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण का अभिनय करने वाले अभिनेता नितीश भारद्वाज की ओर से चक्रव्यू का मंचन किया जाएगा। मोहन भागवत ने कहा कि हम आज विश्व कल्याण के साथ भय मुक्त कामना की कल्पना करते हैं। सृष्टि का कल्याण केवल सनातन में है। ज्ञान भाषण से आचरण नहीं आता है।अगर एक शब्द का भी आचरण कर लिया जाए तो दुनिया में परिवर्तन आ सकता है। भगवान श्री राम इसलिए पुरुषोत्तम नहीं कहलाए, इसके लिए उन्होंने मयार्दाओं का पालन किया। कहा कि अगर हम अपना जीवन बदले तो दुनिया में बदलाव आएगा और भारत फिर से विश्वगुरु बनेगा। अकेला सनातन कल्याणकारी सनातन वर्ण का पालन करें तो दुनिया का भला होगा और हमारा भी भला होगा।

# जलवायु परिवर्तन मानव जाति के लिए विश्व युद्धों से भी बड़ा खतरा : सोनम वांगचुक

**एजेंसी। दिवसपुर**



रमन मैगसायसाय पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव जाति के लिए विश्व युद्धों से भी बड़ा खतरा है। वांगचुक ने पर्यावरण की रक्षा में आदिवासी समुदायों की भूमिका को रेखांकित किया और आधुनिक शहरों के निवासियों से, प्रकृति के करीब रहने वाले लोगों से जीवन जीने का तरीका सीखने का आग्रह किया। वांगचुक को यहां शैक्षणिक सुधारों, सतत परिवर्तन और पर्यावरण के संरक्षण में उनके योगदान के लिए 20वां उपेन्द्र नाथ ब्रह्मा ह्यसोल्जर ऑफ ह्यूमैनिटी पुरस्कार 2023 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार यूएन ब्रह्मा ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है। अपने नवाचारों के लिए मशहूर वांगचुक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास होने चाहिए क्योंकि जलवायु परिवर्तन विश्व युद्धों से भी अधिक खतरनाक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों का सामना करने और जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने में दुनिया भर में आदिवासी समुदायों को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आदिवासी समुदाय के लोगों का ज्ञान और उनकी समझ औद्योगीकरण और तथाकथित आधुनिक जीवन शैली की तुलना में लंबे वक्त के लिए अधिक लाभ प्रदान करने वाली है। वांगचुक ने आगाह किया कि पांच सितारा शहरों के रूप में दिल्ली या मुंबई या न्यूयॉर्क की संस्कृति धरती को नहीं बचाएगी। यह आदिवासी संस्कृति और परंपरा है जो प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि असम के बोडोलैंड क्षेत्र या लद्दाख के लोगों की पारंपरिक संस्कृति में देश की समृद्धि में योगदान देने की अधिक क्षमता है।

### मौसम खुलते ही अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल, उमड़ी भारी भीड़

शिमला। मौसम खुलते ही रविवार को अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल हो गई है। मनाली से लाहौल घाटी के सिस्सू तक पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने सिस्सू में बर्फ के बीच ठंडी वादियों का आनंद लिया। बर्फ के बीच पर्यटकों ने मस्ती की। वहीं सोलंगनाला में पैराग्लाइडिंग, घुड़सवारी और माउंटेन बाइकिंग जैसे साहसिक खेलों का लुत्फ उठाया।अटल टनल रोहतांग में बर्फबारी हुई थी। बर्फबारी में वाहनों के स्किड होने के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद कर दी थी। रविवार को मौसम साफ होने के बाद सभी प्रकार के वाहन अटल टनल की ओर भेजे गए। पर्यटक अटल टनल से होकर सिस्सू और कोकसर पहुंचे।

# महिला अफसर ने लगाई मंदिर में झाड़ू

**पटना। एजेंसी**

कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जो खाद्य पदार्थ पूजा करते समय लोग नहीं छूते, उसे मंदिर में फेंक गए। यह अनजाने में नहीं किया गया, यह भी पक्का है। इससे हंगामा होने लगा। पहले भी इस तरह की कोशिश हो चुकी थी, लेकिन इस बार आरोपी की पहचान में समय लग रहा था। हंगामा बढ़ता जा रहा था। तो, बिहार सरकार की महिला अंचलाधिकारी, यानी सीओ ने खुद कमान संभाला। हंगामा रोकने के लिए उन्होंने ऐसा रास्ता अपनाया कि देखकर ही लोग काफी हद तक शांत हो गए। उन्होंने खुद झाड़ू उठाई और मंदिर की सफाई करने लगीं। मामला औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ इलाके की है। शनिवार को घटना के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश दिखा। लोगों ने पुलिस से



असामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मौके पर टायर जला कर आक्रोश व्यक्त किया गया। मांग की जा रही है कि ऐसी घटना से मंदिर अपवित्र हो चुका है, इसे तोड़ कर तत्काल नया मंदिर बनाया जाए, वरना विरोध जारी रहेगा। मौके पर दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ऋषिराज एवं अन्य अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद हैं।

**दो जुलाई को तीन जगह पर रखा था टुकड़ा**

बता दें पूर्व में भी दो जुलाई हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत में तीन जगहों पर खाद्य पदार्थ (जिसे पूजा करते समय लोग नहीं छूते) टुकड़ा रख दिया गया था। अभी यह मामला सुलझता कि इससे पहले 21 जुलाई को भी बाला बिगहा में मांस रख दिया गया था। इसके बाद पुलिसिया कार्यशैली से नाराज लोगों ने लगातार दो दिनों तक हसपुरा बाजार को बंद रख कर पुलिस प्रसासन के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया था। इसके बाद मामले में अमझरशरीफ के तीन लोगों बदरुद्दीन कुरैशी, मोइज आलम और परवेज आलम को गिरफ्तार भी किया गया था। इसी मामले में तत्कालीन हसपुरा थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद पर भी गिरी थी और अजय शंकर को नया थानाध्यक्ष बनाया गया था।

### अयोध्या रामलला मंदिर : 22 जनवरी को संजीवनी योग में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली आरती यजमान पीएम नरेंद्र मोदी उतारेंगे

**आरपी सिंह / वाराणसी**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 84 सेकेंड के उस पंच बाण से मुक्त सूक्ष्म मुहूर्त में होगी ,जो प्राण प्रतिष्ठा के अलावा पीएम मोदी के लिए भी अति उत्तम है। इस मुहूर्त का निर्णय करने वाले विद्वानों के अनुसार ग्रहों की अनुकूलता प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त को भारत के लिए कल्याणकारी बना रहा है। ये मुहूर्त देश के साथ ही इस प्राण प्रतिष्ठा के यजमान पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भी लाभकारी है। मालूम हो कि अयोध्या में नये बन रहे रामलला मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर से 5 मुहूर्त प्रस्तावित किए गए थे। राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अंत में गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा और काशी के विद्वानों पर अंतिम निर्णय छोड़ दिया। जिसमें सबसे ज्यादा शुभ

**प्रधानमंत्री के लिए शुभ है**

पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ के अनुसार रामजी का जन्मनक्षत्र पुनर्वसु है। इससे गणना करने पर तृतीय पर्यय में रोहिणी नक्षत्र रामजी को वधतारा पड़ती है। वहीं पीएम मोदी के लिए मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण में कोई दोष नहीं है। रामजी के लिए मृगशीर्ष मैत्र तारा है जो कि प्रधानमंत्री के लिए शुभ है।

**श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए शुभ**

यह दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेंकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का है। यह मुहूर्त अग्नि बाण, मृत्यु बाण, चोर बाण, नृप बाण व रोग बाण से पूरी तरह से मुक्त है। काशी के पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ के अनुसार- मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है।


मुहूर्त 22 जनवरी का ही निर्धारित किया गया था। देशभर के विद्वानों की ओर से 17, 21, 24, 25 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त दिया गया था। इन मुहूर्तों में से काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने एक मुहूर्त चुना है। 22 जनवरी की यह तिथि पांच बाण अग्नि बाण, मृत्यु बाण, चोर बाण, नृप बाण और रोग बाण से पूरी तरह से मुक्त है। इसके कारण यह देश के लिए संजीवनी योग का निर्माण कर रही है। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और राममंदिर के शिलान्यास का मुहूर्त निकालने वाले पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है। ये दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेंकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का है।गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा के परीक्षाधिकारी मंत्री पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा करने से रामजी की राज्यवृद्धि होगी। प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त पर देश भर से आई आपत्तियों को गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा ने खारिज कर दिया है।

### आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों को राजौरी में दी गई श्रद्धांजलि



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ में आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों को रविवार को राजोरी के सैन्य कैंप में ससम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सहित जम्मू कश्मीर प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों ने वीर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित की। गुरुवार दोपहर पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था । हमले में चार सैनिक बलिदान हो गए थे । दहशतगर्दों ने ग्रेनेड दागे, फिर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। दो जवानों के शव क्षत-विक्षत भी कर दिए गए। कुछ जवानों के हथियार भी ले भागने की आशंका है। पाकिस्तान समर्थित पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी ।

# रेलवे के सीनियर इंजीनियर पर यौन उत्पीड़न का आरोप, जांच शुरू




**एजेंसी। गया**

गया में कार्यरत एक महिला रेलकर्मी ने अभियंत्रण शाखा के वरीय प्रशाखा अभियंता के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की है। पीड़िता ने इसकी शिकायत वरीय रेल अधिकारी के पास सीधे तौर पर की है। हालांकि यह मामला किसी थाना तक नहीं पहुंचा है लेकिन विभाग और रेल महकमे में इसकी चर्चा आम है। वरीय अधिकारियों तक जब यह मामला पहुंचा तो विभागीय स्तर पर इसकी जांच शुरू कर दी गई। लवे सूत्रों ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए दोनों पक्ष (आरोप लगाने वाली और आरोपी रेलकर्मी) को डीडीयू मंडल के कार्मिक विभाग के एक पदाधिकारी के पास अपना अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया। पीड़िता हेल्पर-2 के पद पर है जो गया में कार्य निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत वरीय प्रशाखा अभियंता राकेश कुमार सिन्हा पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाई है। आरोपी राकेश कुमार सिन्हा का कहना है कि जो भी आरोप उनके विरुद्ध लगाया गया है वह बिल्कुल असत्य और निराधार है। उन्होंने बताया कि उन्हें जानबूझकर परेशान करने के उद्देश्य से उनपर गलत आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि पीड़िता के द्वारा लगाए गए आरोप की जांच के लिए डीडीयू मंडल के कार्मिक विभाग के कल्याण शाखा द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें दोनों पक्षों को डीडीयू मंडल मुख्यालय में सहायक कार्मिक अधिकारी मनोज पासवान के कक्ष में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आरोप सत्य है या फिर जो आरोपी कह रहे हैं वो सत्य है।

# आईपीएल के लिए हार्दिक की उपलब्धता पर संशय बरकरार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में हार्दिक पांड्या की आईपीएल 2024 के लिए उपलब्धता को लेकर काफी चर्चा हो रही है, कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि वह टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लेकिन अगर सूत्रों की मानें तो पांड्या घूम रहे हैं और रिकवरी रूट पर हैं, जबकि उन्होंने कहा कि फिलहाल आईपीएल की उपलब्धता की बात थोड़ी दूर की कौड़ी है।19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में भारत के लीग मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगने के बाद से पांड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं।अभी हाल ही में, उन्हें गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह आईपीएल 2024 से पहले शीर्ष पद पर पांच बार के चैंपियनशिप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेते हुए टीम के कप्तान बन गए। विकास पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, हार्दिक इधर-उधर घूम रहे हैं, और वर्तमान में रिकवरी चरण में हैं मैच-फिट रहें, उनका जिम-वर्क जारी है और बाएं टखने में कोई बदलाव नहीं है। उनकी आईपीएल उपलब्धता की बात फिलहाल दूर की कौड़ी है क्योंकि टूर्नामेंट ढाई महीने से अधिक दूर है। सूत्र ने कहा, इसके अलावा, कई लोग एनसीए की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो उनकी प्रगति के बारे में बताएगी, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि न केवल आईपीएल 2024 के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में, बल्कि अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के टी20 के लिए भी।

### टखने की चोट के कारण हार्दिक अफगानिस्तान टी20 सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या टखने की चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी 2024 से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज से चूक सकते हैं, ऐसा शनिवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया है। एनडीटीवी ने रिपोर्ट किया कि पांड्या, जो वर्तमान में एकदिवसीय विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच के दौरान लगी टखने की चोट के कारण बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं, शायद समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे और अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से चूकने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, हार्दिक की फिटनेस स्थिति पर अभी तक कोई अपडेट नहीं है और कोई कह सकता है कि आईपीएल खत्म होने से पहले उनके उपलब्ध होने पर एक बड़ा सवालिया निशान बना हुआ है। इससे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी के दौरान पांड्या की चोट पर अपडेट देते हुए कहा था कि ऑलराउंडर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले उपलब्ध होंगे। विश्व कप के दौरान पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपनी ही गेंदबाजी पर गेंद को रोकने की कोशिश के दौरान पांड्या को उनके टखने में चोट लग गई थी। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शाह ने यहां डब्ल्यूपीएल नीलामी के मौके पर कहा हम दैनिक आधार पर इस पर (पांड्या की चोट की) निगरानी कर रहे हैं।

## पारंपरिक खेल में क्रांति लाता है अल्टीमेट खो-खो

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

रविवार को अल्टीमेट खो खो लीग के सीजन 2 की रोमांचक शुरूआत के साथ, सीईओ और लीग कमिश्नर तेनजिंग नियोगी ने खो खो जैसे स्वदेशी रत्न को एक वैश्विक खेल में बदलने की असाधारण यात्रा का खुलासा किया। पिछले साल के ब्लॉकबस्टर सीजन का रोमांच अभी भी गूंज रहा है, नियोगी ने लीग में इस नए अध्याय को आकार देने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को भी साझा किया है। भारत की पहली पेशेवर खो-खो लीग ने रन एंड चेज के स्वदेशी खेल को पूरी तरह से नए अवतार में बदल दिया, जिसे लोकप्रिय रूप से खो खो कहा जाता है। आने वाले समय में वैश्विक उपस्थिति का लक्ष्य रखते हुए अल्टीमेट खो खो के उद्घाटन संस्करण ने दर्शकों तक पहुंच के मामले में भारत की तीसरी सबसे बड़ी गैर-क्रिकेटिंग लीग का खिताब जीता। पेशेवर लीग की सफलता और भारत के पारंपरिक खेल को ऊपर उठाने पर इसके प्रभाव पर चर्चा करते हुए, नियोगी ने प्रकाश डालाः अल्टीमेट खो खो एक स्वदेशी खेल का उपोत्पाद है, जो खो खो है। अल्टीमेट खो खो के निर्माण के पीछे बुनियादी सिद्धांत यह था कि स्पष्ट प्रतिभा के दृष्टिकोण से पिरामिड बहुत भारी था।

## भारतीय महिलाओं की ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी। मुंबई**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र महिला टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन रविवार को दूसरी पारी में 261 रन पर समेटने के बाद 75 रन का जीत का लक्ष्य दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत ने यह मुकाबला आठ विकेट से जीता। भारत ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन से पराजित किया था। भारतीय महिलाओं की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह पहली टेस्ट जीत है। इससे पहले तक दोनों देशों की महिला टीमों के बीच खेले गए 10 टेस्ट मैचों में भारत को चार में हार मिली थी और छह ड्रॉ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने कल के पांच विकेट पर 233 रन से आगे खेलना शुरू किया। स्नेह राणा और राजेश्वरी गायकवाड ने दो-दो विकेट लिए, जिससे भारत की महिलाओं ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 261 रनों पर समेट दिया, भारत ने पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए 75 रन का लक्ष्य 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। स्नेह राणा को मैच में कुल सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने पहली पारी में 3/56 और दूसरी पारी में 4/63 विकेट लिए।

## ईडी,आयकर,सीबीआई के डर से बगावत नहीं कर सकेंगे बृजभूषण शरण सिंह



**ब्यूरो/नई दिल्ली।** कुछ लोग कह रहे हैं कि तमाम मामलों के आरोपी व दबंग बृजभूषण शरण सिंह को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। क्योंकि गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या ,श्रावस्ती में उनके इंजीनियरिंग, फामेर्सी, शिक्षा, कानून सहित 50 से ज्यादा शिक्षण संस्थान हैं। इन ज़िलों में इनका प्रभाव है। इसलिए भाजपा को उनका टिकट काटने के पहले दस बार सोचना पड़ेगा। क्योंकि वह छठवीं बार सांसद हैं। लेकिन यह कहने वाले यह भूल जा रहे हैं कि यह भाजपा का वाजपेई राज नहीं है । ऐसे विद्यार्थियों को विहिप में लाकर आगे बढ़ाने वाले अशोक सिंघल भी अब नहीं हैं, जो ढ़ाल बनते थे। यह ईडी,आयकर,सीबीआई को हथियार की तरह उपयोग करने वाला राज है। वैसे भी बृजभूषण शरण सिंह कोई दूध के धुले नहीं हैं। उनका राजपूत बिरादरी में वह सम्मान नहीं है ,जो कुछ यसमैन द्वारा प्रचार किया जा रहा है। कुछ का कहना है कि भाजपा ने यदि बृजभूषण को आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया, तो वह भाजपा छोड़कर सपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं । उस स्थिति में यह भी हो सकता है कि उनको जेल से चुनाव लड़ना पड़े। और उस दौरान उनके सभी शिक्षण संस्थानों में आयकर,ईडी व अन्य तरह के एक साथ छापे पड़ जाएं।उनके विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय व ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवानों से छेड़छाड़ का मामला चल ही रहा है। महिला पहलवानों में ज्यादातर जाट बिरादरी की हैं। बहन बेटियों के अपमान व उनके साथ हुए दुर्व्यवहार से पूरी जाट विरादरी अपमानित महसूस कर रही है।इसकी भरपाई जाट विरादरी

**बृजभूषण को बचाने पर भाजपा को हो सकता है 16 लोस सीटों का नुकसान**

## राधा गोविंद विवि के छात्रों ने योग में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में भाग लिया




**रामगढ़।** एक रोमांचक घटनाक्रम में, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों की एक टीम ने केआईआईटी विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में आयोजित योग के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल निदेशक डॉ. अमन वर्मा, टीम मैनेजर संजय राय चौधरी के नेतृत्व में और टीम कोच धनेश्वर बीपी के मार्गदर्शन में प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने प्राचीन अनुशासन में अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिससे प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का एक उत्साही माहौल तैयार हुआ। इस खुशी में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन.साह , राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी,कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खेल मंत्रालय ने जल्दबाजी में भारतीय कुश्ती महासंघ की नई संस्था को निलंबित किया

**एजेंसी। रांची**



खेल मंत्रालय ने रविवार को संजय सिंह की अगुवाई वाली भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नई संस्था को राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए 'जल्दबाजी' में की गई घोषणा के कारण निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर कहा, भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21.12.2023 को, जिस दिन उन्हें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, घोषणा की कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे, जो इस वर्ष के अंत से पहले नंदिनी नगर, गोंडा (यूपी) में होगा। यह घोषणा जल्दबाजी में की गई है, उन पहलवानों को पर्याप्त सूचना दिए बिना, जिन्हें उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना है और डब्ल्यूएफआई के संविधान के प्रावधानों का पालन किए बिना है। पत्र में आगे लिखा है कि डब्ल्यूएफआई के संविधान की प्रस्तावना के खंड 3 (ई) के अनुसार, डब्ल्यूएफआई का उद्देश्य, अन्य बातों के अलावा, कार्यकारी समिति द्वारा चयनित स्थानों पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार सीनियर, जूनियर और सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की व्यवस्था करना है। ऐसे निर्णय कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं।

## चार मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ टॉम करेन की अपील खारिज

**एजेंसी। सिडनी**



बिग बैश लीग (बीबीएल) ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम करेन की चार मैचों की सजा के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स की अपील को मूल मंजूरी के साथ खारिज कर दिया गया है। 21 दिसंबर को, बीबीएल ने कहा कि करेन पर 11 दिसंबर को लाउंसेस्टन में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ उनकी टीम सिडनी सिक्सर्स के मैच से पहले एक अंपायर के साथ मैच से पहले विवाद के कारण चार मैचों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। ह्लअंपायर क्रिकेट की जीवनधारा का हिस्सा हैं और यह आवश्यक है कि खेल के सभी स्तरों पर खिलाड़ियों द्वारा उनका सम्मान और सराहना की जाए। हम अपील के बाद टॉम द्वारा दिखाए गए पश्चाताप को स्वीकार करते हैं और उसे सिक्सर्स रंगों में वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, टॉम बीबीएल में लंबे समय से योगदानकर्ता रहे हैं।

## वकार यूनुस पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी रफ्तार की कमी से चिंतित

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर मौजूदा लाइन-अप में गति की कमी से वास्तव में चिंतित हैं। टेस्ट श्रृंखला के शुरूआती मैच में 360 रन की हार में, पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी चौकड़ी - शाहीन शाह आफरीदी, खुर्रम शहजाद, आमिर जमाल और फहीम अशरफ शायद ही कभी 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़े। चोट के कारण शहजाद बाहर हैं, हसन अली, मोहम्मद वसीम जूनियर और मीर हमजा अन्य विकल्प हैं, जो 140 किमी प्रति घंटे के निशान को पार करने के बारे में ज्यादा आत्मविश्वास पैदा नहीं करते हैं।

## रॉबिन मिंज के आईपीएल में चयनित होने पर अनाथ आश्रम में फल और मिठाई वितरित



**रांची।** रॉबिन मिंज को आईपीएल में चयनित होने पर उनके क्रिकेट क्लब के डायरेक्टर एसपी गौतम और पूर्व रणजी क्रिकेटर-सह-भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने अनाथ आश्रम में फल और मिठाई वितरित कर दी बधाई। सोनेट क्रिकेट क्लब के सदस्य और झारखंड का बेटा, उभरते क्रिकेट सितारे रॉबिन मिंज के आईपीएल में चयन होने और गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा बनने की खुशी में आज क्लब के डायरेक्टर और क्रिकेटर एसपी गौतम के नेतृत्व में माहेर अनाथ आश्रम के बच्चों के बीच फल, मिठाईयां बांट कर खुशी मनाई गई। वहां रॉबिन मिंज के पिता, पूर्व रणजी क्रिकेटर - सह- भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु, चंचल भट्टाचार्य, आसिफ और रॉबिन मिंज के मित्रगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसपी गौतम और अजातशत्रु ने कहा कि रॉबिन मिंज का चयन होना झारखंड के लिए गौरव का विषय है। हम सभी लोग उनको शुभकामना देते हैं कि वे इसी प्रकार से आगे बढ़ते हुए भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनें। आज उनको एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है अपनी प्रतिभा को अच्छे से प्रदर्शित करने का जहां अपने अच्छे प्रदर्शन से वे इस जगत में नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं।

**व्यापार**

# भारतीय स्टार्टअप्स में 35 हजार से ज्यादा नौकरियां गई, 2024 में भी छंटनी रहेगी जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले दो साल में भारतीय स्टार्टअप्स में 35,000 से ज्यादा लोगों ने नौकरी से हाथ धोया हैं, और 2024 में भी नौकरियों में कटौती बेरोकटोक जारी रहने की संभावना है। 2022 में बायजू, ओला, अनएकेडमी, ब्लिंकिट और वाइटहैट जूनियर, स्किल-लिंक, गो मैकेनिक, शेयर चैट और जेस्टमनी जैसे प्लेयर्स के नेतृत्व में भारतीय स्टार्टअप्स ने 18,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया। इंक42 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में 17,000 से ज्यादा लोग पहले ही अपनी नौकरियां खो चुके हैं और यह लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट ने रणनीतिक पुनर्गठन के तहत 200 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के लगभग 15 प्रतिशत को नौकरी से निकाल दिया है। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने



कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 प्रतिशत या 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। गूगल समर्थित एडटेक प्लेटफॉर्म अड्डा247 ने विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 250-300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। एनट्रैकर ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा, दिसंबर 2021 में कंपनी द्वारा लगभग 20 मिलियन डॉलर में अधिग्रहित यूपीएससी-केंद्रित एडटेक प्लेटफॉर्म स्टडीआईक्यू से लगभग 100 से 150 कर्मचारियों को निकाल दिया गया था।

### रिकॉर्ड फंडिंग और सरकार के दबाव के बीच भारतीय एआई स्टार्टअप ने नवाचार को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए फंडिंग की कमी हो रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्फोट ने देश में उद्यमियों और संस्थापकों को नई संजीवनी दी है, क्योंकि केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र के समर्थन बढ़ाया है। परिणामस्वरूप, घरेलू जेनेरेटिव एआई स्टार्टअप 'सर्वम एआई' ने लाइटस्पीड के नेतृत्व में और पीक एक्सवी पार्टनर्स और विनोद खोसला द्वारा संचालित खोसला वेंचर्स द्वारा समर्थित सीरीज ए राउंड में इस महीने की शुरूआत में 4.1 करोड़ डॉलर जुटाए, जो इस स्तर पर किसी भारतीय एआई स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। रिपोर्टों के अनुसार, देश 70 से अधिक जेनएआई स्टार्टअप हैं, जिन्होंने अब तक 44 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए हैं। विवेक राघवन और प्रत्यूष कुमार द्वारा स्थापित, सर्वम एआई ने जनरेटिव एआई के लिए फुल-स्टैक विकसित करने की योजना बनाई है, जिसमें कस्टम एआई मॉडल के प्रशिक्षण में अनुसंधान-आधारित नवाचारों से लेकर लेखन और तैनाती के लिए एंटरप्राइज-ग्रेड प्लेटफॉर्म तक शामिल है। सर्वम एआई भारतीय भाषाओं और वॉयस-फर्स्ट इंटरफेस के विविध सेट का समर्थन करने के लिए एआई मॉडल को प्रशिक्षित करेगा। कंपनी भारतीय उद्यमों के साथ उनके डेटा पर डोमेन-विशिष्ट एआई मॉडल बनाने के लिए भी काम करेगी। एआई स्टार्टअप का लक्ष्य विशेष रूप से सार्वजनिक-अच्छे अनुप्रयोगों के लिए अत्यधिक सफल भारत स्टैक के शीर्ष पर जेनएआई को जनसंख्या-स्तर पर प्रभाव पैदा करना है।

## वेदांता को 84.7 करोड़ रुपये चुकाने का जीएसटी नोटिस

**एजेंसी। मुंबई**

अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता ने शनिवार को कहा कि उसकी सहायक कंपनी भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के रूप में 84.7 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि मांग नोटिस छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के संयुक्त आयुक्त के कार्यालय से जारी किया गया है जो वित्त वर्ष 2017-18 से संबंधित है। कुल जीएसटी की मांग 84,70,09,977 रुपये की गई है, जबकि इस राशि का अतिरिक्त 10 प्रतिशत लागू ब्याज के साथ जुमार्ना लगाया गया है। कंपनी ने कहा है कि बाल्को इस मामले में की जाने वाली अगली कार्रवाई का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है। धातु से लेकर खनन क्षेत्र तक की अग्रण कंपनी ने कहा कि इस आदेश से कंपनी पर कोई भौतिक वित्तीय प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है।




### वित्तीय सेवाओं में एफपीआई बड़े खरीदार

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा है कि एफपीआई का निवेश पिछले तीन महीनों में नकारात्मक था, लेकिन दिसंबर में यह सकारात्मक हो गया है। 22 दिसंबर तक कुल एफपीआई प्रवाह 57,313 करोड़ रुपये रहा, जिसमें स्टॉक एक्सचेंजों और प्राइमरी मार्किट के माध्यम से खरीदारी शामिल है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 महीने के उच्चतम स्तर 615.97 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 20 महीने के उच्चतम स्तर 615.97 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 8 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.82 अरब डॉलर बढ़कर 606.86 अरब डॉलर होने के बाद 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़ गया। विदेशी मुद्रा भंडार 1 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 6.1 अरब डॉलर बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 604.04 अरब डॉलर पर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था के मैक्रोइकोनॉमिक बुनियादी सिद्धांतों को बढ़ावा देती है और आरबीआई को अस्थिर होने पर रुपये को स्थिर करने में आसानी होती है। आरबीआई रुपये को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है।

## कृषि पर जलवायु परिवर्तन का असर विकास दर में चिंताजनक गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टिकाऊ कृषि के लिए जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, क्योंकि इस साल अनियमित मानसून ने भारत के कृषि उत्पादन को प्रभावित किया, इससे खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई। सरकार को निर्यात पर रोक लगाने जैसे उपाय करने के लिए मजबूर होना पड़ा। खराब मौसम के कारण खरीफ उत्पादन में गिरावट के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में देश के कृषि क्षेत्र की विकास दर घटकर मात्र 1.2 प्रतिशत रह गई। इसका प्रतिकूल प्रभाव चालू रबी सीजन पर पड़ा है और सामान्य से कम मानसून के कारण कुल बोए गए क्षेत्र में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। मिट्टी में नमी की कमी हो गई है और जलाशयों में पानी का भंडारण कम हो गया है। गेहूं और दालों के रकबे में क्रमशः तीन और आठ फीसदी की गिरावट आई है, इससे



आगे चलकर खाद्य उत्पादन में गिरावट को लेकर चिंता बढ़ गई है। जलवायु परिवर्तन की इस जटिल घटना से निपटने के लिए गतिशील प्रतिक्रिया रणनीतियों को विकसित करने के लिए नीति निमार्ताओं और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर अब एक बड़ी चिंता है, खासकर कुछ राज्यों में विशाल क्षेत्र अभी भी वर्षा आधारित कृषि पर निर्भर हैं। हालांकि, रबी के रकबे में मौजूदा गिरावट के बावजूद, कृषि मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है कि अगले कुछ हफ्तों में अंतर को संभावित रूप से कम किया जा सकता है। उनका अनुमान है कि रबी फसलों के लिए कुल बोया गया क्षेत्र, पिछले पांच वर्षों के औसत स्तर (648 लाख हेक्टेयर) तक पहुंच सकता है। अधिकारी दलहन के रकबे में कमी का कारण धान जैसी खरीफ फसलों की देर से कटाई और फसल विविधीकरण की प्रवृत्ति को मानते हैं। इसमें कुछ राहत की बात है कि सरसों और रेपसीड सहित तिलहनों का रकबा इस साल 2022 की तुलना में 1 लाख हेक्टेयर अधिक है, इससे देश के खाद्य तेलों के आयात बिल को कम करने में मदद मिलेगी।

## एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ देश का पहला एयरबस ए 350

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एयर इंडिया के बेड़े में शामिल पहला एयरबस ए350-900 विमान शनिवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरा। विमान को वीटी-जेआरए के रूप में पंजीकृत किया गया है। यह फ्रांस के टूलूज स्थित एयरबस के संयंत्र से उड़ान भरकर दोपहर 1:46 बजे दिल्ली पहुंचा। टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की वरिष्ठ कमांडर कैप्टन मोनिका बत्रा वैद्य, जो ए 350 पर प्रशिक्षित होने वाले पहले कुछ भारतीय पायलटों में से हैं, एक पर्यवेक्षक के रूप में विमान में मौजूद थीं। एयर इंडिया भारतीय विमानन के पुनर्जागरण को उत्प्रेरित करने में अग्रणी है, ए350 संचालित करने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने यह क्षण एयर इंडिया में हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। ए350 केवल धातु और इंजन नहीं है; यह हमारी एयरलाइन के निरंतर परिवर्तन और नए मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एयर इंडिया के सभी कर्मचारियों के अथक प्रयासों का उड़ता हुआ अवतार है। यह कई मायनों में विश्व मंच पर भारतीय विमानन के पुनरुत्थान की घोषणा भी है। उड़ान के नए युग के प्रतीक के रूप में, ए350 हमारे नॉन-स्टॉप मार्गों पर एक विश्व स्तरीय, लंबी दूरी की यात्रा के अनुभव का वादा करता है, जो एक अद्वितीय स्तर का आराम प्रदान करता है।

## 2023 में डीआईआई ने 20.2 बिलियन डॉलर का निवेश किया

**नई दिल्ली।** क्वांटम म्यूचुअल फंड के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से डीआईआई प्रवाह मजबूत रहा है, वहीं बढ़ती वैश्विक ब्याज दरों ने एफपीआई प्रवाह को नियंत्रण में रखा है। डीआईआई ने 2022 में 35.8 अरब डॉलर और 2023 में 20.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। इस साल एफपीआई प्रवाह 12.8 अरब डॉलर पर काफी कम रहा है, लेकिन 2022 में 16.5 अरब डॉलर के ऑउटफ्लो से बेहतर है। इसके चलते भारतीय इक्विटी में एफपीआई स्वामित्व में गिरावट आई है। वैश्विक मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में नरमी के साथ, भारत का स्थिर नीति वातावरण और मजबूत अर्थव्यवस्था विदेशी प्रवाह को आकर्षित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती वैश्विक ब्याज दरों, मूल्यांकन विस्तार की सीमित गुंजाइश और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को देखते हुए वर्ष 2023 में उम्मीद से ज्यादा इक्विटी रीटर्न मिला है।

## निफ्टी मिडकैप में 44%, स्मॉलकैप में 54% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** साल 2023 का अंत घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक नोट पर कर रहे हैं। निफ्टी 21,500 के पार पहुंच गया है, वहीं सेंसेक्स 71,000 के पार है। मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर के महीने में निवेशकों के सेंटीमेंट्स को काफी बढ़ावा मिला, जिससे घरेलू और वैश्विक बाजारों को नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिली। सेकेंड्री मार्केट में तेजी के रुख के बाद आईपीओ बाजार भी काफी जीवंत रहा। पिछले साल 40 आईपीओ (कुल 64,000 करोड़ रुपए) के मुकाबले इस साल 48,000 करोड़ रुपए का फंड जुटाने के लिए 58 आईपीओ बाजार में आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे ओला इलेक्ट्रिक, स्विगी, फर्स्टक्राई, मोबिविक सहित नए जमाने के टेक आईपीओ में तेज वृद्धि की उम्मीद के साथ पाइपलाइन मजबूत बनी हुई है। भारत के मैक्रो और माइक्रो फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं और बाजार को नई ऊंचाई छूने में मदद कर रहे हैं। निफ्टी ने 2023 में अब तक 18 फीसदी का रिटर्न दिया है। मिडकैप और स्मॉलकैप में भारी तेजी देखी गई, निफ्टी मिडकैप100 में 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप100 में 54 फीसदी की।

## एक नजर

### दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन

**लातेहार।** दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन रविवार को लातेहार में हुआ। इसमें लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आगंतुकों का स्वागत किया गया व लातेहार जिला में कार्यक्रमो की समीक्षा की गई । उसके बाद बरवाडीह मोड में आदरणीय अध्यक्ष केदार पासवान का भव्य स्वागत किया गया। केदार पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में मात्र एक लोकसभा क्षेत्र पलामू है जो दलित आरक्षित सीट है। यहां के लोकसभा सदस्य पूरे झारखंड की दलितों की बात सदन में कर सके ऐसे सदस्य को चुनना चाहिए ना कि आरक्षण कोटा में पुलिस प्रशासन में रहे किसी व्यक्ति को। केंद्र में दलित विरोधी सरकार है लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है। आने वाले 2024 में झारखंड के सभी लोकसभा और विधानसभा पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन कर हमें लोकतंत्र और संविधान को बचाना है।

### एम पब्लिक स्कूल के बच्चें निकले शैक्षणिक भ्रमण पर

**हरिहरगंज ।** हरिहरगंज से सटे छकनबाग स्थित एम पब्लिक स्कूल के 70 छात्र-छात्राएं सुरक्षित बस से शैक्षिक भ्रमण पर निकले. इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य परवेज आलम ने बताया कि बच्चें सुरक्षित बस से शैक्षणिक भ्रमण के लिए सासाराम शेरशाह का मकबरा, ताराचंडी मुंडेश्वरी सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण किए. वही विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेज आलम ने बताया कि समय-समय पर ऐसे आयोजन से बच्चों में किताबी ज्ञान के अलावा भी बाहरी ज्ञान अर्जित करने में सहायक सिद्ध होगा. इस भ्रमण यात्रा में शिक्षक उज्जवल सिंह, सचिन ठाकुर, जागृति, तनु व्यूटी, रिया कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थें।

### क्षतिग्रस्त सड़क से दुर्घटना का अंदेशा

**सतबरवा।** सदर प्रखंड के लहलहे से पावर ग्रिड तक निर्मित पीएससी सड़क व मलय नदी पर पुल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने की वजह से सड़क व पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इससे भीषण हादसे की प्रबल संभावना बनी हुयी है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएससी सड़क एवं मलय नदी पर पुल का निर्माण ग्रामीण विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 में कराया गया था। निम्न गुणवत्ता की सामग्री लगाये जाने के कारण करोड़ों की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क एवं पुल निर्माण के कुछ दिन बाद ही क्षतिग्रस्त हो गये। इंटक के प्रदेश सचिव विवेकानंद त्रिपाठी ने इसकी शिकायत ट्विटर के माध्यम से झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पलामू उपायुक्त, पावर ग्रिड व सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को दी है।

### जमुने में राष्ट्रीय किसान दिवस सह गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** कृषि विभाग द्वारा सदर प्रखंड के जमुने में किसान दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मेदिनीनगर के बीटीएम सुमित कुमार वर्मा ने किसानों को कृषि तकनीक, कृषि उपकरण और मशीनरी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग से समय एवं श्रम की बचत होती है और फसलों के उपज में भी वृद्धि होती है।

### सरकार आपके द्वार शिविर में जमीन से जुड़े कार्यों का भी हो रहा निपटारा

# ऑन स्पॉट रामसेवक व सुनील का लगान रसीद निर्गत

**लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण, जॉब कार्ड का वितरण, कई लाभुकों का पेंशन निर्गत किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाये जा रहे शिविर में योजनाओं के लाभ के साथ-साथ लोगों के जमीन से जुड़े कार्यों का भी निष्पादन किया जा रहा है। चैनपुर के कंकारी में रविवार को लगाये गये शिविर में रामसेवक ठाकुर का लगान रसीद ऑनलाइन ऑन स्पॉट निर्गत किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से लगल थे रसीद नहीं कट रहा था, लेकिन शिविर में तत्काल रसीद कट गया। इसी तरह सुनील ठाकुर ने बताया कि मेरे पिताजी के नाम से म्युटेशन था, लेकिन रसीद नहीं कट पाया था, शिविर में अप्लाई किये तुरंत काम हो गया। इधर इस शिविर में कंकारी के चंदन और प्रियंका को मिला निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ प्रदान किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कई लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण, जॉब कार्ड का वितरण, कई लाभुकों का पेंशन निर्गत किया गया। कंकारी में आयोजित शिविर में अवकाश रहने के कारण लोगों की भागीदारी काफी अधिक देखी गयी। इस दौरान सबसे अधिक भीड़ स्वास्थ्य जांच काउंटर,आधार काउंटर व अबुआ आवास के काउंटर पर देखी गयी।मौके पर चैनपुर बीडीओ नितेश भास्कर व सीओ संजय बाखला समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ऋषिकेश बने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

हुसैनाबाद। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के ऋषिकेश सिंह को प्रदेश प्रवक्ता का पद मिलने पर हुसैनाबाद में कांग्रेसियों ने जश्न मनाया व हर्ष व्यक्त किया है। कांग्रेसियों ने बताया कि रांची विश्वविधालय से छात्र राजनीति की शुरूआत कर झारखंड एन. एस.यू.आई. के प्रदेश उपाध्यक्ष, सबसे ज्यादा मतों से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बनने वाले और कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3500 कि.मी. की पैदल यात्रा करने वाले भारत यात्रा ऋषिकेश सिंह को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता का पद दिया गया है। ऋषीकेश सिंह पूर्व में झारखण्ड कांग्रेस के वाररूम में चुनाव प्रचार का संयोजन भी कर चुके हैं।

### वाहनों की गति नियंत्रित करने को लगाया बैरिकेड्स



हरिहरगंज/ मेदिनीनगर। औरंगाबाद मुख्य मार्ग के हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में संभावित सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरिहरगंज थाना की पुलिस ने वाहनों की गति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट के अलावे तीन अन्य जगहों पर बेरिकेड्स लगाया है। इनमें प्रखंड कार्यालय गेट, मिडिल स्कूल तथा वन विभाग नाका के समीप बेरिकेड्स लगाया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि सड़क पर चलने वाले वाहनों तथा आम लोगों की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अनियंत्रित गति से चलने वाले वाहन के चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उधर शहरवासियों ने सड़क दुघर्टना पर अंकुश लगाने के लिए सघन आबादी वाले क्षेत्र में बैरिकेडस लगाए जाने पर पुलिस की इस कदम की प्रशंसा की है।

### व्यापार संगठन ने डीसी को बतायी जाम की समस्या

**मेदिनीनगर।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के संयोजक रंजीत कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ डीसी पलामू से मिलकर अस्पताल चौक से कचहरी चौक तक भीषण जाम के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कराया। अनूप प्रियदर्शी ने बताया कि रोड से सटे बिना काम के पड़े हुए बीएसएनल खंबे को हटाना अति आवश्यक है। इससे रोड की चौड़ाई बढ़ जाएगी। सुमित पाठक ने बताया कि फॉरेस्ट ऑफिस के सामने बीच रोड पर बरगद के विशाल पेड़ को अति शीघ्र हटाना आवश्यक है। इससे आये दिन बड़ी दुर्घटनायें हो रही हैं। नवीन पांडे ने बताया कि मुख्य मार्ग को पार्किंग से मुक्त किया जाये। निलेश चंद्र ने बताया कि अस्पताल चौक से कचहरी चौक तक जाम के चलते कई बार एंबुलेंस भी फंस जाता है। सड़क संकरी होने के कारण साइड से निकलने का कोई विकल्प नहीं बच पाता। उपायुक्त ने सभी की बातों को ध्यान से सुनकर आश्वस्त किया कि नये वर्ष में मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त एवं जाम मुक्त किया जायेगा।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने किया पाटन का दौरा

**पाटन।** दिन रविवार को छतरपुर पाटन विधानसभा के ग्राम भिकहिपलवा में गौरव दलित समारोह का आयोजन हुआ इसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ केदार पासवान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा कांग्रेस पार्टी द्वारा लड़ा जायेगा। यहां के क्षेत्रीय विधायक जो लुटने का कार्य कर रहा है। वह छतरपुर विधानसभा की जनता देख रही है और इस बार मुंह तोड़ जवाब देगी। कांग्रेस पार्टी को छतरपुर विधानसभा से भारी बहुमत से विजय दिलायेगा। कांग्रेस पार्टी की भावी उम्मीदवार अशोक पासवान दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सभा में मौजूद रहे। युवा जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, राकेश दुबे सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### 351 आवेदनों का किया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**डंडई।** डंडई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सीएस अशोक कुमार सिंह, बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चोनानाराम हेंब्रम, प्रमुख कांति देवी, 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी और मुखिया धनवंती देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में कुल 2672 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 351 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 2321 आवेदन पेंडिंग रहे। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, प्रधान लिपिक अभयानंद सिन्हा, कनीय अभियंता मुकेश कुमार दुबे, मुखिया पति महेश्वर राम, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, रोजगार सेवक दिनेश कुमार रवि, प्रमोद कुमार, सत्य प्रकाश, ललित नारायण यादव, करीम सिंह, नंदू यादव, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम

# सुठा पंचायत में एक साथ 26 लाभुकों का पेंशन स्वीकृत



शिविर में मौजूद लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।कार्यक्रम के तहत जिले के सुदूरवर्ती पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत सुठा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक साथ हांथों-हाथ 26 लाभुकों का पेंशन स्वीकृत किया गया।जिसमें 22 वृद्धा पेंशन,3 विधवा पेंशन व एक दिव्यांग पेंशन शामिल है।जब लाभुकों को बीडीओ अमित कुमार झा द्वारा बताया गया कि अगले महीने से उनके खाते में राशि चली जाएगी तो उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा।इसके अलावे कई लोगों के बीच जॉब कार्ड,धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया।सुठा के शिविर में अबुआ आवास के लिये 250 से अधिक आवेदन प्राप्त किये गये वहीं 137 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर पाटन सीओ दीपक मिश्रा समेत स्थानीय पंचायत की मुखिया समेत बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे।

# पहाड़ व नदियां बर्बाद कर रहे माफिया : रविंद्र



बैठक करते ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** पलामू जिले के पिपरा प्रखंड में पत्थर का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। यहां से बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश राज्यों तक ट्रक व हाईवे से पत्थर भेजा जाता है। अवैध खनन से बांस दोहर नदी और तालाब के अस्तित्व लगभग मिट चुका है। प्राकृतिक के इस दोहन में जवाब देह में स्थानीय दबंग भी शामिल है। यहां पत्थर माफियाओं द्वारा स्थानीय लोगों का भी सहयोग लेते हैं। इसे लेकर पिपरा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, एनसीपी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजनकिया गया। बैठक के बाद माइंस तथा क्रेशर माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से क्रेशर संचालक फॉरेस्ट का दोहन व बांस दोहर नदी के अस्तित्व के खतरे के विरोध में ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन पलामू उपायुक्त, पलामू डीएमओ, छतरपुर अनुमंडल अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पीपरा को देकर नियम संगत कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर कहा गया कि ब्लास्टिंग का समय निर्धारित नहीं है। इस कारण भी दुर्घटना होती रहती है। माइंस में सुरक्षा मानको का सही रूप से पालन नहीं किया जाता है। बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरिवंश पासवान, जिला सचिव सह इंटर अध्यक्ष भगवती सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह, रामप्रवेश भुइयां, हरि भुइयां, सुशील सिंह, पिंटू, सुरेश शर्मा, अभय सिंह, कमलेश प्रजापति, डॉ. दशरथ सिंह, संजय सिंह, विवेक, बच्चन, विमल, सीताराम, शिवचरण, मिंटू , प्रिंस सहित बड़ी संख्या में एनसीपी कार्यकर्ता शामिल थे।

# अपनी ही जमीन पर दखल दिलाने की डीसी से लगायी गुहार

नवीन मेल संवाददाता।

हरिहरगंज। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तूरी पंचायत के बरवादोहरी निवासी युगेश यादव ने अपने ही जमीन पर दखल कब्जा दिलाने की गुहार उपायुक्त पलामू से लगायी है। इस मामले को लेकर ग्रामीण युगेश यादव ने हरिहरगंज अंचलाधिकारी, एसडीओ छतरपुर, उपायुक्त पलामू से गुहार लगायी है। इससे पहले युगेश यादव ने नीचे स्तर के अधिकारियों से लेकर उपर के पदाधिकारियों से दखल कब्जा कराने की पहले भी गुहार लगा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बरवादोहरी गांव स्थित खाता 10, प्लॉट 182 रकवा 110डी. में 55 डी. जमीन मेरे हक में है, जिसका केवाला पिछले कई साल पहले हुआ है, साथ ही दाखिल खारिज हो गया है। जबकि रसीद भी कट चुका है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि उपायुक्त पलामू के निर्देश पर एसडीओ द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त जमीन का सभी जरुरी कागजात मेरे पास उपलब्ध है।

# सर्वब्राह्मण महासभा की बैठक में टंडवा प्रखंड समिति गठित, उपेंद्र बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत टाऊन हॉल में रविवार को सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संयोजक अक्षयवट पांडेय व संचालन सुमन भारतीय ने की। सर्वसम्मति से प्रखंड समिति का गठन कर अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, संजीव तिवारी, ब्रजकिशोर पांडेय, महासचिव प्रकाश पाठक, सचिव सुभन भारतीय, गोविंद पंडा, कोषाध्यक्ष धनंजय चौबे, मीडिया प्रभारी शशि पाठक, संरक्षक अक्षयवट पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, गणेश मिश्र, विजय चौबे, गोविंद तिवारी, नीरज तिवारी, नंदकुमार पाठक, मिथिलेश पांडेय, विजय गिरि, अरविंद पांडेय, विकास पांडेय को बनाया गया। ज्ञात हो कि विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ इच्छाशक्ति के बदौलत दोनों सहोदर भाईयों जिनमें नेत्रहीन दिव्यांग सुदर्शन रक्षा विभाग तथा सोमेश एसएससी में सफलता प्राप्त की है। मौके पर युगल किशोर पांडेय, छेदी पांडेय, विकास चतुर्वेदी, कामेश्वर पांडेय, उदय पांडेय, धनंजय पांडेय, दिलीप पांडेय, साकेत पांडेय, कृष्णकांत, नित्यानंद समेत अन्य मौजूद थे।

### ब्राह्मण समाज ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**गिद्धौर।** प्रखंड प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में रविवार को ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय ने की। मौके पर जिला कार्यकारी सदस्य यदुनंदन पांडेय, बनवारी पांडेय, बैजनाथ पांडेय, कामदेव पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रमोद पांडेय, लंबोदर पांडेय मौजूद भी थे।

# पंसस अयुब ने सोशल मीडिया पर छेड़ा अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी जंक्शन पर आरओबी निर्माण और स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रीज का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए कामता पंसस अयुब खान ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक सप्ताह का अभियान शुरू किया। इसके माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम, नेशनल हाईवे प्राधिकरण (एनएचआई) का ध्यान खींचकर आरओबी (फ्लाई ओवरब्रिज) का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका हो गई है। यह एक बड़ा प्लेट फॉर्म है। फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा दशकों से लगातार संघर्ष कर इस जनहित की मांग को रख रही है। उन्होंने सोशल मीडिया अभियान में प्रिंट मीडिया के पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक चैनल के प्रतिनिधि, सोशल मीडिया के साथी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक, छात्र, नौजवान, किसान, सम्मानित आम जनता से समर्थन करने की अपील की है। केंद्र व राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उदासीन रवैये के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में विद्वत गोष्ठी का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, प्राचार्य टीडीएम डिग्री कॉलेज प्रशांत सहाय, प्रधानाध्यापक मवि नगर उंटारी, अनिल विश्वकर्मा, अशोक कुमार सिंह, देवशंकर प्रसाद और विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया।

## पेज एक के शेष

### आईओए बनाए कुश्ती...

के शीर्ष पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से एथलीट चयन की प्रक्रिया सहित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के मामलों की देखरेख और संचालन के लिए एक एड-हॉक कमेटी बनाने को कहा है।

केंद्र ने कहा, डब्ल्यूएफआई के पूर्व पदाधिकारियों के प्रभाव और नियंत्रण से उत्पन्न मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, डब्ल्यूएफआई के शासन और अखंडता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। इसके लिए खेल संगठनों में सुशासन के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए तत्काल और कड़े सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता है। इस प्रकार अब यह आईओए की जिम्मेदारी बन गई है कि वह डब्ल्यूएफआई के मामलों के प्रबंधन के लिए अंतरिम अवधि के लिए उपयुक्त व्यवस्था करे। हाल ही में संपन्न डब्ल्यूएफआई चुनावों में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी सहयोगी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। संजय सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को हराया जो बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में गवाह थीं। डब्ल्यूएफआई चुनाव नतीजों के बाद तीन शीर्ष पहलवानों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान रियो ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने तक की घोषणा कर दी थी। वहीं बजरंग पुनिया ने भी अपना पद्मश्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लौटाने का फैसला किया।

### बड़ा दिन को ही जन्मे...

संपर्क में सुधार कर ढांचागत सुविधाओं को मजबूती प्रदान की। नदियों को जोड़ने की उनकी योजना से बाढ़ और सुखाड़ की एक साथ त्रासदी झेलते देश में क्रांति लाई जा सकती थी। वाजपेयी का मानना था कि सरकार के असली मायने तभी हैं, जब वह धरातल पर लोगों को तुरन्त लाभ पहुंचाए, जिससे लोगों को प्रत्यक्ष रूप से फायदा मिले। बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने यह करके भी दिखाया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बेहद नम्र इंसान थे और वह अंहकार से कोसों दूर थे। उनके निधन पर तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा था, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी में अहंकार बिल्कुल भी नहीं था, 'जब वो देश के प्रधानमंत्री थे, उस समय मैं राज्यसभा सांसद था। संसद के गलियारों में मिलते तो दूर से ही पहले नमस्कार करते। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री मुशाहिद हुसैन सैय्यद ने उनकी पाकिस्तान यात्रा पर कहा था वाजपेयी को लेकर मेरे मन में भी एक छवि थी कि वो भारत के वजीरे आजम थे जो पाकिस्तान का विरोधी है, दूसरा वो भारतीय जनता पार्टी से थे, जो हिंदुत्व की पार्टी है। लेकिन मैंने देखा कि वाजपेयी एक खुले दिल और दिमाग वाले इंसान हैं। बल्कि मैं तो कहूंगा कि वो हिंदुस्तान के सबसे बड़े स्टेट्समैन थे।उनका विजन अमेरिका के रिचर्ड निक्सन जैसा लगा, जिन्होंने दक्षिणपंथी रिपब्लिकन होते हुए भी कम्युनिस्ट चीन के साथ संबंध बढ़ाए। उनकी आउट ऑफ बॉक्स सोच थी। मैं उनकी विनम्रता से बहुत प्रभावित हुआ। आवाज धीमी लेकिन मजबूत नेता और क्लियर विजन।वो मीनार-ए-पाकिस्तान गए जो एक मेमोरियल है, जहां साल 1940 में जिन्ना साहब ने पाकिस्तान की बुनियाद रखी थी। मैंने उनसे कहा कि आप ये बहुत बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। तो वो बोले कि उन्हें मालूम है। उन्होंने कहा भारत में कुछ लोग नाराज होंगे, लेकिन ये जरूरी है कि पाकिस्तान की जनता को भरोसा दूं।

**पहल** डॉ. राधा बाबू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मेडिकल किट का वितरण

# दूषित जल से होती हैं 70 प्रतिशत बीमारियां : डॉ. यासिन




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में डॉक्टर राधा बाबू की पुण्यतिथि मनाई गई। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन स्थानीय गोविंद हाई स्कूल एवं हरिजन मध्य विद्यालय में मेडिकल किट का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गई। गोविंद हाई स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर यासिन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। आप डिग्री तो हासिल कर सकते हैं, लेकिन पद-प्रतिष्ठा की कामयाबी हासिल करने के लिए ज्ञान और अनुभव की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बच्चे अपने अंदर प्रतिभा उत्पन्न करें। पहले लक्ष्य निर्धारित करें। जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी का चयन करें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पतंजलि केसरी की ओर से स्वास्थ्य किट वितरण किया जा रहा है। जो दुर्घटना के बाद अस्पताल जाने से पहले लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज 70 प्रतिशत बीमारी गंदा पानी पीने से होती है, इसलिए हम सभी को साफ पानी पीना चाहिए। अपने घर, शरीर और आसपास की साफ - सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वास्थ्य उत्तम धन है। हमें प्रदूषण से भी बचना चाहिए। बच्चे गलत वातावरण से दूर रहें। ज्ञान के साथ नैतिकता और अनुशासन आपको सभ्य बनाता है। सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह ने कहा कि पहले के समय में स्कूल में फर्स्ट ऐड की व्यवस्था नहीं रहती थी। बच्चे आपको यहां जो भी जानकारी दी जा रही है। उसे अपने गांव के लोगों को भी बताएं। डॉक्टर पतंजलि केसरी अपने बाबा और पिताजी के पद चिन्हों पर चलते हुए कल्याणकारी काम को आगे बढ़ा रहे हैं। सेवानिवृत शिक्षक पारसनाथ तिवारी ने कहा कि प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना कार्यक्रम का उद्देश्य है, जिससे आपातकालीन स्थिति में अपना और दूसरों की मदद किया जा सके। उन्होंने कहा कि फर्स्ट एड मरीज को बड़ा शारीरिक नुकसान होने से बचाता है। व्यक्ति के ठीक होने में भी कम समय लगता है। फर्स्ट एड के बाद मरीज स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। हमें शरीर में कट से लेकर फैक्चर तक की स्थिति में होने वाली प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए। दुर्घटना के बाद व्यक्ति का प्राथमिक उपचार होना बहुत जरूरी है।

### सारथी सहायता ने सौंपा 9 लाख 31 हजार का चेक

**मयूरहंड।** सारथी सहायता संगठन चौपारण (हजारीबाग) के सदस्यों ने रविवार को मयूरहंड थाना क्षेत्र के ढोढी-मंधैनिया में मृतक के पत्नी पम्मी कुमारी को सहायता राशि का चेक सौंपा। ज्ञात हो कि सारथी सहायता संगठन व्यावसायिक वाहन चालकों के लिए कार्य करती है। संगठन के सदस्य वाहन चालक राम सागर सिंह उर्फ छोटी सिंह ढोढ़ी मंधनिया निवासी की वाहन दुर्घटना में 16 जुलाई 2023 को मौत हो गई थी। संगठन के सदस्यों ने मृतक चालक के घर पहुंच दो मिनट का मौन रख दिवंगत को श्रद्धांजलि देने के तत्पश्चात संगठन की ओर से एक लाख 31 हजार एवं इंश्योरेंस क्लेम के माध्यम से 7 लाख 50 हजार कुल 9 लाख 31 हजार रुपये का चेक दिवंगत के धर्मपत्नी पम्मी कुमारी को दिया गया। मौके पर अध्यक्ष गौतम सिंह, सचिव योगेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रवक्ता पिंकू कुमार, कार्यकारी सदस्य कारू सिंह, पंकज कुमार सिंह, हृदय सिंह, कोर कमेटी सदस्य राम सागर सिंह, अनुज कुमार सिंह, एकलव्य पाण्डेय, अशोक सिंह, छोटन सिंह, सौरव कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, शलेश कुमार, शक्ति कुमार, रमेश कुमार, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### मप्र सीएम ने अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 12 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर चर्चा के लिए रविवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। खेल मंत्री से मुलाकात के बाद मोहन यादव ने कहा, "मैंने ठाकुर से मुलाकात की और 12 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के बारे में चर्चा की।" उन्होंने कहा कि उन्होंने ठाकुर से खेलो इंडिया और 'माई इंडिया' कार्यक्रमों के संबंध में भी चर्चा की।

### अखनूर में ड्रोन से गिराए गये हथियार और गोला-बारुद बरामद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शहर के बाहरी इलाके अखनूर में एक ड्रोन से गिराए गये हथियार और गोला-बारुद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास ड्रोन से गिराए गए एक पैकेज से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गये। मामले की जांच जारी है।

### निकेल-प्रसंस्करण प्लांट में विस्फोट से 12 की मौत, 39 घायल

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया में रविवार को एक निकेल-प्रसंस्करण संयंत्र में विस्फोट के बाद कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 39 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिर्पोटों में ये बात कही गई है। रिर्पोटों में कहा गया है कि सुलावेसी द्वीप खनिज समृद्ध देश के निकेल के उत्पादन का केंद्र है, जो इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी और स्टेनलेस स्टील के लिए उपयोग की जाने वाली धातु है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना मध्य सुलावेसी प्रांत के मोरोवाली औद्योगिक पार्क में पीटी इंडोनेशिया त्सिंगशान स्टेनलेस स्टील के स्वामित्व वाले संयंत्र में सुबह लगभग 5:30 बजे हुई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, पीड़ितों की वर्तमान संख्या 51 हैं।

### शरद पवार ने की गौतम अडानी की तारीफ

**पुणे।** उद्योगपति गौतम अडानी भले ही विपक्षी दलों के निशाने पर रहते हो लेकिन शरद पवार का उन्हें हमेशा साथ मिलता रहा है। इस बार तो एनसीपी चीफ ने अदाणी की जमकर तारीफ की है और उन्हें धन्यवाद भी दिया है। पुणे के बारामती में एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र के निर्माण में गौतम अडानी ने मदद की है। जिसपर शरद पवार ने उनकी तारीफ की और कहा कि मेरे एक आग्रह पर अडानी ने 25 करोड़ का चेक दिया है। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

# कोलकाता में एक लाख से अधिक लोगों ने किया गीता पाठ

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में गीता जयंती के दूसरे दिन रविवार को एक लाख से अधिक लोगों ने गीता का पाठ किया। इस दौरान द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती के साथ हजारों साधु-संत भी मौजूद रहे। कवि नजरुल के लिखे हुए गीत- हे पार्थ सारथी बजाओ बजाओ के गायन के बाद मैदान में मौजूद करीब 70 हजार महिलाओं ने शंख ध्वनि की और करीब 60 हजार लोगों ने साथ मिलकर गीत गाए। इसके बाद गीता पाठ की शुरूआत हुई। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संस्कार भारती के कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मैदान में मौजूद लोगों ने बताया कि कोलकाता में इस तरह का नजारा पहले कभी देखने को नहीं मिला जब भगवाधारी हजारों लोग एक साथ बैठे हों और गीता पाठ कर रहे हों। महिलाएं साड़ी पहन कर आई थीं, जबकि अधिकांश पुरुष धोती-कुर्ता के पारंपरिक परिधान में मैदान में गीता पाठ कर रहे थे।





# लोकतांत्रिक 'प्रोडक्शन इकोनॉमी' मॉडल का होना जरूरी : राहुल

- फिलहाल सरकार के कुछ करीबी अमीर दोस्त आर्थिक विकास से लाभान्वित हो रहे
- पिछले कुछ महीनों में गरीबों और अमीरों के बीच वेल्थ गैप को सामने ला रहे राहुल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत की आर्थिक विकास से सरकार के केवल कुछ करीबी अमीर दोस्त लाभान्वित हो रहे हैं और एक लोकतांत्रिक 'उत्पादन अर्थव्यवस्था' मॉडल का होना जरूरी है जो उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और श्रम की गरिमा के साथ-साथ विकास सुनिश्चित कर सके। एक्स पर एक पोस्ट में, राहुल गांधी ने कहा, सार्थक रोजगार के बिना आर्थिक विकास असमानता को बढ़ावा देता है और विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में, सरकार के केवल कुछ करीबी अमीर दोस्त भारत के आर्थिक विकास से लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे आम भारतीय बेरोजगारी और प्राइस राइज से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, एक लोकतांत्रिक 'उत्पादन अर्थव्यवस्था' मॉडल न केवल विकास सुनिश्चित करता है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और श्रम की गरिमा भी सुनिश्चित करता है, जो सतत आर्थिक विकास की नींव रखता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केवल विकास मेट्रिक्स भारत को महाशक्ति का दर्जा नहीं दिलाएंगे, हमारे देश के विकास पथ में एक ठोस हिस्सेदारी के साथ गरीबी और बेरोजगारी को संबोधित करने के लिए प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, भारत के 140 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए, आर्थिक न्याय का मतलब भारत की लोकतांत्रिक उत्पादन वृद्धि की कहानी में समान अवसर और भागीदारी है। राहुल गांधी पिछले कुछ महीनों में गरीबों और अमीरों के बीच वेल्थ गैप को सामने ला रहे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे हैं।



### कांग्रेस ने मुद्रास्फीति, बेरोजगारी जैसे 'जन-केंद्रित' मुद्दों को उठाने की बनाई योजना

> कांग्रेस ने अपने पीएम पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं करने का फैसला किया

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद साल की जोरदार शुरूआत करने वाली कांग्रेस को तीन हिंदी भाषी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भारी झटका लगा। तेलंगाना ही एकमात्र सांत्वना है। इसके बाद पार्टी ने मुद्रस्फीति, बेरोजगारी व महंगाई जैसे जन मुद्दों को उठाने का निर्णय किया है। पार्टी को उम्मीद है कि वह 2024 के आम चुनावों में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर पेश कर सकती है। इस बीच, कांग्रेस अगले साल की महत्वपूर्ण लड़ाई से पहले संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कांग्रेस नेतृत्व ने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर तक ले जाने पर जोर दिया है।

### बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "देश में बेरोजगारी सबसे ज्वलंत मुद्दा है। 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है (पीएलएफएसः जुलाई 2022-जून 2023)। ग्रामीण भारत में 8.3 प्रतिशत और शहरी भारत में 13.8 प्रतिशत है। खड़गे ने कहा, देश के युवा पूछ रहे हैं कि हर साल दो करोड़ नौकरियां कहां गईं, भर्ती परीक्षा से नौकरी पाने तक का सफर इतना जटिल क्यों हो गया और एमएसएमई सेक्टर को क्यों बर्बाद कर दिया गया। करोड़ों युवाओं की नौकरियां, उनका भविष्य छीन लिया गया, क्यों? कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर सरकार की आलोचना करती रही है। कांग्रेस बेरोजगारी के अलावा महंगाई के मुद्दे पर भी सरकार पर निशाना साधती रही है।

# भारत ने हैथी उग्रवादियों पर निगरानी के लिए लाल सागर में तैनात किये 4 जहाज

### कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट त्रिशूल जहाज रखेंगे समुद्र पर नजर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने ईरान समर्थित हैथी उग्रवादियों की सिलसिलेवार आतंकी घटनाओं के बाद लाल सागर के पास भारी हथियारों से लैस अपने चार जहाज तैनात कर दिए हैं। इससे पहले नौसेना ने ड्रोन हमले के शिकार शिप केम प्लूटो को वहां से बाहर निकालकर रविवार को सुबह भारतीय तटरक्षक बल के जहाज और डोर्नियर हेलीकॉप्टरों की निगरानी में मुंबई के लिए रवाना कर दिया है। उग्रवादियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच भी शुरू कर दी है।

नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि नौसेना विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) विशेषज्ञ जहाज को साफ करने और आगे की जांच करने के लिए मुंबई पहुंचने पर एमवी केम प्लूटो पर सवार होंगे। भारतीय नौसेना सभी हितधारकों के साथ स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी कर रही है और क्षेत्र में व्यापारिक शिपिंग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नौसेना ने आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी भारतीय समुद्री एजेंसियों के साथ मौजूदा स्थिति का विवरण साझा किया है।

भारतीय नौसेना ने विध्वंसक आईएनएस कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल को लाल सागर के पास तैनात किया है। स्वदेशी आईएनएस कोच्चि राडार से बच निकलने के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें अत्याधुनिक हथियार लगाए गए हैं। यह अग्रणी सुपर सोनिक तथा जमीन से जमीन तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। आईएनएस कोलकाता भारत में अब तक तैयार किये गए युद्धपोतों में सर्वाधिक ताकतवर माना जाता है। यह भी लंबी दूरी तक भूमि से भूमि तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। मोरमुगाओ भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक जहाज का दूसरा जहाज है। फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियों से लैस है।

लाल सागर में भारतीय तट के पास दो व्यापारिक जहाजों पर ईरान समर्थित हौथी उग्रवादियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच शुरू कर दी है। नौसेना ने रविवार को अमेरिकी दावे को खारिज करके कहा है कि एमवी साईबाबा भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं है और इसके चालक दल के सभी 25 भारतीय सदस्य सुरक्षित हैं। लाल सागर में स्थितियां सामान्य होने के बाद भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में आज सुबह व्यापारी जहाज संकटग्रस्त एमवी केम प्लूटो को मुंबई के लिए रवाना किया गया है।

### पेंटागन का दावा : भारत आ रहे तेल टैंकर पर ईरानी ड्रोन से किया गया हमला



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने दावा किया है कि भारत आ रहे तेल टैंकर (जहाज) एमवी केम प्लूटो पर अरब सागर में भारतीय तट के पास ईरानी ड्रोन से हमला किया गया। इससे लाइबेरिया के झंडे लगे इस जहाज के एक हिस्से में आग लग गई। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में वेरावल से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किलोमीटर) दूर दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में इस जहाज पर ईरान से आए ड्रोन ने हमला किया। इसके कारण आग लगी। पेंटागन ने कहा है कि यह 2021 के बाद से वाणिज्यिक शिपिंग पर सातवां ईरानी हमला है।

# भारत में कोविड-19 के 646 नए मामले, एक मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में एक बार फिर कोविड-19 के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिल शुरू हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में रविवार को बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 656 नये केस दर्ज किए गए और एक व्यक्ति की मौत हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में कुल 656 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ देश में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 3,742 हो गई है। सबसे अधिक 128 मामले केरल से सामने आए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 96 केस दर्ज किए गए हैं। केंद्र और राज्यों ने नये जेएन.1 कोविड वैरिएंट पर चिंता जताई है। इस नए वैरिएंट के मामले सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि सिंगापुर और इंग्लैंड जैसे अन्य देशों में भी पाए गए हैं।

### कोविड-19 से खसरा, ब्रेन डिसऑर्डर का खतरा बढ़ा

**लखनऊ।** चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 और 2022 के बीच, खसरे का टीकाकरण नहीं हुआ, जिस कारण खसरा और सबस्यूट स्केलेरोजिंग पैनेंसेफलाइटिस का खतरा बढ़ गया है। न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आरके गर्ग ने शनिवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा एसएसपीई पर आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में कहा, "एसएसपीई एक दुर्लभ लेकिन प्रगतिशील मस्तिष्क विकार है जो मुख्य रूप से उन बच्चों और युवा वयस्कों को प्रभावित करता है जिन्हें (शैशवावस्था के दौरान) खसरा हुआ था।

**गलत सूचना का प्रसार** | हानिकारक यूजर आधार-बॉट्स का प्रचलन मुख्य कारण

# 50 प्रतिशत यूजर्स छोड़ सकते हैं सोशल मीडिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2025 तक 50 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता सोशल मीडिया को या तो छोड़ देंगे या इसका उपयोग सीमित कर देंगे। इसका कारण गलत सूचना का प्रसार, हानिकारक यूजर आधार और बॉट्स का प्रचलन है। गार्टनर के एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं का मानना है कि सोशल मीडिया की वर्तमान स्थिति पिछले साल या पांच साल पहले की तुलना में खराब हो गई है।





सोशल मीडिया में अपेक्षित जेनएआई उपयोग के प्रभाव के बारे में चिंता अधिक है और 10 में से 7 से अधिक उपभोक्ता इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया में जेनएआई के अधिक एकीकरण से यूजर्स अनुभव को नुकसान होगा। गार्टनर मार्केटिंग प्रैक्टिस के वरिष्ठ प्रमुख शोधकर्ता एमिली वीस ने कहा, डिजिटल मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया टॉप निवेश चैनल बना हुआ है, लेकिन उपभोक्ता एक्टिव रूप से इसके उपयोग को सीमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह कहता है कि कुछ साल पहले की तुलना में वे अपनी खुद की लाइफ और कंटेंट को कम साझा कर रहे हैं। जैसे-जैसे सोशल मीडिया के उपयोग का प्रकृति और प्लेटफॉर्म का अनुभव बदलता है, सीएमओ को प्रतिक्रिया में अपने ग्राहक अधिग्रहण और वफादारी प्रतिधारण रणनीतियों पर फिर से ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता में विश्वास की कमी कुछ उपभोक्ताओं को एआई-मुक्त ब्रांड और इंटरैक्शन की तलाश करने के लिए प्रेरित करेगी। ब्रांडों का एक उपवर्ग एआई को छोड़ देगा और अधिक मानवीय स्थिति को प्राथमिकता देगा।

साल 2028 तक ब्रांडों के ऑर्गेनिक सर्च ट्रैफिक में 50 प्रतिशत या उससे अधिक की कमी आएगी क्योंकि उपभोक्ता जेनरेटिव एआई-संचालित सर्च को अपनाएंगे। सर्च इंजनों में जेनएआई को तेजी से अपनाने से बिक्री बढ़ाने के लिए जैविक सर्च का उपयोग करने की सीएमओ की क्षमता में काफी बाधा आएगी। एमिली वीस ने कहा, सीएमओ को उस व्यवधान के लिए तैयार रहना चाहिए जो जेनएआई-समर्थित सर्च उनकी जैविक सर्च रणनीतियों में लाएगी।

फिल्म जगत

# मुंबई पुलिस के कार्यक्रम उमंग में फिल्मी सितारों का जमावड़ा



**मुंबई पुलिस** के वार्षिक कार्यक्रम 'उमंग' में फिल्मी सितारों का जमावड़ा रहा। इस कार्यक्रम में शाहरुख खान, सलमान खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, बॉबी देओल, रणबीर कपूर जैसे कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों की उपस्थिति देखी गई। 'उमंग' मुंबई पुलिस कल्याण कोष की एक पहल है, जो हर साल आयोजित की जाती है। समारोह में शाहरुख खान पूरे स्वैग के साथ प्रवेश करते हुए नजर आए, उन्होंने काले रंग का फॉर्मल सूट पहना हुआ था और उसके साथ सफेद शर्ट पहनी हुई थी। उन्होंने अपने बालों को छोटी पोनीटेल में बांधा था और ब्लैक सनग्लासेस के साथ लुक को पूरा किया। बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान ने काला सूट और नेवी ब्लू शर्ट पहनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में 'टाइगर' स्टार को गायिका उषा उथुप को गले लगाते हुए दिखाया गया है। सफेद और लाल रंग के फ्लोरल पैंट सूट सेट में आलिया बेहद खूबसूरत लग रही थीं।